

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 | बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकार...

सशक्त स्थायी समिति सदस्य एवं समाजसेवी... | 09



वर्ष : 14 | अंक : 109 | पटना, मंगलवार, 28 जुलाई, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## मुख्यमंत्री नालंदा में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले दही एवं लस्सी प्लांट एवं सुधा कैफेटेरिया का किया शिलान्यास

# प्रतिदिन1 करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन का लक्ष्य, सुधा बनेगा अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड : सम्राट

- बोलें-दुग्ध क्षेत्र में नई क्रांति से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बिहार की मजबूत नींव रखी जाएगी

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को नालंदा स्थित बिहारशरीफ डेयरी परियोजना परिसर में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले दही एवं लस्सी प्लांट, कॉम्फेड द्वारा संचालित एचपीसीएल पेट्रोल पंप एवं सुधा कैफेटेरिया का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने 300 खुदरा विक्रेताओं के बीच डीप फ्रीजर वितरित किए साथ ही पशु उठाव एवं परिवहन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा पशुपालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ स्थित सुधा डेयरी प्लांट का निरीक्षण भी किया।

**दुग्ध क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा बिहार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा की धरती ऐतिहासिक है। अखंड भारत में राजगीर मगध साम्राज्य की राजधानी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के सपने को पूरा करना है। दुग्ध क्षेत्र में नई क्रांति से समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बिहार की मजबूत नींव रखी जाएगी। बिहार में दुग्ध क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रतिदिन 1 करोड़ लीटर दुग्ध का उत्पादन करना है। इसके लिए पशुपालकों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण, उन्नत नस्ल, पशु स्वास्थ्य सुविधाएं तथा मजबूत डेयरी अवसंरचना उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले दही एवं लस्सी प्लांट की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी।




**सभी प्रखंडों बनेंगे में प्रधानमंत्री पशु जन औषधि केन्द्रः** मुख्यमंत्री ने कहा कि बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिये अलग से फेडरेशन बनेगा। बकरी के दुग्ध उत्पादन को फेडरेशन से जोड़कर उसके संग्रहण, प्रसंस्करण एवं विपणन की व्यवस्था विकसित की जाएगी। बकरी पालन से जुड़े लाखों ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं की आय में वृद्धि होगी साथ दुग्ध क्षेत्र का दायरा और व्यापक होगा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आधार मिलेगा। जीविका दीदियां बकरी पालन के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नालंदा को बिहार का प्रमुख दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी प्रोसेसिंग केंद्र बनाया जाएगा। आधुनिक प्रसंस्करण इकाइयों, शीत श्रृंखला, विपणन नेटवर्क और नई परियोजनाओं के माध्यम से नालंदा को डेयरी उद्योग का महत्वपूर्ण हब विकसित किया जाएगा। हमारी सरकार मनुष्य के साथ-साथ पशु की भी चिंता कर रही है। पशु अगर किसी दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो पशु उठाव वाहन की मदद से उसे शीघ्र ही इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा सकेगी। राज्य के प्रत्येक प्रखंड में प्रधानमंत्री पशु जन औषधि केन्द्र स्थापित किये जायेंगे ताकि पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पशु औषधियां उपलब्ध हो सके। सभी प्रखंडों में पशु की दवा उपलब्ध कराने को लेकर 1000 केंद्र बनेगा।

### 6 मुख्य बिंदु :-

- भारत के कुल दुग्ध उत्पादन में बिहार का हिस्सा 25 प्रतिशत है
- बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिये अलग से फेडरेशन बनेगा

### राज्य में 200 जगहों पर खुलेगा सुधा का नया आउटलेट

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार का लक्ष्य केवल राज्य में दुग्ध एवं उसके उत्पादों की जरूरतों को पूरा करना ही नही है बल्कि सुधा ब्रांड को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है। गुणवत्ता, आधुनिक तकनीक, मूल्य संवर्द्धन और निर्यात क्षमता को बढ़ाकर बिहार के दुग्ध उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाया जाएगा। भारत के कुल दुग्ध उत्पादन में बिहार का हिस्सा 25 प्रतिशत है। बिहार में 2500 नई समितियां को गठन किया गया है। 200 जगहों पर सुधा का नया आउटलेट खोला जाना है जिनमें से 88 के लिए स्थान का चयन हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी गांवों में उपलब्ध सरकारी जमीन पर ग्रामीण हाट लगाया जाएगा, जिसमें दूध, सब्जी और मछली की बिक्री होगी। पिछले 6-7 महीने में करीब 2000 दुग्ध उत्पादन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज शुरू की गई परियोजनाएं राज्य में श्वेत क्रांति को नई गति देंगी, लाखों पशुपालकों की आय बढ़ाएंगी तथा विकसित और समृद्ध बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# बिहार सरकार का बड़ा फैसला: प्रदर्शनकारी जल्द होंगे रिहा, दर्ज एफआईआर होगी वापस

- भविष्य में भी नहीं होगी कोई कार्रवाई, विशेष सचिव ने जारी किया आदेश

प्रात : किरण

पटना। नीट यूजी रीक्षा में कथित अनियमितताओं, उच्च शिक्षा क्षेत्र में सुधार और जवाबदेही की मांग को लेकर पूरे बिहार में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। गृह विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 26 जुलाई की शाम 6 बजे से पहले राज्यभर में दर्ज सभी एफआईआर, आपराधिक शिकायतें और कारण बताओ नोटिस वापस लिए जाएंगे। साथ ही, हिरासत में लिए गए या गिरफ्तार किए गए सभी प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करने के आदेश दिये गए हैं। गृह विभाग, बिहार सरकार द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार ने आंदोलन में शामिल छात्रों और आम लोगों के खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक या बदले की भावना से की जाने वाली कानूनी कार्रवाई न करने का भरोसा दिया है। यह राहत उन सभी प्रदर्शनकारियों को दी जाएगी, जो 26 जुलाई 2026 की शाम 6:00 बजे से पहले आयोजित प्रदर्शनों का हिस्सा थे। प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी एफआईआर और दर्ज केस वापस होंगे। गृह विभाग ने स्पष्ट किया है कि 26 जुलाई 2026 की शाम 6 बजे से पहले राज्यभर में विरोध प्रदर्शनों के कारण दर्ज की गई सभी प्रथम सूचना रिपोर्ट, आपराधिक शिकायतों और जारी किए गए शो-कॉज (कारण बताओ) नोटिस को वापस लेने की कानूनी प्रक्रिया तुरंत प्रभाव से शुरू कर दी जाएगी। सरकार के इस कदम से उन हजारों छात्रों और युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी, जिन पर प्रदर्शनों के दौरान कानूनी मुकदमे दर्ज किए गए थे।



**तत्काल प्रभाव से रिहा करने का आदेशः** प्रेस विज्ञप्ति में सबसे महत्वपूर्ण आश्वासन गिरफ्तारियों को लेकर दिया गया है। 26 जुलाई 2026 को शाम 6 बजे से पहले दर्ज मामलों के सिलसिले में जितने भी व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है या हिरासत में लिया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से रिहा करने का आदेश दिया गया है। गृह विभाग का यह निर्देश राज्य के सभी जिलों में लागू होगा ताकि किसी भी बेकसूर छात्र या नागरिक को जेल में न रहना पड़े।

**भविष्य में भी नहीं होगी कोई कार्रवाईः** सरकार ने प्रेस विज्ञप्ति के अंत में यह भी साफ किया है कि 26 जुलाई 2026 को शाम 6 बजे से पहले के मामलों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ भविष्य में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। गृह विभाग के विशेष सचिव, क्षत्रनील सिंह के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश के बाद परीक्षा में धांधली के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों और युवाओं को पूर्ण विधिक सुरक्षा मिल गई है।

**राज्य में आंदोलन के दौरान 694 लोग लिए गए हिरासत में:** पटना। विभिन्न छात्र संगठनों और रजनीतिक दल समर्थित छात्र संगठनों या छात्रों या युवाओं के स्तर से विभिन्न मुद्दों को लेकर 25 जुलाई को राज्यव्यापी आंदोलन किया गया था। इस दौरान किए गए धरना-प्रदर्शन और जुलूस के दौरान कई जिलों में विधि-व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी। इसके मद्देनजर राज्यभर में 694 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसमें 339 नाबालिग एवं छात्रों को सत्यापन के बाद मुक्त कर दिया गया। हिंसक घटनाओं में शामिल 355 लोगों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से इससे संबंधित विज्ञप्ति जारी कर विस्तृत जानकारी साझा की गई है। इन हिंसक घटनाओं में 91 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए हैं। हिंसक घटनाओं में सीवान एवं सीतामढ़ी के एसपी के अलावा 2 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भी जख्मी हुए। कई थाना प्रभारियों के सिर फट गए। पटना में गांधी मैदान थाना प्रभारी को गंभीर चोट लगी। 14 सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हुए और 1 को आग के हवाले कर दिया गया। 13 आम लोगों को भी चोटें आई हैं। सारण में हुई घटना में प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। उनकी एक आंख खराब हो गई है। 25 जुलाई के आंदोलन के दौरान सिवान के जेपी चौक के पास बंद समर्थकों ने पुलिस वालों को घेर लिया।

### एके-47 से हवाई फायरिंग करने वाला एसआईटी जवान निलंबित

सीवान। नीट पेपर लीक मामले को लेकर बिहार बंद के दौरान सीवान में हुए हिंसक प्रदर्शन के बीच एके-47 से हवाई फायरिंग करने वाले पुलिस जवान को निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस मुख्यालय ने विशेष जांच दल में तैनात जवान अभिषेक पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल, 25 जुलाई को गांधी मैदान और जेपी चौक के आसपास छात्र प्रदर्शन उस समय हिंसक हो गया, जब प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर पथराव किया, बैरिकेडिंग तोड़ दी और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक पुलिस जवान भीड़ के बीच एके-47 से हवाई फायरिंग करता दिखाई दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने वायरल वीडियो की जांच कराई। प्रारंभिक जांच के बाद एसआईटी में तैनात जवान अभिषेक पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि मामले की विभागीय जांच जारी है और उसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हिंसा में सीवान के पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा समेत करीब 40 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। एसपी के पैर में चोट लगी, जबकि कई अन्य पुलिसकर्मी और ड्यूटी पर तैनात पत्रकार भी पथराव में घायल हुए। पुलिस का दावा है कि उपद्रवियों ने पथराव के साथ पुलिस पर फायरिंग भी की थी, जिसके बाद हालात पर काबू पाने के लिए आवश्यक बल प्रयोग किया गया। घटना के सिलसिले में पुलिस अब तक 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।



- वायरल वीडियो के बाद पुलिस मुख्यालय की कार्वाई

## शांतिपूर्ण विरोध संवैधानिक अधिकार, सिर्फ़ आंदोलन के आधार पर लाठीचार्ज सही नहीं: सीजेआई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण और न्यायसंगत प्रदर्शन संविधान के तहत सुरक्षित हैं और केवल विरोध-प्रदर्शन लाठीचार्ज का आधार नहीं हो सकता है। उन्होंने ये मौखिक टिप्पणियां तब कीं जब न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना वाली बेंच देश में नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस बल के अत्यधिक उपयोग का आरोप लगाने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने विरोध-प्रदर्शन के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों को भी कार्यवाही में शामिल होने की इजाजत दी।

न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने कहा कि पुलिसकर्मियों और छात्रों, दोनों का घायल होना समान रूप से चिंताजनक है और उन्होंने सरकार से यह बताने को कहा कि पुलिस को हेलमेट जैसे जरूरी सुरक्षा उपकरण क्यों नहीं दिए गए थे। पीठ मंगलवार को सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कथित ज्यादतियों का मामला तत्काल सुनवाई के लिए उठाया था। इससे पहले, 22 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले पर एक अभ्यावेदन पर विचार करने से इनकार कर दिया था और बाद में स्पष्ट किया था कि उस समय शीर्ष अदालत के समक्ष कोई विधिवत याचिका दायर नहीं की गई थी।



### छात्रों पर एके-47 चलाने पर विपक्ष ने गृह मंत्री से मांगा जवाब

नई दिल्ली। इस बीच मामला राजनीतिक रूप से भी तूल पकड़ चुका है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा, पूरा सिस्टम छात्रों के खिलाफ पूरी तरह से जानलेवा है। संसद के मॉनसून सत्र में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में एक पुलिसकर्मी द्वारा प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर एके-47 चलाने पर जवाब मांगा है। सांसदों ने कहा कि इस तरह छात्रों के साथ सख्ती करना गलत है और इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ इस तरह के हथियारों का इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रदर्शनकारी आतंकवादी थे, जो उनके खिलाफ बंदूकें और एके-47 जैसी हथियारों की जरूरत पड़ी। छात्रों के आंदोलन को दबाने के लिए अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### री-एग्जाम के बाद तनाव में दो नीट अभ्यर्थियों की मौत

नई दिल्ली। महाराष्ट्र और गुजरात से दो नीट अभ्यर्थियों की मौत की खबर सामने आने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं के दबाव और विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों छात्र री-एग्जाम के बाद मानसिक तनाव से गुजर रहे थे। पुलिस को घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट में डॉक्टर बनने का सपना अधूरा रह जाने और परीक्षा से जुड़े दबाव का उल्लेख होने की बात सामने आई है। दोनों मामलों की पुलिस अलग-अलग जांच कर रही है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए पारिवारिक सहयोग, नियमित काउंसलिंग और भावनात्मक समर्थन बेहद जरूरी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई छात्र तनाव या अवसाद के लक्षण महसूस कर रहा हो तो उसे समय पर विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध कराई जाए। पुलिस ने भी स्पष्ट किया है कि दोनों मामलों की जांच सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है।

### देश की 33 विधानसभाओं ने अपनाया नेवा, 21 बनीं पूरी तरह डिजिटलः केंद्र सरकार

नई दिल्ली। संसदीय मामलों के राज्य मंत्री एल मुरुगन ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि 37 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश विधानसभाओं में से 33 ने नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन को लागू करने के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए मुरुगन ने कहा, इनमें से 21 विधानसभाओं को एनईवीए प्रोजेक्ट के तहत डिजिटल विधानसभाओं में बदला गया है। राज्य मंत्री ने कहा कि संसद के दोनों सदनों का डिजिटलीकरण एनईवीए प्रोजेक्ट के दायरे में नहीं आता है। उन्होंने कहा कि एनईवीए ने सदन के कामकाज की इलेक्ट्रॉनिक प्रोसेसिंग को संभव बनाकर विधाई कामकाज की दक्षता में सुधार किया है। राज्य मंत्री ने कहा कि इसने कागज आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भरता कम की है, विधाई कामकाज की तेजी से प्रोसेसिंग और जानकारी फैलाने में मदद की है, विधाई जानकारी तक पहुंच को बेहतर बनाया है और दस्तावेजों की छपाई, रखरखाव और स्टोरेज में लागत की बचत की है। नीति आयोग ने एनईवी, अन्य बातों के अलावा, यह पाया गया कि एनईवीए ने कागज के इस्तेमाल को कम किया है और विधाई कामकाज के तरीकों (वर्कफ्लो) में सुधार किया है।

## श्रीराम मंदिर चढ़ावा मामला : सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी से दो हफ्ते में मांगी स्टेटस रिपोर्ट

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की कथित चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिकाओं पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) से दो सप्ताह के भीतर स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अब इस मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले की जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि एसआईटी में एक अनुभवी चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ-साथ एक फोरेंसिक ऑडिटर या फोरेंसिक विशेषज्ञ को भी शामिल किया जाए, ताकि वित्तीय लेनदेन और रिकॉर्ड की गहन जांच की जा सके। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस सुझाव पर सहमति जताई। याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कामत ने अदालत को बताया कि देशभर से श्रद्धालु मंदिर में 100, 500 और हजारों रुपए का दान देते हैं। इन सभी चंदों का पूरा विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए और ट्रस्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होना चाहिए, ताकि दान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि अदालत का उद्देश्य केवल औपचारिक जांच नहीं, बल्कि तथ्यों पर आधारित प्रभावी और विश्वसनीय जांच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि वित्तीय मामलों की प्रकृति को देखते हुए फोरेंसिक विशेषज्ञ की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।



**प्रतियोगिता** | 5 से 12 सितंबर तक पटना और राजगीर में होंगी 22 खेलों की प्रतियोगिताएं, हजारों खिलाड़ी दिखाएंगे अपना दम

# बिहार में शुरू होने जा रहा खेलों का महाकुंभ, 5 सितंबर से होगा बिहार राज्य खेल-2026 का आगाज

- 16 अगस्त को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से निकलेगा मशाल यात्रा

प्रात : किरण

पटना। राज्य में 5 से 12 सितंबर तक पटना और राजगीर के विश्वस्तरीय खेल परिसरों में बिहार राज्य खेल-2026 का आयोजन होगा। बिहार ओलंपिक एसोसिएशन (बीओए) और बिहार सरकार के खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार इसका आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के लगभग 5 हजार खिलाड़ी (महिला एवं पुर्ष) भाग लेंगे। इसकी जानकारी शुक्रवार को बिहार ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अजय कुमार ने पटना के लेमन-ट्री होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि हजारों खिलाड़ियों की भागीदारी वाला यह आयोजन बिहार के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बहु-खेल महाकुंभ होगा। इसका शुभारंभ 16 अगस्त को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से शुभारंभ समारोह और मशाल यात्रा (टॉर्च रिले) के साथ होगा। 5 सितंबर को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं 5 से 12 सितंबर तक पटना और नालंदा (राजगीर) के विश्वस्तरीय खेल परिसरों में खेली जाएंगी, जबकि 12 सितंबर को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रंगारंग समापन समारोह के साथ खेलों का समापन होगा।




**22 खेल प्रतिस्पधाओं का होगा आयोजनः** बिहार राज्य खेल-2026 में कुल 22 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। पटना में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, साइक्लिंग, शूटिंग, वुशु, योगासन और ताइक्वांडो की स्पर्धाएं होगी। वहीं, राजगीर स्थित बिहार खेल अकादमी में हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, तैराकी, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, बास्केटबॉल, फेंसिंग, रग्बी और फुटबॉल की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें 2 और खेलों पेंटाथलॉन व बॉलिंग को शामिल करने पर बात चल रही है। व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में 22 खेल विधाओं में राज्य के शीर्ष 8 टीमें भाग लेंगी।

**पहली बार हो रहा आयोजनः** यह पहला अवसर होगा जब बिहार ओलंपिक एसोसिएशन के नेतृत्व में इतने बड़े स्तर पर राज्य स्तरीय बहुखेल आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य राज्य के हर जिले से उभर रही खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराना, जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को मजबूत करना तथा ऐसे खिलाड़ियों को तैयार करना है जो भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार और देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य खेल-2026 केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि बिहार में खेल उत्कृष्टता की नई शुरूआत है। यह आयोजन राज्य के हर जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता साबित करने का समान अवसर देगा और बिहार में मजबूत खेल संस्कृति के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस आयोजन को साकार करने में सहयोग के लिए बिहार सरकार, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण का आभार भी व्यक्त करता हूं। मौके पर बिहार ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव श्री प्रदीप कुमार भी मौजूद थे।

# आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए एम्स पटना में तीन दिवसीय मास कैजुअल्टी मैनेजमेंट प्रशिक्षण शुरू

प्रातः किरण संवाददाता



पटना,आपदा और सामूहिक जनहानि (मास कैजुअल्टी) जैसी आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एम्स पटना में सोमवार को तीन दिवसीय मास कैजुअल्टी मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में बिहार के प्रमुख सरकारी चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी भाग ले रहे हैं।

इस कार्यक्रम का आयोजन एम्स पटना द्वारा जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर (जेपीएनएटीसी), एम्स नई दिल्ली के आपातकालीन चिकित्सा विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के सहयोग से किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में एम्स पटना, पीएमसीएच, एनएमसीएच, एएनएमएमसीएच, गया तथा आईजीआईएमएस, पटना के स्वास्थ्यकर्मी भाग ले रहे हैं।

बिहार देश के सबसे अधिक आपदा प्रभावित राज्यों में से एक है। राज्य का बड़ा हिस्सा हर वर्ष बाढ़ की चपेट में आता है जबकि कई जिले भूकंप संभावित क्षेत्रों में भी शामिल हैं। ऐसे में अस्पतालों की आपदा तैयारी, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों और बेहतर समन्वय की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को हॉस्पिटल डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान, इंसिडेंट कमांड सिस्टम, ट्रायेज, क्षमता प्रबंधन, आपातकालीन संचार व्यवस्था, संसाधनों का बेहतर उपयोग, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय, निकासी (इवैक्यूएशन) योजना तथा आपदा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही सिमुलेशन आधारित अभ्यास, टेबलटॉप एक्सरसाइज और मॉक ड्रिल के माध्यम से वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करने का अभ्यास भी कराया जाएगा।

यह प्रशिक्षण प्रो. संजीव भोई, विभागाध्यक्ष, आपातकालीन चिकित्सा विभाग, जेपीएनएटीसी, एम्स नई दिल्ली के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन डॉ. श्रीशा नायक, फैकल्टी, जेपीएनएटीसी, एम्स नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है।

एम्स पटना की ओर से डॉ. अनिल कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ट्रॉमा सर्जरी विभाग, डॉ. आरुणि राहुल तथा नर्सिंग विभाग के डीएनएस इरशाद खान सहित कई लोग शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. दिवेंदु भूषण, विभागाध्यक्ष, आपातकालीन चिकित्सा विभाग, एम्स पटना कर रहे हैं। इस अवसर पर एम्स पटना के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह तथा डीन (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) पुनम प्रसाद भदानी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, एम्स पटना ने कहा कि आपदाएं कभी भी आ सकती हैं इसलिए अस्पतालों को हर समय तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं के साथ साथ प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, नियमित मॉक ड्रिल, स्पष्ट कार्ययोजना और बेहतर समन्वय किसी भी आपदा के दौरान प्रभावी उपचार और अधिक से अधिक लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, आपदा प्रबंधन की क्षमता बढ़ाने और बिहार में एक प्रशिक्षित एवं आपदा के लिए सदैव तैयार स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## ऊर्जा सचिव ने सभी विद्युत परिसंपत्तियों की सतत निगरानी एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के दिए महत्वपूर्ण निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में विद्युत अवसंरचना की सुरक्षा एवं विद्युत उपकरणों की चोरी/क्षति की घटनाओं की समीक्षा के उपरांत ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड (इरढलउछ) अजय यादव (भा.प्र.से.) ने सोमवार को सभी संबंधित अधिकारियों को विद्युत परिसंपत्तियों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

समीक्षा में पाया गया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली के तार, वितरण ट्रांसफॉर्मर, मीटर एवं अन्य विद्युत उपकरणों की चोरी एवं क्षति की घटनाएं बढ़ी है। इन घटनाओं से न केवल बिजली कंपनियों को आर्थिक क्षति हो रही है, बल्कि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

ऊर्जा सचिव ने निर्देश दिया है कि सभी विद्युत संरचनाओं, ग्रिड सब-स्टेशनों, विद्युत उपकेंद्रों, फीडरों एवं अन्य महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिला प्रशासन एवं पुलिस के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर विद्युत उपकरणों की क्षति एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

उन्होंने संवेदनशील एवं संदिग्ध क्षेत्रों की विशेष निगरानी करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि यदि किसी प्रमंडल, अवर प्रमंडल, ग्रिड उपकेंद्र अथवा विद्युत शक्ति उपकेंद्र के क्षेत्राधिकार में विद्युत उपकरणों की चोरी अथवा क्षति की घटना की रोकथाम में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता एवं अन्य संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### इंडियन आइडल सीजन 16 की विजेता बनीं ज्योतिर्मयी नायक

पटना : सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के इंडियन आइडल सीजन 16 ने ज्योतिर्मयी नायक को इस सीजन की विजेता घोषित किया है। ओडिशा से ताल्लुक रखने वाली ज्योतिर्मयी ने सैयाँ ओ सैयाँ गीत पर दिल छू लेने वाला प्रदर्शन दिया। उनका सफर शानदार जीत के साथ समाप्त हुआ, जहाँ उन्होंने फाइनलिस्ट अंशिका चोंकर, मनराज वीर सिंह, माइसक्मे बोसु, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला को पीछे छोड़ते हुए भारत की नई गायन सनसनी के रूप में अपनी पहचान बनाई। अपने इंडियन आइडल सफर के दौरान ज्योतिर्मयी ने अपनी प्रस्तुतियों से जजों, मेहमानों और दर्शकों का दिल जीत लिया। ह्यओ जब तक है जान जाने जहाँ मैं नाचूँगी पर उनकी मधुर प्रस्तुति ने दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी को खड़े होकर तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं ह्यजाने क्यों लोग मोहब्बत किया करते हैं गीत ने लीना चंदावरकर को भावुक कर दिया और उन्होंने इच्छा जताई कि यह प्रतिष्ठित गीत ज्योतिर्मयी की आवाज में सुनना चाहेंगी। ज्योतिर्मयी नायक ओडिया संगीत जगत की एक जानी-मानी गायिका भी हैं। इंडियन आइडल मंच पर कदम रखने से पहले उन्होंने कैंसर रोगियों को म्यूज़िक थैरेपी के जरिए संबल देने के लिए खुद को समर्पित किया था। स्टार-स्टडेड ग्रैंड फिनाले को और भी यादगार बना दिया जज श्रेया घोषाल और बादशाह की मौजूदगी ने। साथ ही संगीत जगत के दिग्गज और विशेष मेहमान उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर ने अपनी मौजूदगी और प्रस्तुतियों से इस शाम की भव्यता को और बढ़ा दिया। ज्योतिर्मयी नायक, इंडियन आइडल सीजन 16 की विजेता, ने कहा, ह्लइंडियन आइडल सीजन 16 जीतना मेरे लिए बिल्कुल अविश्वसनीय है। ऑडिशन में सिर्फ.एक सपना लेकर आई थी और आज विजेता बनकर खड़ी हूँ। यह सफर मेरी ज़िंदगी बदल देने वाला रहा। हर प्रस्तुति ने मुझे बेहतर गायक, कलाकार और इंसान बनाया और मैं हमेशा इस अनुभव को संजोकर रखूँगी। मैं सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और फ्रेमांटल की बेहद आभारी हूँ जिन्होंने मुझे यह शानदार मंच दिया और मुझे कलाकार के रूप में निखारने में मदद की।

### एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 के उत्कृष्ट प्रतिभाओं और व्यवसायियों का हुआ किया गया सम्मान

पटना। राजधानी पटना के होटल पनाश में आरएफएम प्रोडक्शन हाउस द्वारा आयोजित भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह एक शाम बिहार के नाम झ एशिया पैसिफिक एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सफल उद्यमियों, व्यवसायियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, समाजसेवियों, कलाकारों, मीडिया प्रतिनिधियों, स्टार्टअप संस्थापकों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके उत्कृष्ट कार्यों और समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।समारोह का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड और मनोरंजन जगत की चर्चित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर, मुश्ताक खान, शाहबाज खान, अभिनेत्री रितु शिवपुरी, हरियाणवी फिल्म अभिनेत्री अंजलि राघव तथा प्रसिद्ध जादूगर अजीत ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी कलाकारों ने सम्मानित प्रतिभाओं को बधाई दिया। कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले लोगों को सम्मानित करना है ।

# गयाजी के दिग्गज नेता मनोज गुप्ता और हाजीपुर के अशोक गुप्ता भाजपा में हुए शामिल





■ प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और मंत्री नीतीश मिश्रा की मौजूदगी में ली सदस्यता, समर्थकों में भारी उत्साह

अभय आर्या

पटनाः गयाजी नगर निगम के वार्ड पार्षद एवं स्थायी समिति के सदस्य मनोज कुमार उर्फ मनोज गुप्ता और हाजीपुर के अशोक गुप्ता ने औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पटना में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान उनके साथ हजारों की संख्या में समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थामा। पिछले पांच दशकों से गयाजी की स्थानीय राजनीति–पंचायत स्तर से लेकर नगर निगम तक–में अपना दबदबा रखने वाले मनोज गुप्ता एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। इससे पूर्व वह किसी भी राजनीतिक दल के सदस्य नहीं रहे हैं। गयाजी नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव में भी उनकी मुख्य भूमिका रही है।तो वही अशोक कुमार गुप्ता ने हाजीपुर में समाजसेवी के रूप में हाजीपुर के जनता के हर समस्या और सुख दुख का साथी बने रहे।

इस सदस्यता ग्रहण समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और मंत्री नीतीश मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा गयाजी भाजपा के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।भाजपा में शामिल होने के बाद मनोज गुप्ता ने कहा कि मैं भाजपा की जनहितैषी नीतियों और विकास कार्यों में विश्वास रखते हुए पार्टी में शामिल हुआ हूँ। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी के नेतृत्व में अपने समर्थकों के साथ मिलकर पार्टी और समाज के हित में निरंतर कार्य करूँगा।

# व्यापारिक राजनीति करने वाले को स्वीकार नहीं करेगी बाँकीपुर की जनता :ऋतुराज सिन्हा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने सोमवार को बांकीपुर चुनाव प्रचार के संदर्भ में आयोजित जनसभा में जन सुराज के मुख्य सूत्रधार प्रशांत किशोर पर बड़ा राजनीतिक हमला बोला और उनकी नीयत पर गंभीर सवाल खड़े किए।उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति खुद को बिहार का हितैषी, नीति नियंता और माटी का लाल बताता है, उसकी असल आर्थिक निष्ठा और योगदान बिहार के बजाय दूसरे राज्यों के साथ है।

प्रशांत किशोर अपनी कंपनियों का करोड़ों रुपये का टैक्स उत्तर प्रदेश और अन्य पड़ोसी राज्यों में जमा करते हैं। वे वित्तीय लाभ बाहरी राज्यों को पहुंचाते हैं, लेकिन राजनीतिक रोटियां सेकने और जनता को गुमराह करने के लिए उन्हें सिर्फ चुनाव के वक्त बिहार की याद आती है। जब वे बिहार के खजाने में एक रुपया भी टैक्स नहीं देते, तो उन्हें बिहार के विकास, शिक्षा या रोजगार पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर का यह पूरा अभियान पूरी तरह से प्रायोजित और राज्य की जनता के साथ एक बड़ा छलावा है। वे केवल एक राजनीतिक प्रयोग करने और समाज में भ्रम फैलाने के उद्देश्य से बिहार में सक्रिय हैं। बिहार की जनता अब जागरूक हो चुकी है और वह काम करने वालों तथा केवल चुनावी सलाहकार के बीच का अंतर को अच्छी तरह समझती है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने दिन-रात मेहनत करके बिहार को बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर निकाला है, जबकि प्रशांत किशोर जैसे लोग केवल बयानबाजी कर राज्य की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सीधी चुनौती देते हुए कहा कि ह्लप्रशांत किशोर बिहार की जनता को धोखा देना बंद करें और पहले सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करें कि उनका वित्तीय और व्यापारिक लगाव उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से क्यों है। बिहार की स्वाभिमानी जनता ऐसे बाहरी और व्यापारिक राजनीति करने वाले चेहरों को कभी स्वीकार नहीं करेगी, जिनके हित कहीं और और बातें कहीं और की होती हैं।

# आपसी समन्वय एवं सहयोग से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न करावें चुनावः प्रेक्षक

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आपसी समन्वय एवं सहयोग से उक्त चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करावें। पुलिस प्रेक्षक राकेश अग्रवाल ने बाँकीपुर विधान सभा उप चुनाव से जुड़े कोषांगों के नोडल पदाधिकारी तथा पुलिस एवं केन्द्रीय बलों के पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय में आयोजित बैठक में उक्त बातें कहीं। उन्होंने बताया कि सभी 422 बूथों पर केन्द्रीय सशस्त्र बल तैनात रहेंगे। उन्होंने केन्द्रीय बलों एवं जिला बलों को साथ मिलकर पूरे क्षेत्र में फ्लैग मार्च का निर्देश दिया जिससे कि लोग भयमुक्त माहौल में बढ़-चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

### रात्रि में बूथों पर ही रूकेंगे मतदान कर्मी

सामान्य प्रेक्षक श्री शिव सहाय अवस्थी ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि बाँकीपुर विधान सभा उप चुनाव में प्रतिनियुक्त मतदान पदाधिकारी रात्रि में अपने-अपने बूथों पर ही रहें जिससे कि सुबह में मतदान का कार्य समय पर बिना किसी बाधा के शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट से मॉकपोल करते समय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का पूरी तरह से पालन किया जाये। इस चुनाव में दो बैलेट यूनिट का प्रयोग होना है, इस लिये इन्हे कनेक्ट करने सबको आये इसे अवश्य सुनिश्चित किया जाये। जहाँ एक ही जगह कई बूथ हों वहाँ मतदाताओं की लाईन लगाने के लिये फैसिलिटेटर भी जरूर रहे। मतदान के बाद ई.वी.एम. आसानी से एवं सुरक्षित जमा हो, इसे भी सुनिश्चित किया जाये।

### चुनावी खर्च पर रखें पैनी नजर

व्यय प्रेक्षक श्री शिव प्रताप सिंह ने सभी सम्बंधितों से कहा कि वे अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव कार्य में किये जा रहे खर्च पर पैनी नजर रखें एवं व्यय कोषांग को स्पष्टता से रिपोर्ट करें।

### चुनाव कार्य के दौरान निष्पक्ष रहें और अपने आचरण-व्यवहार से निष्पक्ष दिखें भी : डीएम

जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने मतदान से जुड़े सभी पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव कार्य के दौरान निष्पक्ष रहें एवं अपने आचरण व्यवहार से निष्पक्ष दिखे भी। सेक्टर आफिसरों से उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि मतदान कर्मियों के ठहरने से लेकर खाने-पीने तक की सुविधा बूथों पर ही उपलब्ध रहे। मतदान के लिये सामग्री प्राप्त करने से वोटिंग बाद जमा करने तक की अवधि में कहीं अन्यत्र न रूकें। चलंत बूथों को पूरी तरह वाटर प्रूफ बनायें एवं वहाँ भी सभी तरह की सुविधा उपलब्ध रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बूथों पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने हैं। सभी बूथों की लाईव वेबकास्टिंग होगी। यदि किसी बूथ के पास जल जमाव की स्थिति हो तो नगर निगम से कहा गया कि वे जल निकासी की उचित व्यवस्था कर लें। जिला पदाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा कि यदि किसी बूथ को ई.वी.एम. में कोई समस्या आती है तो ई.वी.एम. बदलने से लेकर जमा करने तक के कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि चुनाव सम्बंधी किसी भी सामग्री के लाने-ले जाने की पूरी वीडियोग्राफी हो। सभी लोग सतर्क रह कर काम करें। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनरों की प्रतिनियुक्ति का लोकेशन इस प्रकार रहे कि वे किसी भी बूथ पर तुरंत पहुँच सके। जिलाधिकारी ने सभी बूथों पर मतदाता हेल्पडेस्क की व्यवस्था भी करने को कहा। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के. शर्मा ने सुरक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुये कहा कि पुलिस पदाधिकारी, केन्द्रीय बल एवं मतदान दल के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर काम करें एवं इस चुनाव को पूरी पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करावें। बैठक में बाँकीपुर विधान सभा उप चुनाव के निवार्ची पदाधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी आदि थे।

# महिला उद्यमी सम्मान समारोह एसीएफएल में 15 प्रेरणादायी महिला उद्यमियों को किया सम्मानित




प्रातः किरण संवाददाता

पटना । आदि चित्रगुप्त फाइनेंस लिमिटेड द्वारा महिला उद्यमिता और आर्थिक आत्मनिर्भरता को समर्पित तीन दिवसीय ह्यमहिला उद्यमी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम 25 जुलाई को पर्ल पैलेस, मीठापुर, 26 जुलाई को विद्यापति भवन तथा 27 जुलाई को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन, कदमकुआँ में आयोजित हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन में एसीएफएल से जुड़ी कुल 15 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक दिन पाँच ऐसी महिला उद्यमियों का अभिनंदन किया गया, जिन्होंने सीमित संसाधनों और छोटे वित्तीय सहयोग से अपना व्यवसाय प्रारम्भकिया तथा निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और अनुशासन के बल पर उसे लाभकारी एवं रोजगारपरक उद्यम के रूप में विकसित किया। इनमें से कई महिला उद्यमी आज न केवल अपने परिवार की आर्थिक आधारशिला बन चुकी हैं, बल्कि अपने क्षेत्र की अन्य महिलाओं को रोजगार देकर सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण का माध्यम भी बन रही हैं। महिला उद्यमियों का स्वागत करते हुए एसीएफएल के संस्थापक, निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ज्ञान मोहन ने उनके परिश्रम, साहस और संस्था पर जताए गए विश्वास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन उद्यमियों ने न केवल अपने परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत किया है, बल्कि समाज में सम्मानजनक पहचान बनाकर राष्ट्र निर्माण में भी योगदान दिया है।

ज्ञान मोहन ने महिला सशक्तीकरण का वास्तविक अर्थ आर्थिक निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास और वित्तीय अनुशासन बताया।

अपने बैंकिंग अनुभव साझा करते हुए उन्होंने महिलाओं से आय-व्यय का लेखा रखने, नियमित बचत करने और वित्तीय साक्षरता को व्यवसाय का अनिवार्य हिस्सा बनाने का आग्रह किया।

वहीं निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि संस्था की स्थापना पाँच लाख महिला उद्यमियों तक पहुँचने के उद्देश्य से की गई थी और अब तक एसीएफएल तीन लाख से अधिक महिलाओं तक सफलतापूर्वक पहुँच चुका है। उन्होंने कहा कि बिहार के अनेक पुरुष रोजगार के लिए अपने जिले अथवा राज्य से बाहर रहते हैं।

## श्रावणी मेला के अवसर पर 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

हाजीपुरःश्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा 12 जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

1.गाड़ी सं. 05597/05598 जयनगर-आसनसोल-जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल (मधुबनी-दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-किउल-झाझा-जसीडीह के रास्ते ) (सप्ताह में तीन दिन) :- गाड़ी सं. 05597 जयनगर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 31.07.2026 से 30.08.2026 तक सप्ताह में तीन दिन - मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को जयनगर से 21.00 बजे खुलकर अगले दिन 07.42 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 11.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05598 आसनसोल-जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल 01.08.2026 से 31.08.2026 तक सप्ताह में तीन दिन - बुधवार, शनिवार एवं सोमवार को आसनसोल से 13.00 बजे खुलकर 14.30 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.00 बजे जयनगर पहुंचेगी ।

2.गाड़ी सं. 05545/05546 रक्सौल-देवघर-रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल (सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी-किउल-जमालपुर-भागलपुर के रास्ते ) (सप्ताह में तीन दिन) :- गाड़ी सं. 05545 रक्सौल-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 31.07.2026 से 30.08.2026 तक सप्ताह में तीन दिन - रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को रक्सौल से 00.30 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए उसी दिन 17.05 बजे देवघर पहुंचेगी ।वापसी में, गाड़ी सं. 05546 देवघर-रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल 31.07.2026 से 30.08.2026 तक सप्ताह में तीन दिन - रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को देवघर से 18.05 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 11.40 बजे रक्सौल पहुंचेगी ।

3.गाड़ी सं. 05573/05574 राघोपुर-देवघर-राघोपुर श्रावणी मेला स्पेशल (सुपौल-सहरसा-मानसी-खगड़िया-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते ) (प्रतिदिन) - गाड़ी सं. 05573 राघोपुर-देवघर स्पेशल 28.07.2026 से 31.08.2026 तक प्रतिदिन राघोपुर से 02.50 बजे खुलकर 03.03 बजे सरायगढ़, 03.38 बजे सुपौल, 04.30 बजे सहरसा, 05.00 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 05.50 बजे मानसी, 06.00 बजे खगड़िया, 06.18 बजे सबदलपुर, 06.40 बजे मुंगेर, 07.48 बजे सुलतानगंज, 08.30 बजे भागलपुर रूकते हुए 11.20 बजे देवघर पहुंचेगी ।वापसी में गाड़ी सं. 05574 देवघर-राघोपुर स्पेशल 28.07.2026 से 31.08.2026 तक प्रतिदिन देवघर से 11.35 बजे खुलकर 14.20 बजे भागलपुर, 14.55 बजे सुलतानगंज, 16.25 बजे मुंगेर, 17.25 बजे सबदलपुर, 17.50 बजे खगड़िया, 18.16 बजे मानसी, 18.53 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 20.40 बजे सहरसा, 21.26 बजे सुपौल, 22.15 बजे सरायगढ़ रूकते हुए 22.50 बजे राघोपुर पहुंचेगी । 4.गाड़ी सं. 03236/03235 दानापुर-साहिबगंज-दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल (प्रत्येक रविवार को) - मोकामा-किउल-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते दानापुर और साहिबगंज के बीच एक जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल (साप्ताहिक) 03236/03235 दानापुर-साहिबगंज-दानापुर स्पेशल का 02.08.2026 से 30.08.2026 तक प्रत्येक रविवार को परिचालन किया जायेगा । यह स्पेशल गाडी सं. 13236/13235 दानापुर-साहिबगंज-दानापुर इंटरसिटी के समय एवं ठहराव के अनुसार परिचालित की जाएगी । 5.गाड़ी सं. 03297/03298 पटना-इसलामपुर-पटना श्रावणी मेला स्पेशल - (सप्ताह में तीन दिन) - गाड़ी सं. 03297 पटना-इसलामपुर श्रावणी मेला स्पेशल दिनांक 26.07.2026 से 29.09.2026 तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार को पटना जं. से 16.10 बजे प्रस्थान कर 16.17 बजे राजेन्द्रनगर, 16.31 बजे पटना साहिब, 16.55 बजे फतुहा, 17.13 बजे दनियावां बाजार हॉल्ट, 17.38 बजे हिलसा, 17.53 बजे एकंगरसराय स्टेशनों पर रुकते हुए 19.00 बजे इसलामपुर पहुंचेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 03298 इसलामपुर-पटना श्रावणी मेला स्पेशल दिनांक 27.07.2026 से 30.09.2026 तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं सोमवार को इसलामपुर से 07.45 बजे खुलकर 07.55 बजे एकंगरसराय, 08.09 बजे हिलसा, 08.35 बजे दनियावां बाजार हॉल्ट, 08.56 बजे फतुहा, 09.12 बजे पटना साहिब, 09.25 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 11.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी । 6.गाड़ी सं. 03001/03002 हावड़ा-नटेसर-हावड़ा श्रावणी मेला स्पेशल - (सप्ताह में तीन दिन) (आसनसोल-जसीडीह-झाझा-किउल-शेखपुरा-अस्थावां-बिहार शरीफ-राजगीर के रास्ते) ।

# रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी का 36वाँ इंस्टॉलेशन समारोह सम्पन्न

■ सत्र 2026- 27 के लिए नई कार्यकारिणी का हुआ गठन, 15 नए सदस्य मनोनीत

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जिले के होटल चाणक्या में सोमवार को रोटरी क्लब ऑफ पटना सिटी का इंस्टालेशन एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आफिसियल क्लब विजिट समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग, असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन वीपी सिंह, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पंकज किशोर सिंह, रोटेरियन राजेश बल्लभ, रोटेरियन अनंत अरोड़ा, सचिव रोटेरियन रव्यांशु प्रीत, पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन बीएम. प्रसाद एवं पूर्व सचिव रोटेरियन विष्णु झुनझुनबाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात बच्चों ने स्वागत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी । रोटेरियन राजेश बल्लभ ने स्वागत भाषण वहीं रोटेरियन अनंत अरोड़ा ने रोटरी इंटरनेशनल की वर्ष 2026झ27 की थीम ह्यक्रिएट लास्टिंग इम्पैक्टह्ल पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर वर्ष 2026झ27 के लिए क्लब की नई कार्यकारिणी का औपचारिक गठन किया गया तथा 15 नए सदस्यों का रोटरी परिवार में विधिवत इंडक्शन किया गया। सचिव रव्यांशु प्रीत ने आने बाले वर्ष में अपनी योजनाओं की चर्चा की । वहीं क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पंकज किशोर सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में वर्ष 2026झ27 के लिए क्लब की दृष्टि, सेवा योजनाओं एवं भावी कार्ययोजना को विस्तार से प्रस्तुत करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, युवा सशक्तिकरण तथा सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में प्रभावी एवं स्थायी कार्य करने का संकल्प दोहराया।

असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन वी.पी. सिंह ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए नई टीम को शुभकामनाएँ दीं। अंत में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग ने अपने प्रेरक उद्बोधन में रोटरी की सेवा भावना, नेतृत्व एवं थीम के अनुरूप समाज में स्थायी परिवर्तन लाने का संदेश दिया तथा क्लब की भावी योजनाओं की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन ऋचा सिंह व धन्यवाद ज्ञापन रोटेरियन शशि शेखर रस्तोगी ने किया। मौके पर रोटेरियन राजेश बल्लभ, रोटेरियन अनंत अरोड़ा, जगन्नाथ कुमार, अमित कुमार सिंह, रोटेरियन बीएम प्रसाद, रोटेरियन विष्णु झुनझुनबाला, रोटेरियन राज कुमार राजन, रोटेरियन डॉ. अद्वैत कृष्ण, रोटेरियन विजय कुमार यादव, रोटेरियन कृष्ण कुमार यादव, रोटेरियन रवि प्रीत, रोटेरियन डॉ. अजय प्रकाश, रोटेरियन अमित सिंह, रोटेरियन कवि सैनी, रो.आशीष कसेरा, रोटेरियन अरविंद मेहता, रोटेरियन रुचि अरोड़ा, रोटेरियन रेबा बल्लभ, रोटेरियन सविता प्रीत, रोटेरियन नीरज कृष्ण तथा रोटेरियन मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन्स एवं अतिथि उपस्थित रहे।

# बिहार के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकार दे रही हर संभव मदद : श्रवण

- बिहार के तेजी से उभरते हॉकी खिलाड़ी सावन कुमार ने अंडर-18 यूथ हॉकी एशिया कप 2026 में बेस्ट गोलकीपर और प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच अवार्ड किया अपने नाम

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के माननीय मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने बिहार के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सावन कुमार को सम्मानित किया है। मंत्री श्रवण कुमार ने सूचना भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के गोलकीपर सावन कुमार के सम्मानित किया। बिहार निवासी सावन कुमार ने हाल ही में ओमान की राजधानी मस्कट में 20 से 25 जुलाई 2026 तक आयोजित अंडर-18 यूथ हॉकी एशिया कप-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और बिहार का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन और समर्थन देने में पूरी तरह संकल्पित है। खिलाड़ियों को हर संभव मदद दी जा रही है, ताकि वे अपना पूरा ध्यान खेल पर केंद्रित कर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बेस्ट गोलकीपर तथा प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। फाइनल मैच में भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले सावन कुमार ने जापान में आयोजित एशियन हॉकी टूर्नामेंट (अंडर-18) में शानदार खेल दिखाते हुए भारत को गोल्ड मेडल दिलाया था। मंत्री श्री श्रवण कुमार ने बताया कि सावन कुमार का दिसंबर में होने वाले अंडर-18 हॉकी विश्व कप के लिए भी चयन हो चुका है। वे बिहार से चयनित होने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं, जो पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना के तहत खिलाड़ियों को सालाना 20 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करती है। साथ ही आधुनिक खेल मैदानों, उपकरणों और अन्य सुविधाओं का भी निरंतर विकास किया जा रहा है। गांव-गांव से प्रतिभाओं को खोजने और निखारने का काम भी सरकार सक्रिय रूप से कर रही है। इन सभी कोशिशों का सफल नतीजा खिलाड़ियों के प्रदर्शन में दिख रहा है। सम्मान कार्यक्रम में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (बीएसएसए) के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रन शंकरण समेत अन्य उपस्थित थे।

## नीतीश कुमार ने माँ काली बखोरापुर वाली मंदिर में की पूजा-अर्चना

- राज्य की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार ने सोमवार को भोजपुर स्थित श्री माँ काली बखोरापुर वाली मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती कर माँ काली का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने बिहार की सुख-समृद्धि, शांति, सामाजिक सौहार्द एवं समस्त प्रदेशवासियों के कल्याण की मंगलकामना की। श्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार निरंतर विकास, सामाजिक समरसता और जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ता रहे तथा प्रदेश का प्रत्येक नागरिक सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन व्यतीत करे, यही उनकी प्रार्थना है। इस अवसर पर विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उप-नेता ललन कुमार सर्राफ, मंत्री व जगदीशपुर विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, संदेश विधायक राधाचरण सेठ के साथ बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकत्रा एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे, नीतीश कुमार ने सबसे संवाद किया और स्थानीय विकास- कार्यो से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

### बांकीपुर चुनाव प्रचार-अभियान की लगातार कर रहे समीक्षा

पटना। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बांकीपुर उपचुनाव के बाद ही दिल्ली जाएंगे। इस दौरान पटना में रहकर वे चुनाव-अभियान की लगातार समीक्षा कर रहे हैं और नेताओं को बुलाकर जरूरी निर्देश दे रहे हैं। 7, सर्कुलर रोड स्थित आवास पर पार्टी के कई नेताओं ने नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ मौजूद रहे। उनसे मिलने वालों में मंत्री अशोक चैधरी, मंत्री शीला मंडल, डॉ अमरदीप एवं मो. इरशादुल्लाह प्रमुख हैं। नीतीश कुमार ने नेताओं से कहा कि चुनाव-अभियान में कोई कसर ना रहे। एनडीए के सभी घटक दल एकजुट होकर काम करें। श्री नीतीश कुमार ने आज स्पष्ट किया कि वे बांकीपुर उपचुनाव का मतदान सम्पन्न होने के बाद ही संसद के मौजूदा सत्र में शामिल होने हेतु दिल्ली जाएंगे।

# राजद के पूर्व सांसद अर्जुन राय, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी विमल शुक्ला ने थामा भाजपा का दामन

- मोदी और सम्राट चौधरी के नेतृत्व पर बढ़ा भरोसा, विपक्ष में भगदड़ की स्थिति : सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज आयोजित मिलन समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े कई प्रमुख नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नए सदस्यों का पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सीतामढ़ी के पूर्व सांसद डॉ. अर्जुन राय, कांग्रेस के सुरसंड विधानसभा से पूर्व प्रत्याशी एवं सीतामढ़ी के पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला, औराई प्रमुख साकेत सुमन, रूनी सैदपुर से कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी मोनी गुप्ता, गया के वार्ड पार्षद मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष गिरी, पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विकास एन. भारती अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इसके अलावा सामाजिक कार्यकर्ता एवं बांकीपुर विधानसभा से प्रत्याशी रहे सिकंदर कुमार कुशवाहा (जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा के समर्थन की घोषणा की), कुढ़नी विधानसभा के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार गुप्ता, पूर्व मेयर प्रत्याशी कुसुम लता वर्मा, पैक्स अध्यक्ष सुधीर प्रसाद भी आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। इनके साथ बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की लोकप्रियता के कारण अन्य दलों में लगातार भगदड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न दलों के अच्छे और समर्पित कार्यकताओं को अब वहां घुटन महसूस हो रही है, इसलिए वे भाजपा की विचारधारा पर विश्वास जताते हुए पार्टी से जुड़ रहे हैं। मिलन समारोह में बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा, विधायक बैद्यनाथ प्रसाद, रत्नेश कुशवाहा, गायत्री देवी, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी अमित प्रकाश बबलू तथा प्रभात मालाकार सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदर्शन के दौरान पहले कभी एके-47 का इस्तेमाल नहीं हुआ : तेजस्वी

- पुलिसकर्मी को सस्पेंड किए जाने को महज दिखावटी कार्रवाई बताया

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को सिवान जिले में 25 जुलाई को बिहार बंद के विरोध-प्रदर्शन के दौरान एके-47 से कथित तौर पर गोली चलाने के मामले में एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड किए जाने को महज दिखावटी कार्रवाई बताया और इस घटना के लिए राज्य सरकार से जवाबदेही की मांग की। तेजस्वी यादव ने कहा, यह कोई बड़ी कार्रवाई नहीं है। यह बस दिखावे के लिए किया गया काम है। देश भर में ऐसे बड़े-बड़े विरोध प्रदर्शन हुए हैं, लेकिन किसी भी प्रदर्शन के दौरान पहले कभी एके-47 का इस्तेमाल नहीं हुआ। अगर वे वीडियो फुटेज देखें, तो उन्हें दिखेगा कि एके-47 सीधे छात्रों की ओर तानी गई थी। सस्पेंशन सिर्फ एक सांकेतिक कार्रवाई है।

असली सवाल यह है कि किसके आदेश पर यह कार्रवाई की गई? राज्य प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसपी) जवाबदेह है या नहीं? क्या गृह मंत्रालय और मुख्यमंत्री जिम्मेदार नहीं हैं? वे चुप क्यों हैं? जब दिल्ली में यह समझौता हुआ था कि छात्रों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, तो किस आधार पर यह कार्रवाई की गई? बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए राजद के नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की छवि पहले से ही अपराध से जुड़ी रही है और अब वे पुलिस की गुंडागर्दी वाली छवि बनाने की कोशिश कर रहे हैं। गृह मंत्रालय को यह साफ करना चाहिए कि कितने छात्रों को हिरासत में लिया गया है, उन्हें किन पुलिस स्टेशनों में रखा गया है और उनके खिलाफ बल का इस्तेमाल क्यों किया गया। एक पुलिसकर्मी के खिलाफ की गई कार्रवाई सिर्फ दिखावा है। एक अधिकारी को सस्पेंड करके वे उन सीनियर अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं जिन्होंने कथित तौर पर गोली चलाने का आदेश दिया था। किसानों के विरोध-प्रदर्शन से तुलना करते हुए उन्होंने दावा किया कि सरकार उसी तरह छात्रों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। कहा कि पुलिस छात्रों पर गोलियां चला रही है। मैं उन छात्रों से मिला हूं। भीड़ को काबू करने के तय तरीके हैं, लेकिन क्या आप सीधे छात्रों पर गोली चला देंगे? अगर पेपर लीक और घोटाले होते रहेंगे, तो क्या लोग सड़कों पर नहीं उतरेंगे? क्या यही लोकतंत्र है?

### बांकीपुर उपचुनाव में संवैधानिक प्रावधानों का खुला उल्लंघन, चुनाव आयोग मौन : गगन



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जिला प्रशासन द्वारा संवैधानिक प्रावधानों का खुलेआम धज्जियां उड़ाए जाने के बावजूद चुनाव आयोग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के नाम पर एनयूएलएम, जीवीका दीदी और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित करने के आड़ में भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने का जिम्मेदारी दिया गया है। इतना हीं नहीं मतदान के दिन भी इन्हें मतदाताओं को घरों से मतदान केन्द्र लाकर मतदान सुनिश्चित कराना है। जबकि संविधान की धारा 324 एवं रिप्रजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट 1951 के अनुसार स्पष्ट प्रावधान है कि किसी भी गैर सरकारी व्यक्ति या एजेंसी को चुनावी कार्य में इस्तेमाल पूर्णतः गैर संवैधानिक है।

### मीराबाई चानू, राजा मुथुपंडी और वैभव सूर्यवंशी को सभापति ने दी शुभकामनाएं

पटना। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने ग्लासगो में चल रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत की स्टार वेटलिफ्टर और ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू के गोल्ड और राजा मुथुपंडी को सिल्वर मेडल जीतने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है। साथ ही उन्होंने भारत के युवा प्रतिभावान क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को जिंबॉब्वे के साथ दो मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में अपने बेहतरीन बल्लेबाजी से प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने पर बधाई। वैभव ने अपने असाधारण प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया है। उन्होंने बिहार के साथ साथ पूरे राष्ट्र का मान बढ़ाया है।

### आंदोलन समाप्ति के बाद भी छात्रों की गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूण : भाई अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार और छात्रों के बीच हुए समझौते के बाद छात्र आंदोलन समाप्ति की घोषणा कर दी गई है तो भी बिहार पुलिस छात्रों को ढूंढ ढूंढ कर गिरफ्तार कर रही है जिससे भारतीय जनता पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा जग जाहिर हो रहा है। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी जी का बात बिहार के मुख्यमंत्री नहीं मान रहे हैं जो की दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतांत्रिक परंपराओं का घोर उल्लंघन है। भारतीय जनता पार्टी के लोग धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा को हजम नहीं कर पा रहे हैं और छात्रों पर खीझ उतार रहे हैं।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने डीजीपी को लिखा पत्र, गिरफ्तार छात्रों की रिहाई की उठाई मांग

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने बिहार के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर छात्र आंदोलन के दौरान हो रहे पुलिसिया दमन तथा सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हुए हमले के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। राजेश राम ने अपने पत्र में कहा कि नीट पेपर लीक मामले को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों को पुलिस द्वारा जबरन मुकदमों में फँसाकर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि सभी गिरफ्तार छात्रों को अविलंब एवं बिना शर्त रिहा किया जाए। साथ ही आंदोलन में अपनी आवाज उठाने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के गिरफ्तार छात्र नेताओं की भी तत्काल रिहाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र, युवा, कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं के घरों पर प्रतिदिन पुलिस द्वारा छापेमारी कर भय का माहौल बनाया जा रहा है।

## छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने से पीछे हट रही है भाजपा सरकार : नेहा

- बेउर जेल में गिरफ्तार साथियों से माले नेताओं की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ठएएळ पेपर लीक के खिलाफ चले ऐतिहासिक छात्र आंदोलन की प्रमुख नेता का. नेहा बोरा ने पटना पहुंचकर कहा कि बिहार सरकार छात्र आंदोलन के बाद हुए समझौते से पीछे हट रही है। सरकार ने आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने का भरोसा दिया था, लेकिन इसके उलट पूरे बिहार में आंदोलनकारी छात्रों, छात्र नेताओं और विपक्षी कार्यकताओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यह न केवल समझौते का उल्लंघन है, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर भी सीधा हमला है। उन्होंने सरकार से मांग की कि समझौते का सम्मान करते हुए छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमे बिना शर्त तत्काल वापस लिए जाएं तथा गिरफ्तार सभी छात्रों और छात्र नेताओं को न्याय दिलाया जाए। भाकपा माले नेताओं को भी चुन-चुनकर निशाना बना रही है। सिवान और छपरा सहित कई जिलों में माले नेताओं पर राजनीतिक दुर्भावना से मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जीरादेई के पूर्व विधायक अमरजीत कुशवाहा, विधायक दल के पूर्व नेता महबूब आलम और विधायक जूही महबूबा तक को मुकदमों में घसीटना सरकार की बदले की राजनीति का प्रमाण है।

इस दौरान नेहा बोरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से मुलाकात कर छात्रों, छात्र नेताओं और आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने, गिरफ्तार महिला एक्टिविस्टों की अविलंब रिहाई सुनिश्चित करने तथा पुलिस दमन की घटनाओं की समीक्षा करने की मांग की। इसके पहले भाकपा माले विधायक अरुण सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बेउर केंद्रीय कारा पहुंचकर गिरफ्तार साथियों पालीगंज विधायक संदीप सौरभ, आइसा राज्य अध्यक्ष धनंजय, राज्य सचिव दीपंकर मिश्रा, उपाध्यक्ष सबा आफरीन, मीडिया प्रभारी दिव्यम के अलावा तेजप्रताप यादव और शांतनु शेखर से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें आंदोलन के प्रति व्यापक जनसमर्थन की जानकारी दी।

नेताओं ने विश्वास दिलाया कि उनकी रिहाई और मुकदमों की वापसी तक संघर्ष जारी रहेगा। नेहा बोरा ने घोषणा की कि यदि सरकार मुकदमे वापस लेने और दमन की नीति समाप्त करने की दिशा में तत्काल कदम नहीं उठाती है, तो 30 जुलाई को पूरे बिहार में राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस आयोजित किया जाएगा।

### भाजपा हमलावरों पर एफआईआर नहीं, उल्टे कांग्रेस नेताओं को बनाया गया अभियुक्त : कांग्रेस

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं कांग्रेस नेता करुणा सागर तथा प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने बिहार पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस कानून के शासन के बजाय सत्ताधारी दल के हितों की रक्षा में लगी हुई है। करुणा सागर ने कहा कि जिसने हमारे कार्यालय पर हमला किया, जिसने हमारे नेताओं और कार्यकताओं को मारा-पीटा, पुलिस उसी के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई 2026 को भारतीय जनता पार्टी के लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से लैस कार्यकताओं ने बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पर सुनियोजित हमला किया। इस हमले में कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता घायल हुए तथा कई वाहनों को क्षति पहुंचाई गई। इसके बावजूद पटना पुलिस ने कांग्रेस द्वारा दिए गए आवेदन पर अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इन नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय हमलावर पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया और उसमें बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू सहित कई कांग्रेस नेताओं को अभियुक्त बना दिया। हमारे ही कार्यालय पर हमला हुआ और मुकदमा भी हम पर ही दर्ज कर दिया गया। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं, बल्कि तानाशाही का उदाहरण है। संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस नेता प्रेमचंद सिंह, नदीम अंसारी, सामंत प्रधान मौजूद थे।

## बांकीपुर उपचुनाव : चिराग पासवान भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे

- तीन प्रमुख स्थलों पर करेंगे जनसभाओं को संबोधित

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। श्री चिराग पासवान बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में लोहानीपुर, बेला चांदपुर और दुजरा सहित तीन जनसभाओं को संबोधित कर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में जनता से समर्थन एवं भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करेंगे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों में उत्साह है। पार्टी पूरी मजबूती के साथ एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क अभियान में जुटी हुई है। उक्त आशय की जानकारी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता निशांत मिश्रा उर्फ निश्चय ने दी।

### छात्रों और युवाओं के ऊपर हो रहे कानूनी कार्रवाई पर रोक लगाए सरकार: भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा है कि पूरे बिहार में छात्र-नौजवान आंदोलन में शामिल हुए छात्र-नौजवान पर की जा रही कानूनी कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। आंदोलनकारियों पर से प्राथमिकी वापस लेने के बजाय पूरे राज्य में पुलिस छात्रों पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई कर रही है और छात्रों को जेल में डाल रही है। सिवान में छात्रों पर एके 47 से फायरिंग की गयी। एके 47 से की गयी फायरिंग पुलिस मैन्युअल का खुला उलंघन है। इसके बावजूद आंदोलनकारियों के संबन्ध में सारण के डीआईजी और सिवान के एसपी ने भ्रामक बयान दिया है। लखीसराय में छात्र-नौजवान आंदोलन में शामिल एआईवाईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रौशन कुमार सिन्हा पर पुलिस द्वारा झूठा एफआईआर दर्ज किया गया जिसे तत्काल सरकार वापस ले। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रतिनिधियों और सीजीपी के बीच हुए समझौता में सरकार ने दिल्ली और अन्य भाजपा शासित राज्यों में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सभी प्राथमिकी वापस लेने पर सहमति जताई है।

# नालंदा डेयरी में बनेगा 20 एमटी प्रतिदिन क्षमता वाला दही-लस्सी प्लांट, मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

- नए प्लांट की स्थापना के बाद नालंदा डेयरी बड़े मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले पैकेज्ड दही और लस्सी का करेगी उत्पादन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार में डेयरी क्षेत्र को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को बिहारशरीफ स्थित नालंदा डेयरी के 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले अत्याधुनिक दही-लस्सी प्लांट का शिलान्यास किया है। लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्लांट के शुरू होने के बाद नालंदा डेयरी में प्रतिदिन 20 मीट्रिक टन अतिरिक्त दही का उत्पादन संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नालंदा डेयरी के बिहारशरीफ डेयरी प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर इसके विकास के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस नए प्लांट की स्थापना से नालंदा डेयरी में बड़े स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले पैकेज्ड दही और लस्सी का उत्पादन किया जाएगा। वर्तमान में यहां दही और लस्सी के उत्पादन के लिए अलग समर्पित प्लांट नहीं है, जिसके कारण शादी-विवाह और होली, छठ तथा दीपावली जैसे त्योहारों के दौरान बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए दूसरे जिलों की डेयरियों पर निर्भर रहना पड़ता है। नए प्लांट के चालू होने से यह निर्भरता समाप्त होगी, स्थानीय स्तर पर दूध का मूल्यवर्धन होगा और दुग्ध उत्पादकों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। डेयरी विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना बिहार सरकार और कॉम्फेड की उस नीति को मजबूती देगी, जिसके तहत दूध का केवल विपणन ही नहीं, बल्कि उसका मूल्यवर्धन कर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। स्थानीय उत्पादन बढ़ने से परिवहन लागत कम होगी, सप्लाई चेन मजबूत होगी और उपभोक्ताओं को अधिक ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण सुधा उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे।

**हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया गया रवाना:** इस मौके पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 8 पशु उठाव एवं परिवहन वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन राज्य के आठ विभागीय प्रमंडलों में तैनात रहेंगे और 24 घंटे पशु सेवा उपलब्ध कराएंगे। प्रत्येक वाहन में चालक, पशु चिकित्सक और पशु के लिए अलग-अलग केबिन, ऑटोमैटिक हाइड्रोलिक सिस्टम तथा 1500 किलोग्राम तक के भारी-भरकम पशुओं को सुरक्षित ढंग से ले जाने की सुविधा उपलब्ध है। प्रति वाहन की लागत लगभग 38 लाख रुपये है। पशुपालक पशुपालन विभाग के टोल-फ्री नंबर 1962 पर संपर्क कर इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

### नालंदा डेयरी : आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण की एक प्रमुख इकाई

बिहारशरीफ स्थित नालंदा डेयरी बिहार राज्य दुग्ध सहकारी महासंघ लिमिटेड (कॉम्फेड) की एक अत्याधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण इकाई है, जो सुधा ब्रांड के तहत गुणवत्तापूर्ण दूध एवं दुग्ध उत्पादों का उत्पादन और विपणन करती है। कॉम्फेड को भारत का प्रथम सीएएस प्रमाणित संगठन होने का गौरव प्राप्त है। लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में स्थापित इस डेयरी का शुभारंभ 16 जनवरी 2014 को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के तकनीकी सहयोग एवं परामर्श से किया गया था। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी शुरूआत की थी। पटना से करीब 70 किलोमीटर दूर स्थित इस परियोजना की स्वीकृत लागत लगभग 120 करोड़ 93 लाख रुपये थी। नालंदा डेयरी में 4 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला पूर्णतः स्वचालित तरल दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित है। यहां छह मिल्क साइलो और 20 हजार लीटर प्रति घंटा क्षमता वाले दो पाश्चुरीकरण संयंत्र कार्यरत हैं। इसके अलावा 30 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता वाले दुग्ध पाउडर संयंत्र में स्किम्ड मिल्क पाउडर, होल मिल्क पाउडर और डेयरी व्हाइटनर का उत्पादन किया जाता है। डेयरी में अत्याधुनिक यूएचटी एवं टेट्रा पैक तकनीक के माध्यम से दूध उत्पादों की पैकेजिंग की जाती है, जिससे उत्पादों को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां बटर, घी और आइसक्रीम उत्पादन के लिए भी आधुनिक संयंत्र स्थापित हैं, जिनकी उत्पादन क्षमता क्रमशः 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन, 5 किलोलीटर प्रति घंटा और 20 हजार लीटर प्रतिदिन है। नालंदा, शेखपुरा और नवादा जिलों में फैले दुग्ध संग्रहण नेटवर्क के माध्यम से डेयरी प्रतिदिन औसतन 88 हजार लीटर से अधिक दूध संग्रहित करती है। डेयरी के ताजा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति स्थानीय क्षेत्रों में, जबकि यूएचटी उत्पादों का विपणन बिहार, झारखंड और पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न राज्यों में किया जाता है।

### बिहार के युवाओं को डिजिटल क्रिएटिव उद्योग में मिलेगा नया मंच

पटना। बिहार के युवाओं को एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, ग्राफिक डिजाइन, यूआई/यूएक्स और डिजिटल मीडिया जैसे उभरते क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए शानदार शुरूआत आज पटना में की गयी है। इसके तहत आज पटना में रिलायंस एनीमेशन अकादमी का शुभारंभ किया गया, जो बिहार की पहली रिलायंस एनीमेशन अकादमी का संचालन एफके मीडिया एंड प्रोडक्शन्स द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा, उद्योग और मीडिया जगत से जुड़े लोगों के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी आधारित क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और ऐसे में इस प्रकार की संस्थाएं युवाओं के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें



## संक्षिप्त खबरें

### विकास कार्यो को गति देना हमारी पहली प्राथमिकता : नगरपंचायत प्रशासन

मधुबनी। जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित नगरपंचायत के सभा कक्ष में सोमवार को मुख्य पार्षद कैलाश पासवान की अध्यक्षता में कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार और उप मुख्य पार्षद माला देवी समेत वार्ड पार्षदों के साथ नगर पंचायत जयनगर बोर्ड की सामान्य बैठक आयोजित हुई। गत बैठक की सम्पुष्टि प्रदान करते हुए बैठक में 14 एजेंडा विकास कार्यो समेत अन्य मुद्दों पर विस्तृत रुप से चर्चा करते हुए कई एजेंडों के प्रस्तावों विकास कार्यो योजनाओं पर सहमति प्रदान की गई। क्षेत्र के वार्ड संख्या एक में प्रोफेसर उदय सिंह के आवास से पुरुषोत्तम गुप्ता के आवास तक पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण, वार्ड सात में कुबेर साह के घर से स्वर्गीय नरेश मंडल के घर तक पेवर ब्लॉक निर्माण तथा वार्ड छः में उत्तीम भवन से अजय लाल कर्ण के घर तक पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से कराने पर विचार किया गया। वार्ड दस में अकलू पेंटर के घर से नूरजहां खातून के घर तक पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण राज्य योजना मद से कराने, वार्ड नौ में अमरजीत पूर्वे के घर से मुख्य सड़क तक पीसीसी सड़क एवं नाला निर्माण कराने और वार्ड संख्या नौ में ही पवन भगत के घर से विश्वनाथ नायक के घर के समीप तक नाला पर ढक्कन निर्माण कराने की सहमति दी गई।बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र में कचरा निस्तारण के लिए भूमि चिन्हित कर भू-स्वामी से एकरारनामा करने, नगर क्षेत्र की सड़कों का वर्गीकरण करने, वार्ड दस में खराब बोरिंग के स्थान पर नई बोरिंग कराने, सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट के निदेशों के आलोक में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने तथा होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस एवं अन्य करों की वसूली एनजीओ के माध्यम से कराने का निर्णय लिया गया।साथ ही कचरा डंपिंग स्थल की दूरी को देखते हुए सफाई व्यवस्था के लिए अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराने तथा वार्ड चार और छः एवं दस व चौदह के जलजमाव वाले स्थानों पर सड़क को मोटरेबल बनाने के प्रस्तावों पर विचार कर स्वीकृति प्रदान समेत अन्य विकास कार्यो को गति देना शामिल रहा। बैठक में सभी पार्षदों ने नगर क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रस्तावित योजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने पर बल दिया।

### निर्वाचन साक्षरता क्लब के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

मनीगाछी(दरभंगा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रखण्ड के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सोमवार को निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखण्ड क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नरोत्तमपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बी डी ओ संदीप कुमार पाण्डेय ने लोकतंत्र की सफलता में निर्वाचकों की भूमिका, मतदान प्रक्रिया का संचालन तथा नये मतदाता के रूप में पंजीकरण आदि विषयों पर चर्चा करते हुए बताया कि लोकतंत्र में शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए सभी पात्र व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने हेतु प्रपत्र 6 को निश्चित रूप से बी एल ओ के माध्यम से भरें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों का मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कराने में निर्वाचन साक्षरता क्लब की भूमिका विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार साफी,जवाहर प्रसाद,आशुतोष नाथ ठाकुर, पुरूषोत्तम कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक, शिक्षिका, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 70 मैक्स

मोटोरोला ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन मोटोरोला एज 70 मैक्स लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन स्नैपड्रैगन 8 जेन 5 प्रोसेसर, 7100एमएच सिलिकॉन-कार्बन बैटरी, सेगमेंट के इकलौते क्वाड एचडी प्लस (2 के) एलटीपीओ एमोलेड डिस्प्ले और क्यूआई2.2 मैग्नेटिक वायरलेस चार्जिंग जैसी प्रमुख खूबियों के साथ पेश किया गया है। इसकी शुरूआती प्रभावी कीमत 49,999 रुपये है और इसकी बिक्री 20 जुलाई से फ्लिपकार्ट, मोटोरोलाडॉटइन तथा देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। मोटोरोला एज 70 मैक्स में 7000 निट्स पीक ब्राइटनेस और 144 एचजेड रिफ्रेश रेट वाला डिस्प्ले, 90 वाट टर्बोपावर वायर्ड चार्जिंग और 25 वाट क्यूआई2.2 मैग्नेटिक वायरलेस चार्जिंग का सपोर्ट दिया गया है। मजबूती के लिए इसमें एयरक्राफ्ट-ग्रेड एल्युमिनियम फ्रेम, प्रीमियम मैट ग्लास फिनिश, एमआईएल- एसटीडी-810एच, कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7आई तथा आईपी68/आईपी69 रेटिंग दी गई है।

# सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी । समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को आयोजित सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगो की समस्याएं गंभीरता से सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का सम्मानपूर्वक समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें और आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। मधेपुर प्रखंड के एक पंचायत सचिव ने स्थानांतरण से संबंधित आवेदन दिया। बेनीपट्टी प्रखंड के धकजरी निवासी निशा कुमारी ने अनुकंपा के आधार पर कार्यालय सहायक पद पर नियुक्ति की मांग की। वहीं यदुवंशी नगर के लोगों ने नाला एवं सड़क निर्माण कार्य में हो रही देरी की शिकायत की। खजौली प्रखंड के चतरा गांव की ममता देवी ने पड़ोसी द्वारा जलेबी के पेड़ काटने तथा धक्का-मुक्की करने की शिकायत दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ की। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का पारदर्शी, प्रभावी एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किया जाता है। यह पूरी तरह ऑनलाइन व्यवस्था है, जिसमें प्राप्त आवेदनो का 30 दिनों के भीतर निष्पादन किया जाता है। आम नागरिक घर बैठे सहयोग शिविर पोर्टल पर आवेदन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# बाढ़ की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने जल संसाधन विभाग के अभियंताओं के साथ की समीक्षा बैठक

● तटबंधों का 48 घंटे के भीतर निरीक्षण, संवेदनशील स्थलों पर सैंडबैग की पर्याप्त व्यवस्था के दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में बाढ़ एवं सुखाड़ की तैयारियों की समीक्षा को लेकर दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों के जल संसाधन विभाग के अभियंताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।जिसमें बाढ़ सुरक्षा, तटबंधों की स्थिति, नदी कटाव, आपदा प्रबंधन की तैयारियों तथा अंतर-जिला समन्वय सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी अधीक्षण अभियंताओं को तटबंधों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया था। यदि किसी अभियंता द्वारा अब तक निरीक्षण नहीं किया गया है, तो वे अगले 48 घंटे के भीतर सभी तटबंधों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण सुनिश्चित करें।आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि केवल एक बार निरीक्षण पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक 15 दिनों पर सभी तटबंधों का नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी की जाए, ताकि किसी भी संभावित कमजोर स्थल की समय रहते पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। इसके लिए संवेदनशील एवं कटाव संभावित स्थलों की पहचान कर वहां पर्याप्त मात्रा में सैंडबैग सहित अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में आयुक्त महोदय ने नदी कटाव की वर्तमान स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित अभियंताओं से कटाव निरोधी कार्यों एवं उनकी प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी कटाव की संभावना हो, वहां तत्काल आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई की जाए। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर एक जिले से दूसरे जिले को आवश्यक संसाधन, मानवबल अथवा तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था एवं समन्वय तंत्र की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने इस संबंध में सभी अभियंताओं से विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त-सह-सचिव मनोज कुमार, सहायक निदेशक प्रीति कुमारी सहित दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित थे।

## नागलेंड दीमापुर में महमदपुर सकड़ा के मजदूर की संदिग्ध मौत, परिजनों में मचा कोहराम



विभूतिपुर/समस्तीपुर। रोजगार की तलाश में घर से दूर गए एक और मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का दुखद मामला सामने आया है।विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत महम्मदपुर सकड़ा गांव के एक प्रवासी मजदूर की सोमवार की अहले सुबह नागालेंड (दीमापुर) में संदिग्ध मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना की खबर जैसे ही गांव में पहुँची, मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे क्षेत्र में मातमी सन्नाटा छा गया। मृतक की पहचान महम्मदपुर सकड़ा वार्ड संख्या 8 निवासी सरयू महतो के 40 वर्षीय पुत्र अनिल महतो के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अनिल अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए नागलेंड के दीमापुर में मजदूरी का काम करते थे। सोमवार तड़के अचानक उनकी संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मौत के कारणों का अभी पूरी तरह पता नहीं चल सका है।अनिल महतो अपने चार भाइयों में दूसरे स्थान पर थे। उनकी असमय मौत से उनकी वृद्ध माता गंगा देवी, पत्नी शोभा देवी बदहवास हैं। मृतक के तीन बच्चे हैं, जिनमें एक पुत्र नितिन कुमार तथा दो पुत्रियाँ कोमल और प्रियांशु शामिल हैं। पिता का साया उठ जाने से बच्चों का भविष्य अब अंधकारमय नजर आ रहा है।घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी रामप्रवेश राय, रोशन कुमार, राजेश कुमार झा सहित कई स्थानीय बुद्धिजीवियों और जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और इस कठिन घड़ी में हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

# छात्रों के बीच बांटे गए 500 पौधे, एक पेड़ मां के नाम लगाने का लिया संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य का उपहार देने के उद्देश्य विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत कल्याणपुर में अवस्थित आवासीय सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल में ‟वन महोत्सव” का आयोजन किया गया।मौके पर उपस्थित पर्यावरण प्रेमी रामनाथ सिंह, मनोज कुमार सिंह, समाजसेवी सतीश कुमार झा, विद्यालय के पर्यावरण प्रभारी अभिनव कुमार और उप प्राचार्य मनोरंजन कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और बच्चों के बीच 500 पौधे वितरण किए।विद्यालय के निदेशक डॉ रमेश कुमार ठाकुर ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए कहा, पेड़ हमारा सच्चा मित्र है। अगर हमें पूरी तरह स्वस्थ रहना है, तो प्रकृति से अटूट रिश्ता जोड़ना होगा।‟इसके साथ ही उन्होंने देशव्यापी अभियान से प्रेरित होकर सभी छात्र-छात्राओं को ‟एक पेड़ मां के नाम” लगाने और उसकी देखभाल करने की शपथ दिलाई। वन महोत्सव के तहत प्रतिभा कुमारी, शिवम कुमार, ऋषभ कुमार, ऋषि कुमार, प्रिंस कुमार, राहुल कुमार, रूद्रांश रिशु, अतुल्य अक्षत, अमन कुमार, सचिन कुमार, सिद्धार्थ कुमार, सुप्रिया भारती, सोनाक्षी रानी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को पौधे दिए गए।मौके पर उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक राम गणेश झा, धीरज कुमार, दुर्गेश नंदन, अनिल कुमार झा, रौशन कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## जीवकान्त के उपन्यासों में नारी चेतना का सशक्त चित्रण : प्रो. अरुण कर्ण

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के मैथिली विभाग में सोमवार को विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार कर्ण की अध्यक्षता में जीवकान्त के उपन्यास में नारी चेतना विषय पर साहित्यिक विमर्श का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. अरुण कुमार कर्ण ने कहा कि जीवकान्त आधुनिक मैथिली साहित्य के महत्वपूर्ण उपन्यासकार हैं। उनके उपन्यासों में मिथिला का सामाजिक यथार्थ, बदलते जीवन-मूल्य, वर्ग-संघर्ष, ग्रामीण संस्कृति तथा नारी जीवन का बहुआयामी चित्रण मिलता है। उन्होंने कहा कि जीवकान्त की रचनाओं में नारी केवल सहायक पात्र नहीं, बल्कि चेतनासंपन्न, संघर्षशील और आत्मसम्मान से परिपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में उभरती है। उनके साहित्य में स्त्री-अस्मिता, सामाजिक विषमताओं के विरुद्ध प्रतिरोध, समान अधिकार की आकांक्षा तथा आधुनिक चेतना और परंपरा के बीच संतुलन स्पष्ट दिखाई देता है। प्रो. दमन कुमार झा ने कहा कि जीवकान्त के उपन्यासों ने आधुनिक मैथिली साहित्य में नारी-विमर्श को नई दिशा दी है। वहीं डॉ. सुनीता कुमारी ने कहा कि लेखक ने स्त्री-शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का आधार माना है और उनके नारी पात्र अन्याय, शोषण तथा अपमान के विरुद्ध सशक्त प्रतिरोध करते हैं।शोधार्थी शिवम कुमार झा ने कहा कि जीवकान्त ने दहेज, बाल विवाह, जातिगत बंधन और पितृसत्तात्मक सोच जैसी कुरीतियों का विरोध अपने नारी पात्रों के माध्यम से किया है। नेहा कुमारी और आकृति झा ने भी नारी पात्रों की स्वतंत्र सोच और संघर्षशील व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी राजनाथ पंडित ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनीता कुमारी ने किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक, शोधार्थी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में गोलीबारी व मारपीट, छह आरोपी गिरफ्तार

**लखनौर थाना क्षेत्र के बेलही गांव की घटना, पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो ट्रैक्टर भी किए जब्त**

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी । लखनौर थाना क्षेत्र के बेलही गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी एवं मारपीट की घटना में मधुबनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो ट्रैक्टर भी जब्त किए हैं, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।पुलिस के अनुसार, 26 जुलाई की सुबह करीब 9:30 बजे बेलही निवासी रामबिलास मुखिया को सूचना मिली कि उनकी जमीन पर कुछ लोग कब्जे की नीयत से ट्रैक्टर से जबरन जुताई कर रहे हैं। सूचना पर वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और विरोध किया। आरोप है कि इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगो ने गाली-गलौज करते हुए हथियारो से हमला कर दिया। घटना में दिलीप मुखिया को गोली लगने से गंभीर चोट आई, जबकि रामप्रकाश मुखिया के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिए जाने से उनकी जांघ टूट गई। मारपीट में अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही लखनौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित पक्ष के आवेदन पर 19 नामजद तथा अन्य अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, झंझारपुर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में नामजद छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया तथा घटना में प्रयुक्त दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया।गिरफ्तार आरोपितों में विष्णुदेव यादव, सन्नी कुमार उर्फ सुनील यादव, पवन यादव, संजीव कुमार, राहुल यादव तथा प्रकाश उर्फ विकास यादव, सभी निवासी बेलही, थाना लखनौर, जिला मधुबनी शामिल है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मामले में अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। फिलहाल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।

## डीबी कॉलेज के विज्ञान संकाय में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

मधुबनी। जयनगर पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर डी.बी. कॉलेज, जयनगर के विज्ञान संकाय के तत्वावधान में महाविद्यालय सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार राय, रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज सागर, राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार सिंह तथा भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार ने डॉ. कलाम के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज सागर ने कहा कि डॉ. कलाम का राष्ट्र निर्माण में योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. कलाम का व्यक्तित्व और कृतित्व संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं भोजपुरी सरधा मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि डॉ. कलाम को भारत रत्न मिलने से स्वयं इस सम्मान का गौरव बढ़ा। उन्होंने कहा कि यदि युवा डॉ. कलाम के विचारों को आत्मसात कर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें, तो भारत विश्व में अग्रणी राष्ट्र बन सकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार राय ने कहा कि डॉ. कलाम ने युवाओं को बड़े सपने देखने, उन्हें साकार करने तथा विपरीत परिस्थितियों में भी सतत संघर्ष करते रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनुकरणीय है। भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ. कलाम के प्रेरक विचारों को स्मरण कराया।मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. अरविंद राय, डॉ. नीरज सागर, डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. शैलेश कुमार सिंह सहित केशव केसान, हर्ष केसान, आशुतोष शर्मा, अभिषेक गुप्ता, सरफराज आलम, रुद्र कुमार, आशु गुप्ता, अंजली कुमारी, ईशा कुमारी, मुस्कान कुमारी, अमीषा कुमारी, गुंजा, संजू, रूपा, निशा, अमीरकला कुमारी, ज्योति एवं अनुराधा समेत कई शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की सफलता के लिए कृषि ऋण वितरण में तेजी जरूरी : उप विकास आयुक्त



● केसीसी के 1,088 आवेदनों में सिर्फ 117 का निष्पादन, बैंको को समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश पीएलपी 2026-27 का विमोचन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और कृषि ऋण वितरण में तेजी लाने को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिले के सभी बैंक समन्वयकों, संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) आवेदनों के निष्पादन में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए बैंकों को लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत देश के 100 और बिहार के सात जिलों का चयन कम उत्पादकता, कम फसल सघनता तथा कम कृषि ऋण जैसे मानकों के आधार पर किया गया है, जिसमें मधुबनी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि योजना की नियमित समीक्षा उच्च स्तर पर हो रही है, इसलिए कृषि विभाग और बैंकिंग संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कृषि ऋण वितरण में तेजी लाना आवश्यक है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि कृषि विभाग द्वारा अब तक 1,088 किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन विभिन्न बैंकों को भेजे गए हैं, लेकिन इनमें से केवल 117 आवेदनों का ही निष्पादन हो सका है। इस पर उप विकास आयुक्त ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी बैंकों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बैंक प्रतिनिधियों ने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आधार कार्ड, आवेदक के नाम से अद्यतन लगान रसीद अथवा भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र तथा पैन कार्ड आवश्यक दस्तावेज हैं। उप विकास आयुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को पात्र किसानों की पहचान कर आवेदन प्रक्रिया में सहयोग देने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान नाबार्ड द्वारा तैयार संभाव्यता युक्त ऋण योजना (पीएलपी) 2026-27 का विमोचन भी किया गया। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के बैंकों ने कृषि क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य का 43.45 प्रतिशत, एमएसएमई क्षेत्र में 44.19 प्रतिशत तथा अन्य प्राथमिक क्षेत्रों में 13.59 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। उप विकास आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में सभी निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा भावना के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में ऋण उपलब्धता बढ़ने से किसानों की आय में वृद्धि होगी और जिले के कृषि विकास को नई गति मिलेगी।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सुदामा ठाकुर, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण, सहायक निदेशक शस्य, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), जिला गव्य पदाधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा विभिन्न बैंकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# फुलपरास में 43 बैग अवैध उर्वरक जब्त कालाबाजारी पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

● बिना लाइसेंस डीएपी, यूरिया व एनपीके का अवैध भंडारण मिला, प्राथमिकी दर्ज; किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

मधुबनी। जिले में उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अधिक कीमत पर बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में फुलपरास प्रखंड के फुलकाही गांव स्थित एक किराना दुकान पर छापेमारी कर 43 बैग अवैध उर्वरक जब्त किए गए हैं। मामले में संबंधित दुकानदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश पर जिले में उर्वरकों के भंडारण, वितरण एवं बिक्री की लगातार निगरानी की जा रही है। इसी अभियान के तहत 24 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुमन कुमार एवं कृषि समन्वयक -सह-उर्वरक निरीक्षक मनोरंजन कुमार ने संयुक्त रूप से फुलपरास थाना क्षेत्र के ग्राम फुलकाही, पंचायत महथौर खुर्द, मुरली चौक वार्ड संख्या-17 स्थित परमानंद कुमार की किराना दुकान में छापेमारी की।जांच के दौरान बिना वैध अनुज्ञप्ति के डीएपी, एनपीके, यूरिया सहित अन्य उर्वरकों के कुल 43 बैग (2.115 मीट्रिक टन) अवैध रूप से भंडारित पाए गए। जांच के बाद सभी उर्वरकों को तत्काल जब्त कर लिया गया।इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी की ओर से उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत फुलपरास थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने कांड संख्या 324/26, दिनांक 24 जुलाई 2026 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा है कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध भंडारण अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त एवं विधिसम्मत कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## बकाये वेतन व पेंशन भुगतान के लिए दो दिवसीय विशेष शिविर शुरू

● संस्कृत विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में दिए गए करीब 115 आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सेवानिवृत कर्मी जिन्हें बकाया वेतन या फिर सेवांत लाभ की राशि नहीं मिल पायी है, उनके लिए संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा दरबार हॉल में दो दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। आज सोमवार को पहले दिन भुगतान के लिए करीब 115 आवेदन दिए गए हैं। शिविर कल दूसरे दिन मंगलवार को भी लगेगा। आवेदक यहां जरूरी कागजातों के साथ अपना भुगतान सम्बन्धी आवेदन दे सकते हैं। कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय ने खुद काफी देर तक शिविर में बैठकर आवेदकों की परेशानी सुनी और विधि सम्वत कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। कुलपति ने लेखा विभाग के कर्मियों से कहा कि सभी आवेदनों को गम्भीरता से लेना है और आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका भी ध्यान रखना है। उन्होंने आवेदकों को धैर्य रखने को कहा। वहीं , पूरे दिन शिविर में बैठे कुलसचिव डॉ दिनेश झा ने कहा कि सभी आवेदनों में किये गए भगतां सम्बन्धी दावे को देखा व परखा जाएगा। सरकार व लोकभवन के दिशा निदेशों का पालन करते हुए आवेदनों की छंटनी की जाएगी और फिर भुगतान होगा। इसी बीच एफओ डॉ पवन कुमार झा ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के वेतन एवं बकाया वेतन तथा सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के सेवानिवृत्त लाभ सम्बन्धी आवेदन मिले हैं। शिविर पश्चात सभी की विधि सम्मत आर्थिक गणना की जाएगी फिर भुगतान का कार्य आगे बढ़ेगा। बता दें कि लोकभवन पटना के निर्देश पर आयोजित विशेष शिविर को लेकर आज विश्वविद्यालय में काफी गहमा- गहमी रही। भुगतान के मुद्दे पर आवेदक भी बहुत आशावान दिख रहे थे। शिविर में अंकेक्षक सह एसओ अभिषेक कुमार झा, लेखा सहायक रणजीत ठाकुर व शम्भूनाथ झा के साथ साथ लेखा कर्मी राजन कुमार झा की विशेष भागीदारी रही और आवेदनों के संयोजन में सभी ने महती भूमिका निभाई।

# डीएमसीएच कर्मचारी संघ का धरना 17वें दिन भी जारी, अधीक्षक पर लगाए गंभीर आरोप



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, विशेष शाखा, डीएमसीएच के बैनर तले विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना-सत्याग्रह सोमवार को 17वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारी कर्मचारियों ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. जगदीश चन्द्र पर कर्मचारियों और नर्सों की समस्याओं की अनदेखी करने तथा अस्पताल की व्यवस्था को प्रभावित करने का आरोप लगाया। संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा और मंत्री अजय कुमार साह ने कहा कि सरकार द्वारा डीएमसीएच को पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए जाने के बावजूद मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दवा एवं अन्य सामग्री की खरीद में वित्तीय नियमों के उल्लंघन की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही महिला कर्मियों के उत्पीड़न तथा प्रशासनिक मनमानी के आरोप भी लगाए गए। संघ नेताओं ने यह भी दावा किया कि अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर मरीजों के परिजन भी आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं और डीएमसीएच को बचाने के लिए आंदोलन तेज करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी विभिन्न मांगों का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर लक्ष्मण झा एवं समरेन्द्र मिश्र की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित सभा में अमरेन्द्र कुमार सिंह, अली अहमद, मोहम्मद जमील, प्रकाश कुमार सहनी, प्रमोद राम, दिलीप पासवान, अनुर कुमारी, मोहम्मद इबरार, नंदलाल झा, सुरेन्द्र मिश्रा, मधु महतो, धर्मेन्द्र सिंह, जयन्ती कुमारी, बैद्यनाथ लाल देव, खशिखा राज, श्री कुमारी, राम बालक यादव, सुरेश कुमार साह, शीला कुमारी-4, शीला कुमारी, बिन्दू कुमारी, सुधा कुमारी-3, कंचन कुमारी, कुसुम कलोदेवी, बैद्यनाथ राम, बसंत हरिजन, संजू कुमारी, अब्दुल कलाम खानसहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे और आंदोलन को जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## तीन दिन में पुलिस ने सुलझाई डिक्की चोरी की गुत्थी, 1.10 लाख नकद बरामद

मनीगाछी। नेहरा थाना क्षेत्र में पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक की मोटरसाइकिल की डिक्की से चोरी हुई 1 लाख 10 हजार की राशि को पुलिस ने महज तीन दिनों के भीतर बरामद कर लिया। मामले का सफल उद्भेदन करते हुए पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपितों की पहचान भी कर ली है, हालांकि दोनों पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गए। सोमवार को एसडीपीओ बेनीपुर वासुकी नाथ झा ने बताया कि घटना के बाद नेहरा थानाध्यक्ष मोती कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक नीलेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रविशंकर कुमार तथा सिपाही दीपक कुमार शामिल थे। जांच के दौरान बैंक एवं घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र निवासी रंजीत यादव और अमन कुमार की पहचान की गई।

# राशन कार्ड निर्माण में तेजी लाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मुख्य सचिव, बिहार द्वारा राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के आलोक में जिलाधिकारी कुमार गौरव ने समाहरणालय सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले को 86,175 नए राशन कार्ड निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विरुद्ध अब तक लगभग 75 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली गई है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 5 अगस्त तक निर्धारित लक्ष्य का शत-प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें। साथ ही अगले तीन दिनों के भीतर शेष लंबित कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया की राशन कार्ड हेतु ऑफलाइन प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर उन्हें अविलंब ऑनलाइन दर्ज कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन पात्र लाभुकों के पास राशन कार्ड निर्माण के लिए आवश्यक दस्तावेज, जैसे जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र आदि उपलब्ध नहीं हैं, उनके प्रमाण-पत्रों का शीघ्र निर्गमन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करते हुए समय-सीमा के भीतर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त भारत के अंतर्गत टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट का नियमित वितरण सुनिश्चित करने का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया, ताकि पोषण सहायता समय पर उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (पूर्वी एवं पश्चिमी), जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बंदरा प्रखंड को मिली नई बीडीओ गुंजा कुमारी ने संभाला पदभार

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड को नई प्रखंड विकास पदाधिकारी मिल गई हैं। सुश्री गुंजा कुमारी ने सोमवार को बंदरा प्रखंड कार्यालय पहुंचकर विधिवत अपना प्रभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बंदरा की अंचलाधिकारी अदिति राय ने पुष्पगुच्छ देकर नई बीडीओ का स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रभार ग्रहण समारोह के दौरान प्रखंड कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीएसओ मुकेश कुमार, बड़ा बाबू विनोद राय, नाजिर राजू कुमार, उर्दू अनुवादक कमरुद्दीन, सभी आवास सहायक तथा बीसी अनामिका कुमारी सहित अन्य कर्मियों ने नई बीडीओ का स्वागत किया। वहीं, चुनाव एवं जनगणना कार्यों से जुड़े शिक्षक एमडी शाहिद रजा ने भी सुश्री गुंजा कुमारी का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नई बीडीओ के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रखंड के विकास कार्यों में और अधिक गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व में बेहतर प्रशासनिक कार्य और जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भरोसा व्यक्त किया।

# मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। नवयुवक समिति ट्रस्ट,छोटी सरैयागंज के प्रांगण में श्री नटवर साहित्य परिषद् के तत्वावधान में रविवार को मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा का आयोजन किया गया कवि गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री डॉक्टर उषा किरण श्रीवास्तव तथा संचालन उमेश राज ने किया। कवि गोष्ठी का शुभारंभ आचार्य जानकी बल्लभ शास्त्री के गीत से हुआ जिसको अपने मधुर स्वर में डॉक्टर उषा किरण श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। हास्य व्यंग की रचनाओं के सशक्त हस्ताक्षर डॉक्टर जगदीश शर्मा की रचना तुम पत्थर हम पे फेको,चोट हम खाते रहे हैं.. कवि ओम प्रकाश गुप्ता की रचना रिश्ता निभाना आसान हो जाता,रूठना मनाना आसान हो जाता, कवि गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहीं कवियित्री डॉक्टर ऊषा किरण श्रीवास्तव की रचना उन शहीदों को शत शत नमन चाहिए,देश भक्ति में डूबा वतन चाहिए.., कवि गोष्ठी का संचालन कर रहे कवि उमेश राज की रचना मेरे जीवन की समीक्षा हो तुम...,कवि डॉक्टर हरि किशोर प्रसाद सिंह की रचना आपकी जिंदगी में,खुशियों का रंग भरना चाहता हूँ,कवयित्री माधवी लता की रचना वसुधैव कुटुंबकम की बात कैसे करूं,अपने सारे पराए नजर आते हैं,कवियित्री डॉक्टर संगीता सागर की रचना दोपहर लौट आई शाम के पास, शाम लौट आई रात के पास..लेकिन तेरह बरस की बच्ची घर नहीं लौटी,कवियित्री मुस्कान केशरी की रचना बड़ा गर्व होता अगर वो ये कहता,वो मेरी मोहब्बत नहीं कोई खिलौना.., कवयित्री डॉक्टर सुप्रिया सोनी की रचना मौसम है आशिकाना,मेरा दिल हुआ दीवाना कवि अरुण कुमार तुलसी की रचना हमसे सच की सुनो कहानी,जिससे मरे झूठ की नानी, कवि रामवृक्ष राम चकपुरी की रचना .सत्ता की जिद ए इस्तीफा,अतः का पन्ना खुल गई किताब.,कवि डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिन्हा की रचना उसकी आँखों से ताउम्र पिता रहा...., डॉक्टर बी. के मल्लिक की मैथिली रचना ओ पहुना,जाईछी कहां, कवि डॉक्टर प्रवीण कुमार मिश्र की रचना अहं शरण में आएल छी भिखरिया एवं कवि परशुराम प्रसाद ब्याहुत की रचना ने श्रोताओं की भरपूर तालियां बटोरी।आज की कवि गोष्ठी में श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट के उपाध्यक्ष रणवीर अभिमन्यु,नागरिक मोर्चा के महासचिव मोहन सिन्हा,पप्पू निशात,नंदकिशोर पोद्दार,सुरेंद्र कुमार,हीरालाल गुप्ता सहित भारी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के अंत मे मासिक कवि गोष्ठी के संयोजक डॉक्टर जगदीश शर्मा ने कवियों एवं श्रोताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रोपर्टी डीलर हत्याकांड में शूटर समेत 2 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर । प्रॉपर्टी डीलर और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के नेता प्रभाकर सिंह (45) की हत्या मामले में पुलिस ने लाईनर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रोपर्टी डीलर की हत्या बीते 30 मार्च को अहियापुर थानांतर्गत बाबा जगन्नाथ चौक पर 3.5 लाख रुपए सुपारी देकर कराई गई थी । इस मामले में दो अभियुक्तों तुलसी राम और उदय पटेल की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है पुलिस ने इस मामले में शूटर सत्यम कुमार सिंह और लाइनर डब्लू कुमार की गिरफ्तारी हुई है। मामले अबतक 4 गिरफ्तारी हो चुकी है, दूसरा शूटर अभी भी फरार है। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि गिरफ्तार मुख्य शूटर सत्यम कुमार सिंह का पहले से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उसके खिलाफ शराब से जुड़े मामले दर्ज हैं। अब पुलिस फरार दूसरे शूटर और साजिश से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। मृतक प्रभाकर सिंह की पत्न ी पिंकी देवी ने एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने इस हत्या को प्रॉपर्टी डीलिंग और पैसों के लेनदेन से जुड़ा बताया था। पिंकी देवी ने पुलिस को बताया था कि तुलसी राय और उदय पटेल उसके पति के काफी करीबी थे। उदय पटेल ने शेखपुर इलाके में एक प्लॉट की डील तुलसी राय के माध्यम से कराई थी, जिसके लिए प्रभाकर सिंह ने उदय को 30 लाख रुपए दिए थे। जब प्लॉट की डील फाइनल नहीं हो सकी, तो तुलसी राय को वह रकम लौटानी थी ।पैसे वापस करने के लिए 31 मार्च की तारीख तय की गई थी। रकम लौटाने से ठीक एक दिन पहले यानी 30 मार्च को सोची-समझी साजिश के तहत प्रभाकर सिंह की हत्या करा दी गई ।चलती बाइक पर 4 गोलियां मारी थी मृतक प्रभाकर सिंह गायघाट के बेरुआ गांव के रहने वाले थे। वे परिवार के साथ चाणक्यपुरी मोहल्ले में रहते थे।

# 50 लाख की रंगदारी केस में बड़ा खुलासा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के पुत्र कृष्ण मुरारी से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम लेकर दहशत फैलाने और रंगदारी वसूलने की साजिश रची गई थी। पुलिस के अनुसार, इस मामले में किसी बाहरी गैंग की बजाय मंत्री के करीबी लोगों में शामिल एक व्यक्ति की भूमिका सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में पर्यटन मंत्री के एक करीबी समेत कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस साजिश में कितने लोग शामिल थे और क्या इसके तार किसी बड़े आपराधिक नेटवर्क से जुड़े हैं। जानकारी के अनुसार, पर्यटन मंत्री के पुत्र कृष्ण मुरारी को व्हाट्सएप पर धमकी भरा संदेश भेजकर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। संदेश में रकम नहीं देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई थी। शिकायत मिलने के बाद सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने तकनीकी और साइबर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम का इस्तेमाल कर भय का माहौल बनाने की कोशिश की गई थी, ताकि पीड़ित पर दबाव बनाकर रंगदारी वसूली जा सके। गौरतलब है कि दो दिन पहले भाजपा के सक्रिय नेता रंजीत सहनी से भी 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया था। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया और दोनों मामलों के बीच संभावित संबंधों की भी पड़ताल की जा रही है। फिलहाल हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों से गहन पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा और रंगदारी के इस नेटवर्क से जुड़े सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी अंतिम आधिकारिक खुलासा किया जाना बाकी है।

# केरल में मजदूरी कर रहे युवक की मौत गांव पहुंचा शव तो मचा कोहराम

मुजफ्फरपुर। रोजी-रोटी की तलाश में केरल गए गाय घाट के सुंदरखौली निवासी एक प्रवासी मजदूर की मौत की खबर से उसके गांव में मातम छा गया। मृतक की पहचान हरेंद्र सहनी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह केरल में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरेंद्र सहनी ने केरल में ही कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि वह किसी अज्ञात कारण से मानसिक रूप से परेशान था। हालांकि, आत्महत्या के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर जांच की जा रही है। हरेंद्र सहनी अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से पूरे गांव में शोक का माहौल है। सोमवार की सुबह जब हरेंद्र सहनी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव सुंदरखौली पहुंचा तो पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे और गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। वहीं, मौत की वजह को लेकर लोग तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं। पुलिस और संबंधित एजेंसियों की जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# विधायक ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के नए भवनों का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी एवं मडवन क्षेत्र में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया ।कांटी एवं मड़वन प्रखंड के अलग-अलग स्थानों पर विधायक एवं पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के नवनिर्मित भवनों का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। नए भवनों के निर्माण से छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी और शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। मड़वन प्रखंड के भटौना स्थित कस्तूरबा विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में सीओ पुष्पकल कुमार,जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, वार्डन पल्लवी, पूर्व प्रमुख मो मोहसीन, मनोज कुमार सिंह,अजय चौधरी, रघुनाथ साह, रामजी महतो, जयकरण राय, धर्मेंद्र पासवान, विनोद शर्मा, नागेन्द्र साह, बालेंद्र सिंह, उदय कुमार, पप्पू मिश्रा, शिक्षक संजीत कुमार, एचएम चंदा सलोनी सहित छात्रा उपस्थित थी। वहीं, कांटी प्रखंड के मधुबन स्थित कस्तूरबा विद्यालय में आयोजित समारोह में वार्डन अन्नू कुमारी, शिक्षक पवन कुमार, मनमोहन सिंह, रघुनाथ झा, दामोदर झा,रविंद्र राय, कन्हाई झा, रामनारायण चौधरी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# मैठी टोल प्लाजा पर नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई से मचा हंगामा

मुजफ्फरपुर। गायघाट थाना क्षेत्र के मैठी टोल प्लाजा पर रविवार की शाम नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई के दौरान करीब डेढ़ घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने दरभंगा से एक संदिग्ध कार का पीछा किया और मैठी टोल प्लाजा पर उसे रोककर जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि कार की तलाशी के दौरान कार सवारों और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। कार में सवार रोहित कुमार ने आरोप लगाया कि वह अपने माता-पिता और दो बहनों के साथ असम से घूमकर पटना लौट रहे थे। उनके अनुसार अधिकारियों ने कार की तलाशी लेने के बाद जबरन मोबाइल फोन मांगने का प्रयास किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। परिवार का आरोप है कि उनके साथ महिलाएं और बुजुर्ग मौजूद होने के बावजूद अधिकारियों ने अनावश्यक रूप से बदसलूकी की और उन्हें काफी देर तक परेशान किया। वहीं, नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई को लेकर मौके पर मौजूद लोगों के बीच भी तरह-तरह की चचाएं होती रहीं। हंगामे की सूचना मिलते ही गायघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित कार को जब्त कर थाने ले गई, जहां आगे की जांच की जा रही है। गायघाट थानाध्यक्ष जय प्रकाश गुप्ता ने बताया कि नारकोटिक्स विभाग की टीम पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# एमआईटी से रहस्यमय ढंग से लापता हुआ बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रावास से बीटेक प्रथम वर्ष के एक छात्र के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष के छात्र साजन कुमार के अचानक गायब होने से परिजनों में चिंता और बेचैनी का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार साजन कुमार मूल रूप से नालंदा जिले के पावापुरी के रहने वाले हैं और एमआईटी के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। उनके पिता रंजीत कुमार ने बताया कि 22 जुलाई की शाम करीब सात बजे बेटे से उनकी आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। इसके बाद से उसका मोबाइल लगातार स्विच ऑफ आ रहा है और किसी भी माध्यम से संपर्क नहीं हो पा रहा है। बेटे से लगातार संपर्क नहीं होने पर बोकारो में रह रहे रंजीत कुमार 24 जुलाई की सुबह मुजफ्फरपुर पहुंचे। उन्होंने छात्रावास, कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, लेकिन साजन कुमार का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजन ब्रह्मपुरा थाना पहुंचे और छात्र की गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एमआईटी के प्राचार्य डॉ. एम.के. झा ने बताया कि छात्र के लापता होने की सूचना मिली है और परिजनों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। कॉलेज प्रशासन जांच में पुलिस का पूरा सहयोग कर रहा है। पुलिस कॉलेज परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि छात्र आखिरी बार कब और किस दिशा में गया था। फिलहाल छात्र का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही छात्र का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# परीक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार दूर करे सरकार : भाकपा

मुजफ्फरपुर ।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आज मुजफ्फरपुर समाहरणालय पर धरना-प्रदर्शन आयोजित कर परीक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार को दूर करने, शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार करने, प्रतिगामी नई शिक्षा नीति तथा बिहार विशिष्ट विश्वविद्यालय विधेयक 2026 वापस लेने की पूरजोर मांग की गई। कार्यक्रम के आरम्भ में पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाले छात्रों के प्रति दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा मृतक छात्रों के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नीट पेपर लीक मामले में छात्रों- युवाओं की ऐतिहासिक जीत पर आंदोलन की सफलता के लिए बधाई दी गई तथा आंदोलन के दौरान गिरफ्तार छात्र- नौजवानों को रिहा करने एवं उनपर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को गू लाल लगाकर तथा मुंह मीठा कर आंदोलन की सफलता का जश्न मनाया गया। धरनास्थल पर आयोजित सभा को पार्टी के राष्ट्रीय परिषद् सदस्य अजय कुमार सिंह, जिला सचिव रामकिशोर झा, राज्य परिषद् सदस्य जगदीश प्रसाद गुप्ता, वरीय अधिवक्ता राम बच्चन यादव, सुनील ठाकुर, रामगति यादव, विश्वनाथ सिंह, मो० नसरुद्दीन आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।

# बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर को मिली स्वीकृति से मुजफ्फरपुर में खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बाबा गरीबनाथ नाम कारिडोर की स्वीकृति मिलने की खबर के बाद क्षेत्र में खुश की लहर देखी जा रही है ।नगर भवन में सोमवार को मुजफ्फरपुर नगर निगम बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास और जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

सभी माननीय पार्षदों और बोर्ड सदस्यों की सहमति से विभिन्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक में आगामी श्रावण मास को लेकर तैयारियों की समीक्षा की गई। इसके अलावा नए राशन कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप आयोजित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। जनकल्याण से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान मुजफ्फरपुर के लिए एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि की भी जानकारी साझा की गई।

बिहार सरकार ने बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर को स्वीकृति प्रदान कर प्रथम चरण के कार्य का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इस निर्णय से शहरवासियों और शिवभक्तों में उत्साह का माहौल है। बताया गया कि बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण से मंदिर की धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा में वृद्धि होगी। साथ ही धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने और मुजफ्फरपुर के समग्र विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

नगर निगम बोर्ड ने उम्मीद व्यक्त की कि श्रावणी मेला और बाबा गरीबनाथ धाम कॉरिडोर जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन से मुजफ्फरपुर की पहचान देश के प्रमुख धार्मिक नगरों में और अधिक मजबूत होगी। हर-हर महादेव के जयघोष के साथ बैठक का समापन हुआ।

# घरेलू सामान की आड़ में विदेशी शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। गायघाट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए घर के सामान से लदे एक पिकअप वाहन से 630 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब और वाहन को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, ढइ 08 ऋ 0728 नंबर की पिकअप को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई। जांच में पता चला कि वाहन में घर का सामान लोड होने की आड़ में अवैध रूप से विदेशी शराब की बड़ी खेप छिपाकर ले जाई जा रही थी। तलाशी के दौरान रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की की कुल 630 लीटर शराब बरामद हुई। कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के सरेनी थाना क्षेत्र के बेहतकला निवासी शुभम तिवारी (30 वर्ष), मुजफ्फरपुर जिले के बोचहा थाना क्षेत्र के धरमपुर निवासी सोनू कुमार तथा समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के समरथा निवासी पिंकू महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बरामद शराब में 375 एमएल की 24-24 बोतलों वाले 15 कार्टन, कुल 135 लीटर तथा 750 एमएल की 12-12 बोतलों वाले 55 कार्टन, कुल 495 लीटर विदेशी शराब शामिल है। इस तरह कुल 630 लीटर शराब जब्त की गई है। गायघाट थाना पुलिस ने बरामद शराब और प्रयुक्त पिकअप वाहन को विधिवत जब्त कर लिया है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई गई थी तथा इसकी आपूर्ति किस स्थान पर की जानी थी। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा जा रहा है।

# दिल्ली हाईकोर्ट से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को बड़ी राहत मिली जमानत

मुजफ्फरपुर। जिले के साहेबगंज विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजू कुमार सिंह को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी न्यायिक राहत मिली है। हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्हें जमानत प्रदान कर दी। साथ ही निचली अदालत द्वारा सुनाए गए फैसले के प्रभाव पर भी रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद विधायक राजू कुमार सिंह को बड़ी राहत मिली है। अदालत के फैसले की जानकारी सामने आते ही उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकताओं में खुशी का माहौल देखा गया। बताया जा रहा है कि हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम राहत प्रदान की। अब मामले की आगे की सुनवाई निर्धारित तिथि पर होगी। उधर, राजू कुमार सिंह को मिली इस न्यायिक राहत को लेकर उनके समर्थकों ने इसे न्यायपालिका पर भरोसे की जीत बताते हुए खुशी जताई है।

# कांवरियों की सुविधा के लिए 50 लाख का बजट स्वीकृत

मुजफ्फरपुर। बाबा गरीबनाथ मंदिर में श्रावणी मेला के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। कांवरियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु जलार्पण व्यवस्था के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस बजट से बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर के साथ-साथ बाबा दूधनाथ महादेव मंदिर और खगेश्वर नाथ मंदिर में भी व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित करने के लिए इस बार हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा रही है। अनवरत यात्रा करने वाले डाक बम कांवरियों की पहचान और उन्हें जलार्पण में सुविधा देने के लिए विशेष रिस्ट बैंड उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए कूलर, पंखे और कारपेट से सुसज्जित वाटरप्रूफ पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए चार फीट ऊंची बैरिकेडिंग लगाई जा रही है। निगरानी के लिए 72 घंटे तक रिकॉर्डिंग क्षमता वाले हाई-रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे, 50 इंच की एलईडी स्क्रीन और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए हैवी जेनरेटर की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पूरे मेले पर लगातार नजर रखी जा सके। कांवरिया पथ पर पहलेजा घाट से लेकर मुजफ्फरपुर के अघोरिया बाजार और रामदयालु तक प्रमुख पड़ावों पर भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए भव्य टेंट सिटी, जर्मन हैंगर शेड, एलईडी एवं सोलर लाइटिंग, पेयजल शिविर और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। श्रद्धालुओं की यात्रा को आध्यात्मिक और सुखद बनाने के लिए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भक्ति संगीत, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक मंचों का भी आयोजन किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि श्रावणी मेला 2026 में आने वाले प्रत्येक कांवरिया को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# आरओबी पर मरम्मत जारी, फिर भी धड़ल्ले से दौड़ रहे भारी वाहन, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर के सबसे व्यस्त माड़ीपुर रेल ओवरब्रिज पर एक ओर करोड़ों रुपये की लागत से मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है, तो दूसरी ओर उसी पुल पर भारी वाहनों का बेधड़क परिचालन जारी है। विशेषज्ञों की चेतावनी और प्रशासन के आदेश के बावजूद ट्रकों की आवाजाही नहीं रुकने से लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार पुल निर्माण निगम ने माड़ीपुर आरओबी की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

फिलहाल पुल के पिलरों और सतह पर आई दरारों को एपॉक्सी तकनीक से भरा जा रहा है। इसके बाद ज्वाइंट एक्सपेंशन और बेयरिंग की मरम्मत की जाएगी। करीब 4.5 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना को तीन महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि आरओबी की तकनीकी जांच करने वाली आईआईटी पटना की विशेषज्ञ टीम ने अपनी रिपोर्ट में पुल पर भारी वाहनों का परिचालन तत्काल बंद करने की सिफारिश की थी। इसके आधार पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने भी भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद पिछले करीब 20 दिनों से ट्रक और अन्य भारी वाहन लगातार पुल से गुजर रहे हैं। भारी वाहनों को रोकने के लिए पुल निर्माण निगम की ओर से माड़ीपुर और जूरन छपरा की तरफ हाईट बैरियर लगाए गए थे, लेकिन ट्रकों की टक्कर से ये बैरियर तीन बार क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। हर बार मरम्मत के बाद दोबारा लगाए गए बैरियर फिर टूट गए। लगातार नुकसान के बाद अब तक नया बैरियर नहीं लगाया जा सका है, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। इधर, पुल पर मरम्मत कार्य और भारी वाहनों के एक साथ परिचालन ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि जब विशेषज्ञ पहले ही संभावित खतरे की चेतावनी दे चुके हैं, तब प्रशासन को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराना चाहिए। उनका मानना है कि मरम्मत कार्य पूरा होने तक पुल पर भारी वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह रोक लगाना ही सबसे सुरक्षित और व्यावहारिक कदम होगा।

सम्पादकीय

## पत्रकारिता के लिए नया सबक

पिछले सवा महीनों से नयी पीढ़ी के जोश से गुलजार जंतर-मंतर अब शांत है। लेकिन पेपर लीक के खिलाफ जिस आंदोलन की शुरुआत हुई, उससे अब देश की सियासत से लेकर समाज तक बड़ी हलचल खड़ी हो चुकी है। दिल्ली, मुंबई, पटना, प्रयागराज, पुणे तमाम शहरों से बेहद सुंदर तस्वीरें सामने आईं, जिन्होंने साबित किया कि देश में लोकतंत्र अभी मरा नहीं है। लोकतंत्र की जो नयी धड़कनें आंदोलन में सुनाई दीं, उन से अब सत्ता और सत्तापोषित मीडिया दोनों के लिए चेतावनी है कि वे संभल जाएं और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। दो दिन फ्रेंड्स कहकर इंस्टाग्राम पर संदेश देने वाले प्रधानमंत्री ने जब रविवार देर रात तक कोई संदेश नहीं दिया, तो समझ आ गया कि वे पूरे खोखलेपन के साथ नयी पीढ़ी को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी जब इंटरनेट, मेट्रो सेवाएं, स्विगी-जोमैटो, ओला-उबर-रैपिडो सब कुछ बंद करने के बाद भी आंदोलन में शामिल होने के लिए लोगों को जंतर-मंतर तक पहुंचने से नहीं रोक सके। जब धर्म, जाति, भाषा, लिंग सारे भेदभावों को हवा में उड़ाकर दिन-रात लोग एकजुटता के साथ सरकार के विरोध में डटे रहे। जब लाठी चार्ज, बैरिकेडिंग, पानी की बौछार, विश्वविद्यालयों के आंदोलन में शामिल न होने के फरमान, झूठे मुकदमों, पासपोर्ट रद्द करने की धमकी जैसे दमनकारी उपाय भी लोगों की हिम्मत को नहीं तोड़ पाए, तो मोदी को लगा कि इस नयी पीढ़ी से इसी की शैली में संवाद किया जाए, तो ये लोग समझ जाएंगे। मगर यहां भी मोदी को डबल झटका लगा। नयी पीढ़ी ने उनकी फ्रेंड रिक्वेस्ट को पूरी तरह हवा में उड़ा दिया। ऊपर से उनके कैमरा एंगल को लेकर सोशल मीडिया पर खूब फजीहत भी हुई। इसलिए मोदी शायद तीसरे दिन फ्रेंड्स बोलने से और कोई संदेश देने से बचे। हालांकि धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा लेकर उन्होंने जंतर-मंतर से आंदोलन तो खत्म करवा दिया है, बस इसी से उन्हें थोड़ी राहत मिल सकती है। लेकिन इसके बावजूद अब मोदी चैन से बैठ पाएंगे, इसकी गारंटी नहीं है। पिछले बारह सालों की उनकी राजनीतिक चतुराई और सत्ता पर बने रहने की कला को इस बार सबसे बड़ी चुनौती मिली है, वो भी सीधे नयी पीढ़ी की तरफ से। जो न गोदी मीडिया के एजेंडे पर कान धरती है, न सरकारी दबाव की उसे परवाह है। दरअसल भाजपा के विभाजनकारी एजेंडे को मीडिया के बड़े हिस्से ने लगातार खाद-पानी दिया। इससे तथाकथित पत्रकारों की और उनके मालिकान की दुकानदारी खूब फली-फूली और सत्ता के जरिए लोकतंत्र और संविधान को कुचलने के काम में भाजपा को आसानी हुई। पिछले बारह सालों में अनगिनत बार इस बात पर चिंता जताई जाती रही कि जो खुद को मुख्यधारा का मीडिया कहता है, वहां मुख्य मुद्दे यानी जनता के हित से जुड़े मुद्दे बिल्कुल गायब हैं। बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य की बदहाली इन सब पर कोई चर्चा नहीं होती और हर बात में हिंदू-मुसलमान एंगल खड़ा कर दिया जाता है। खुद विपक्षी दल सरेआम कई पत्रकारों को कह चुके कि आप मोदी के मित्र उद्योगपतियों और भाजपा के लिए काम करते हैं। निष्पक्ष खबरें नहीं दिखाते और हमारी खबरों को गायब करते हैं। राहुल गांधी, अखिलेश यादव जैसे नेताओं के तो कई बयान सोशल मीडिया पर हैं, जिनमें वे मीडिया पर तंज कसते हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों ने ऐसे मीडिया का पूरी तरह से बहिष्कार नहीं किया, जिससे पेशेवर बेईमानी की। बल्कि विपक्षी नेताओं के घरों और दफ्तरों में ऐसे लोगों का खूब सत्कार हुआ, जिन्होंने झूठ और चापलूसी को पत्रकारिता का नाम दिया। नयी पीढ़ी यानी जेन जी यहां भी समझदारी दिखा गई। जंतर-मंतर पर बाकायदा एक दीवार पर कुछ ऐसे पत्रकारों की तस्वीरें लगा कर उन पर क्रॉस बना दिया, जिन्होंने मोदी सरकार की चाटुकारिता में कोई कमी नहीं छोड़ी और देश में नफरत फैलाने में अपना भरपूर सहयोग किया। खुद को सेलिब्रिटी मानने वाले इन पत्रकारों को यह सब देखकर शर्म आई या नहीं, कहा नहीं जा सकता। क्योंकि जब आंदोलनकारियों को पीटा जा रहा था, जब निर्दोषों का दमन हो रहा था, तब भी ये लोग किसी भी तरह सरकार का बचाव करने में लगे थे। किसी ने नैरेटिव चलाया कि आंदोलन की विदेशी फंडिंग हो रही है, किसी ने साबित करने की कोशिश की कि आंदोलनकारियों ने ही पुलिस को पीटा, वो असामाजिक तत्व हैं। यही सब किसान आंदोलन और शाहीन बाग आंदोलन में भी हुआ था। उन्हें खालिस्तानी, पाकिस्तान और चीन से प्रायोजित, सोरोस का एजेंडा न जाने क्या कुछ कहा गया। नयी पीढ़ी यह सब देख रही थी, इसलिए जब उस पर ऐसे ही आरोप लगे तो उसने अपने तरीके से जवाब दिया।

## हरित भविष्य की राहः प्रकृति संरक्षण का संकल्प

सुनील कुमार महला

प्रतिवर्ष आज जैव विविधता के संरक्षण, विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग सुनिश्चित किए जाने,पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति की रक्षा करने के क्रम में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है। आज विकास की होड़ में जगह-जगह कंक्रीट के जंगल खड़े किए जा रहे हैं और प्राकृतिक संसाधनों का जमकर दोहन किया जा रहा है। मानव अपने स्वार्थ और लालच के चक्कर में प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करना भूल सा गया है और प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जंगल कम होते चले जा रहे हैं और जलवायु परिवर्तन हो रहा है। धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और ग्लेशियर पिघल रहे हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन जैसे जल, वन, मिट्टी, वायु, वन्यजीव और जैव विविधता आदि सीमित हैं तथा इनके संरक्षण के बिना मानव जीवन और सतत विकास संभव नहीं है। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी और नैतिक कर्तव्य है। आज के समय में अनियंत्रित शहरीकरण, प्लास्टिक प्रदूषण, अंधाधुंध खनन और वनों की कटाई प्रकृति के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। वास्तव में प्रकृति केवल हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति का साधन नहीं, बल्कि जीवन का मूल आधार है। यदि जंगल, नदियाँ, मिट्टी, वायु और वन्यजीव सुरक्षित रहेंगे, तभी मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल बचाने, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। प्रकृति का सम्मान और संरक्षण ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे मूल्यवान विरासत है। बहरहाल, यदि हम यहां पर भारत में वनों की स्थिति की बात करें तो एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 21.76% भाग वन क्षेत्र है, जबकि वृक्ष आवरण लगभग 3.41% है। दोनों को मिलाकर वन एवं वृक्ष आवरण लगभग 25.17% है। कहना गलत नहीं होगा कि आज देश में विकास परियोजनाओं, सड़क एवं रेल निर्माण, खनन, शहरीकरण और अवैध कटाई के कारण कई क्षेत्रों में वनों पर दबाव बढ़ रहा है। वनों की कटाई से जैव विविधता घटती है, वन्यजीवों के आवास नष्ट होते हैं, मिट्टी का कटाव बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन की समस्या गंभीर होती है। आज प्रकृति के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती प्लास्टिक प्रदूषण की है। यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो जानकारी मिलती है कि दुनिया में हर वर्ष 400 मिलियन टन (40 करोड़ टन) से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है। इसका बड़ा हिस्सा कचरे के रूप में पर्यावरण में पहुँच जाता है। यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही, तो 2050 तक गलत तरीके से प्रबंधित प्लास्टिक कचरा लगभग दोगुना होकर 12.1 करोड़ टन प्रति वर्ष तक पहुँच सकता है। भारत में भी प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण के समक्ष एक बहुत ही गंभीर व बड़ी चुनौती है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में 2022ञ23 के दौरान लगभग 41.36 लाख टन (4.14 मिलियन टन) प्लास्टिक कचरा दर्ज किया गया। यह बहुत ही संवेदनशील है कि भारत में हर वर्ष लगभग 93 लाख टन (9.3 मिलियन टन) प्लास्टिक पर्यावरण में उत्सर्जित होता है, जो वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण का लगभग 20% है। इतना ही नहीं, आज एआइ व इलेक्ट्रिक व्हीकल का दौर है। एआइ और इलेक्ट्रिक व्हीकल के दौर में भी प्रदूषण की भी चुनौती बहुत बढ़ी है। एआइ के लिए विशाल डेटा सेंटरों को भारी मात्रा में बिजली और पानी की आवश्यकता होती है, जबकि इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों के निर्माण के लिए लिथियम, कोबाल्ट और निकेल जैसे खनिजों का बड़े पैमाने पर खनन किया जाता है, जिससे पर्यावरण पर दबाव बढ़ता है। यदि इन बैटरियों का वैज्ञानिक ढंग से पुनर्चक्रण (रि-साइकल) न किया जाए, तो ये भविष्य में नए प्रकार के प्रदूषण का कारण बन सकती हैं।

# आंदोलन, नेतृत्व और लोकतंत्र : सवालों के बीच सच्चाई की तलाश

**किंतु इतिहास यह भी बताता है कि हर आंदोलन स्वतः पवित्र नहीं होता और न ही हर आंदोलन संदेह से परे होता है। यदि किसी आंदोलन के उद्देश्य, नेतृत्व, वित्तीय स्रोत, संगठनात्मक संरचना और कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठते हैं, तो उनका उत्तर भी लोकतांत्रिक पारदर्शिता के साथ दिया जाना चाहिए। इसी प्रकार, किसी आंदोलन के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का भी मूल्यांकन प्रमाणों के आधार पर होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक धारणाओं के आधार पर। हाल के वर्षों में भारत में अनेक आंदोलनों ने राष्ट्रीय विमर्श को प्रभावित किया है। किसान आंदोलन, नागरिकता संशोधन कानून के विरोध प्रदर्शन, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरुद्ध आंदोलन तथा युवाओं से जुड़े अनेक अभियान इसका उदाहरण हैं। इन आंदोलनों ने यह स्पष्ट किया कि देश का युवा वर्ग अपने अधिकारों और भविष्य के प्रश्नों पर मुखर है। साथ ही, इन आंदोलनों ने यह प्रश्न भी उठाया कि किसी जनांदोलन की वैधता केवल उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके संचालन की पारदर्शिता और उत्तरदायित्व से भी तय होती है।**






डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं चलता, बल्कि नागरिकों की सक्रिय भागीदारी, संवाद, असहमति और उत्तरदायित्व से भी संचालित होता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आंदोलन सामाजिक चेतना का माध्यम होते हैं। वे सत्ता को आईना दिखाते हैं, जनता की पीड़ा को स्वर देते हैं और नीतिगत सुधारों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। किंतु इतिहास यह भी बताता है कि हर आंदोलन स्वतः पवित्र नहीं होता और न ही हर आंदोलन संदेह से परे होता है। यदि किसी आंदोलन के उद्देश्य, नेतृत्व, वित्तीय स्रोत, संगठनात्मक संरचना और कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठते हैं, तो उनका उत्तर भी लोकतांत्रिक पारदर्शिता के साथ दिया जाना चाहिए। इसी प्रकार, किसी आंदोलन के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का भी मूल्यांकन प्रमाणों के आधार पर होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक धारणाओं के आधार पर। हाल के वर्षों में भारत में अनेक आंदोलनों ने राष्ट्रीय विमर्श को प्रभावित किया है। किसान आंदोलन, नागरिकता संशोधन कानून के विरोध प्रदर्शन, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरुद्ध आंदोलन तथा युवाओं से जुड़े अनेक अभियान इसका उदाहरण हैं। इन आंदोलनों ने यह स्पष्ट किया कि देश का युवा वर्ग अपने अधिकारों और भविष्य के प्रश्नों पर मुखर है। साथ ही, इन आंदोलनों ने यह प्रश्न भी उठाया कि किसी जनांदोलन की वैधता केवल उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके संचालन की पारदर्शिता और उत्तरदायित्व से भी तय होती है। जब कोई नया चेहरा अचानक राष्ट्रीय स्तर पर उभरता है, सोशल मीडिया पर अल्प समय में अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त करता है या किसी बड़े आंदोलन का नेतृत्व करता दिखाई देता है, तो स्वाभाविक रूप से जिज्ञासा उत्पन्न होती है। लोग उसके जीवन, पृष्ठभूमि, वैचारिक यात्रा, आर्थिक स्रोत और संगठनात्मक क्षमता के बारे में जानना चाहते हैं। लोकतंत्र में यह जिज्ञासा अनुचित नहीं है। सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्ति से सार्वजनिक जवाबदेही की अपेक्षा भी स्वाभाविक है। किंतु जिज्ञासा और आरोप के बीच एक स्पष्ट रेखा होती है। प्रश्न पूछना लोकतांत्रिक अधिकार है, जबकि बिना प्रमाण किसी निष्कर्ष पर पहुँच जाना लोकतांत्रिक विवेक के विपरीत है। आज सोशल मीडिया ने राजनीति की प्रकृति बदल दी है। पहले लोकप्रियता वर्षों के संघर्ष से मिलती थी, अब कभी-कभी कुछ दिनों में लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुँच बन जाती है। एल्गोरिद्म, वायरल सामग्री, मीडिया कवरेज, समर्थकों के अभियान, विज्ञापन और डिजिटल नेटवर्क किसी व्यक्ति की पहुँच को बहुत तेजी से बढ़ा सकते हैं। इसलिए केवल अनुयायियों की संख्या देखकर किसी षड्यंत्र का निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर यदि किसी डिजिटल अभियान में कृत्रिम प्रचार, बॉट नेटवर्क या अपारदर्शी संसाधनों के संकेत मिलते हैं, तो उनकी स्वतंत्र जाँच भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा होनी चाहिए। लोकतंत्र में आंदोलन की सफलता केवल भीड़ की संख्या से नहीं मापी जाती। कई बार छोटे आंदोलन बड़े परिवर्तन का कारण बनते हैं और कई बार विशाल भीड़ भी स्थायी प्रभाव नहीं छोड़ पाती। किंतु किसी आंदोलन में यदि हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति की क्षति, पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव या उकसावे की घटनाएँ सामने आती हैं, तो उनकी निष्पक्ष जाँच आवश्यक हो जाती है। यह भी उतना ही आवश्यक है कि दोषियों की पहचान व्यक्तिगत जिम्मेदारी के आधार पर हो, न कि पूरे आंदोलन या पूरे समाज को एक ही रंग में रंग दिया जाए। भारत का संविधान नागरिकों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार देता है। साथ ही, राज्य पर यह दायित्व भी डालता है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखे। इसलिए लोकतंत्र में आंदोलन और प्रशासन दोनों की परीक्षा होती है। यदि आंदोलन हिंसक होता है तो उसका नैतिक आधार कमजोर पड़ता है। यदि प्रशासन आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग करता है तो उसकी वैधता पर प्रश्न उठते हैं। संतुलन ही लोकतंत्र की पहचान है। राजनीतिक दलों का आंदोलनों में शामिल होना भी भारतीय राजनीति की पुरानी परंपरा है। विपक्ष का काम केवल संसद में बहस करना नहीं, बल्कि जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों का विरोध करना भी है। इसी प्रकार सत्ता पक्ष का दायित्व केवल विरोध को राजनीतिक साज़िश बताना नहीं, बल्कि जनता के वास्तविक प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत करना भी है। लोकतंत्र में स्वस्थ विपक्ष और उत्तरदायी सरकार दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। आंदोलनों के वित्तीय स्त्रोतों पर पारदर्शिता का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक चलने वाले धरने, मंच, प्रचार, परिवहन, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है। इसलिए यह अपेक्षा अस्वाभाविक नहीं कि बड़े आंदोलनों के आयोजक अपने वित्तीय स्त्रोतों के प्रति पारदर्शी रहें। इसी प्रकार यदि किसी संगठन पर विदेशी फंडिंग या अन्य अवैध आर्थिक सहायता का आरोप लगाया जाता है, तो उसका निर्णय केवल वैधानिक जाँच और न्यायिक प्रक्रिया से ही होना चाहिए। लोकतंत्र में आरोप और प्रमाण समानार्थी नहीं होते। भारत का युवा वर्ग आज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोप, भर्ती प्रक्रियाओं में विलंब, बेरोजगारी और भविष्य की अनिश्चितता युवाओं में असंतोष पैदा करती है। यदि इन वास्तविक समस्याओं का समाधान समय पर न हो, तो कोई भी आंदोलन व्यापक समर्थन प्राप्त कर सकता है। इसलिए सरकारों के लिए सबसे बड़ा उत्तर आंदोलन को दबाना नहीं, बल्कि उन कारणों का समाधान करना है जो आंदोलन की पृष्ठभूमि बनते हैं। उधर आंदोलनकारियों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। यदि आंदोलन किसी विशेष मुद्दे पर है, तो उसका फोकस उसी मुद्दे पर रहना चाहिए। यदि विभिन्न असंबंधित राजनीतिक या वैचारिक एजेंडे उसमें शामिल होने लगें, तो आम नागरिकों के मन में भ्रम उत्पन्न होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि किसी भी जनांदोलन

# महादयी परियोजना को केंद्र से नहीं मिली मंजूरी - विवाद सुप्रीम कोर्ट में लंबित

**यही कारण है कि जब किसी नदी के जल बंटवारे को लेकर राज्यों के बीच मतभेद उत्पन्न होते हैं तो उनका प्रभाव केवल प्रशासनिक स्तर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि लाखों लोगों के जीवन, आर्थिक गतिविधियों और प्राकृतिक संसाधनों पर भी पड़ता है। दक्षिण-पश्चिम भारत की महादयी नदी इसी प्रकार के बहुआयामी विवाद का केंद्र रही है। कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र के बीच दशकों से चल रहे इस विवाद ने समय-समय पर राजनीतिक, कानूनी और पर्यावरणीय बहसों को जन्म दिया है। हाल ही में केंद्र सरकार ने महादयी नदी बेसिन में प्रस्तावित कलसा-बंडूरी पेयजल परियोजना के लिए वन्यजीव मंजूरी संबंधी कर्नाटक सरकार के प्रस्ताव को वापस लौटा दिया। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह मामला वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए वन्यजीव मंजूरी पर आगे की कार्रवाई करना उचित नहीं होगा। भविष्य में न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया जाएगा। इस प्रकार केंद्र सरकार ने प्रस्ताव को अस्वीकार नहीं किया है, बल्कि वर्तमान परिस्थितियों में उस पर निर्णय टाल दिया।**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा

(लेखक)

भारत में नदियाँ केवल जल का स्रोत नहीं हैं, बल्कि कृषि, पेयजल, पर्यावरण, जैव विविधता और क्षेत्रीय विकास की आधारशिला भी हैं। यही कारण है कि जब किसी नदी के जल बंटवारे को लेकर राज्यों के बीच मतभेद उत्पन्न होते हैं तो उनका प्रभाव केवल प्रशासनिक स्तर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि लाखों लोगों के जीवन, आर्थिक गतिविधियों और प्राकृतिक संसाधनों पर भी पड़ता है। दक्षिण-पश्चिम भारत की महादयी नदी इसी प्रकार के बहुआयामी विवाद का केंद्र रही है। कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र के बीच दशकों से चल रहे इस विवाद ने समय-समय पर राजनीतिक, कानूनी और पर्यावरणीय बहसों को जन्म दिया है। हाल ही में केंद्र सरकार ने महादयी नदी बेसिन में प्रस्तावित कलसा-बंडूरी पेयजल परियोजना के लिए वन्यजीव मंजूरी संबंधी कर्नाटक सरकार के प्रस्ताव को वापस लौटा दिया। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यह मामला वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए वन्यजीव मंजूरी पर आगे की कार्रवाई करना उचित नहीं होगा। भविष्य में न्यायालय के निदेर्शों के अनुरूप प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया जाएगा। इस प्रकार केंद्र सरकार ने प्रस्ताव को अस्वीकार नहीं किया है, बल्कि वर्तमान परिस्थितियों में उस पर निर्णय टाल दिया। इस निर्णय ने एक बार फिर महादयी विवाद को राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना दिया है। कर्नाटक सरकार का कहना है कि यह परियोजना उत्तर कर्नाटक के जल संकट से जूझ रहे जिलों के लिए अत्यंत आवश्यक है, जबकि गोवा सरकार का तर्क है कि इससे राज्य की पारिस्थितिकी, नदी प्रवाह और वन्यजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। महाराष्ट्र भी इस नदी बेसिन में अपनी हिस्सेदारी का दावा करता है। परिणामस्वरूप यह विवाद केवल जल बंटवारे तक सीमित न रहकर पर्यावरण संरक्षण, संघीय ढांचे और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बन गया है। महादयी नदी पश्चिमी घाट क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण नदी है। इसे गोवा में ‘मांडोवी नदी’ के नाम से भी जाना जाता है। यह नदी पश्चिमी घाट के घने वनों और जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्रों से होकर गुजरती है। इसकी कुल लंबाई लगभग 111 किलोमीटर मानी जाती है। महादयी नदी का उद्गम कर्नाटक के बेलगावी जिले के पश्चिमी घाट क्षेत्र में होता है। इसके बाद नदी गोवा में प्रवेश करती है और अंततः अरब सागर में मिल जाती है। नदी का अधिकांश प्रवाह गोवा में है, जबकि इसका जलग्रहण क्षेत्र कर्नाटक और महाराष्ट्र तक फैला हुआ है। इस नदी की अनेक सहायक नदियाँ हैं, जो वर्षा ऋतु में जल प्रवाह को बढ़ाती हैं। पश्चिमी घाट क्षेत्र में भारी वर्षा होने के कारण महादयी नदी वर्षभर जल उपलब्ध कराती है। यही कारण है कि यह नदी गोवा की जीवनरेखा मानी जाती है। महादयी नदी का महत्व तीनों राज्यों के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण से देखा जाता है। गोवा में यह नदी पेयजल की प्रमुख स्त्रोत है। राजधानी पणजी सहित अनेक शहरों और कस्बों को इसी नदी से जल आपूर्ति होती है। नदी पर्यटन, मत्स्य पालन, नौवहन और कृषि के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। गोवा की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा पर्यटन पर आधारित है। महादयी और मांडोवी नदी पर आयोजित क्रूज पर्यटन, जल क्रीड़ाएँ तथा नदी तटीय पर्यटन राज्य की आय में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कर्नाटक विशेषकर उत्तर कर्नाटक के कई जिले लंबे समय से पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। राज्य सरकार का कहना है कि महादयी नदी की कुछ सहायक धाराओं से सीमित मात्रा में पानी लेकर इन क्षेत्रों को राहत दी जा सकती है। हुबली-धारवाड़, बेलगावी, गदग तथा आसपास के क्षेत्रों में गर्मियों के दौरान पानी की भारी कमी देखने को मिलती है। कलसा-बंडूरी परियोजना का उद्देश्य इन्हीं क्षेत्रों की जल आवश्यकताओं को पूरा करना है। महाराष्ट्र का महादयी नदी बेसिन में सीमित हिस्सा है, लेकिन राज्य भी जल उपयोग के अपने अधिकारों का दावा करता रहा है। इसलिए वह भी इस विवाद में एक पक्ष बना हुआ है। महादयी नदी का अधिकांश जलग्रहण क्षेत्र पश्चिमी घाट में स्थित है। पश्चिमी घाट विश्व के सबसे महत्वपूर्ण जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से एक माना जाता है। यह क्षेत्र अनेक दुर्लभ वनस्पतियों, पक्षियों, स्तनधारियों और सरीसृपों का प्राकृतिक आवास है। यहाँ बाघ, तेंदुआ, हाथी, गौर, हिरण, मालाबार विशाल गिलहरी तथा अनेक संकटग्रस्त प्रजातियाँ पाई जाती हैं। महादयी वन्यजीव अभयारण्य तथा आसपास के संरक्षित वन इस पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पर्यावरणविदों का मानना है कि नदी के प्राकृतिक प्रवाह में किसी भी प्रकार का बड़ा परिवर्तन वन्यजीवों और जंगलों पर दीर्घकालीन प्रभाव डाल सकता है। महादयी जल विवाद नया नहीं है। इसकी शुरूआत लगभग चार दशक पहले हुई थी। जैसे-जैसे उत्तर कर्नाटक में जल संकट बढ़ा, राज्य सरकार ने महादयी नदी की सहायक धाराओं से पानी मोड़ने की योजना तैयार की। गोवा ने इसका विरोध किया और कहा कि इससे राज्य में नदी का प्राकृतिक प्रवाह कम हो जाएगा। धीरे-धीरे यह विवाद दोनों राज्यों के बीच राजनीतिक मुद्दा बन गया। कई बार आंदोलन हुए, ज्ञापन दिए गए और केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की गई। जब आपसी सहमति नहीं बन सकी तो मामला कानूनी प्रक्रिया तक पहुँच गया। महादयी जल विवाद न्यायाधिकरण ने वर्षों तक तकनीकी और कानूनी अध्ययन किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इनमें प्रमुख थे वर्षा के आँकड़े। नदी के प्रवाह का वैज्ञानिक अध्ययन।



संजय कुमार सुमन

# सावन में हरे रंग का महत्व

सावन मास आते ही प्रकृति अपने सबसे हरे और जीवंत रूप में प्रकट होती है। पेड़, पत्ते, खेत और वातावरण एक अद्भुत हरियाली से भर जाते हैं।हरा रंग प्रकृति का रंग है और यह ताजगी और नई शुरूआत का प्रतीक है। यह रंग हमें प्राकृतिक चीजों के करीब लाता है और हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाता है।इसी के साथ भारतीय परंपरा में विशेष रूप से महिलाओं द्वारा हरे वस्त्र और हरी चूड़ियाँ धारण करने की परंपरा देखने को मिलती है। यही कारण है कि सावन के महीने में हरे रंग की चूड़ियां और कपड़े आदि पहनना शुभ माना जाता है।सावन के महीने में बारिश होती है, जो धरती को हरा-भरा बना देती है। हरे रंग के कपड़े पहनने से महिलाओं को प्रकृति से जुड़ाव महसूस होता है।यह उन्हें ताजगी और शांति का अनुभव कराती है। हरा रंग न केवल शिव की कृपा प्राप्त करने का प्रतीक है, बल्कि यह हमें प्राकृतिक चीजों के करीब भी लाता है और हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाता है। इस तरह, हरे रंग का उपयोग सावन में खास महत्व रखता है।सावन आते ही चारों तरफ हरियाली आ जाती है। यह महीना प्रकृति के साथ जुड़ने के लिए सबसे उत्तम समय माना जाता है। मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ को हरी-भरी प्रकृति बेहद प्रिय है। इसलिए सावन माह में हरे रंग का वस्त्र पहना शुभ माना गया है। इस माह में सुहागिनें श्रृंगार में हरे रंग का इस्तेमाल ज्यादा करती है और हरे रंग की चूड़ियां और साड़ी पहनकर भगवान शिव की पूजा करती हैं। हरा रंग प्रेम,खुशहाली और सुख-सौभाग्य का प्रतीक होता है। इसलिए महिलाएं सावन में हरे रंग का वस्त्र और चूड़ी पहनती हैं और हाथों में मेंहदी लगाती है। ज्योतिष में हरे रंग का स्वामी बुध ग्रह को माना गया है। हरा रंग बसंत ऋतु, प्रकृति, नवजीवन, कर्मठता और जवानी की रंग माना जाता है। हरा रंग शांति, तनाव से मुक्ति और स्फूर्ति देने में लाभकारी माना गया है। कहा जाता है कि हरे रंग के इस्तेमाल से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सावन में सुहागिन महिलाएं हरे रंग की चूड़ियां, साड़ियां, बिंदी और मेहंदी का उपयोग विशेष रूप से करती हैं। ये केवल श्रृंगार की वस्तुएं नहीं हैं, बल्कि इनका गहरा आध्यात्मिक अर्थ भी है। हरे रंग की चूड़ियां सौभाग्य और अखंड सुहाग का प्रतीक होती हैं, वहीं मेहंदी का गहरा रंग प्रेम और भक्ति की गहराई को दशार्ता है। सावन केवल एक ऋतु नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने का एक आध्यात्मिक पर्व है। हरियाली, भक्ति और प्रेम से ओत-प्रोत यह मास हमें प्रकृति से जुड़ने, रिश्तों को सहेजने और शिव की कृपा प्राप्त करने का सुंदर अवसर देता है।महिलाएं जब हरे रंग से सजी-संवरी भोलेनाथ की आराधना करती हैं, तो वह केवल परंपरा नहीं निभा रहीं होतीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन दर्शन को साकार कर रही होती हैं। भारतीय परंपराओं में हरा रंग समृद्धि, उर्वरता और नई शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। सावन के दौरान, कई महिलाएं धार्मिक समारोहों और उत्सवों में भाग लेते समय हरे रंग के वस्त्र पहनना पसंद करती हैं, जो इन सकारात्मक मूल्यों का प्रतीक है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए श्रावण माह में गहन तपस्या की थी। इसी कारण हरा रंग शुभ माना जाता है, विशेषकर विवाहित महिलाओं और सावन के अनुष्ठान करने वालों के लिए।हरी साड़ी श्रावण माह की भावना को खूबसूरती से प्रतिबिंबित करती है और साथ ही शाश्वत सुंदरता भी प्रदान करती है। हाथ से बुने हुए कपड़े, समृद्ध बनावट और पारंपरिक शिल्प कौशल उन्हें मंदिर दर्शन, पारिवारिक समारोहों और उत्सवों के लिए विशेष रूप से सार्थक बनाते हैं। हम जीवन के सभी सकारात्मक पहलुओं जैसे झ्र स्वास्थ्य, शक्ति, धन-समृद्धि, संतुलन, विकास आदि में हरे रंग का प्रयोग करना शुभ मानते हैं। रचनात्मकता और उत्पादकता को बढ़ाने में भी हरे रंग की विशेष भूमिका होती है। गहरा हरा रंग पुरूषत्व को तथा हल्का हरा रंग स्त्रीत्व को दशार्ता है। हरे रंग के विभिन्न रूपों के भिन्न प्रभाव देखने को मिलते हैं। गहरे हरे रंग को धन से जोड़ा जाता है।चमकीले हरे रंग को उम्मीद और सुरक्षा से जोड़ा जाता है। यह रंग स्थिरता और धीरज का भी प्रतिनिधित्व करता है, हालांकि यह प्रकृति से जुड़ा हुआ है। चमकीले हरे रंग को अक्सर पौधों और पर्यावरण के अनुकूल माना जाता है।

# जनता के दरबार में डीएम ने सुनीं 46 फरियादियों की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव द्वारा संचालित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत सोमवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित जनता दरबार में कुल 46 फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए, जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निष्पादन के स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सबका सम्मान, जीवन आसान की भावना के अनुरूप प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम आमजन और प्रशासन के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। जनता दरबार में सर्वाधिक मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने ऐसे मामलों के निष्पादन में तेजी लाने, लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने तथा पात्र आवेदकों को नियमानुसार शीघ्र राहत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त सभी आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए, समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक मामले की नियमित निगरानी की जाएगी। जिलाधिकारी ने दोहराया कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## डीएम ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, अधिकारियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाने का निर्देश

छपरा। जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं अन्य प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के साथ छपरा नगर निगम क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने दारोगा राय चौक, थाना चौक, नगरपालिका चौक, खनुआ नाला सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी अपने-अपने तैनाती स्थल पर पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरीय अधिकारियों को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने, हिंसा, तोड़फोड़ अथवा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध विधि-सम्मत एवं कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिलेवासियों से शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं। साथ ही अभिभावकों से विशेष आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को गैर-कानूनी एवं उपद्रवी गतिविधियों से दूर रखें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## युवा संवाद अभियान को मिलेगा रफ्तार, डीएम ने 2-3 दिनों का विशेष कार्य कैलेंडर बनाने का दिया निर्देश

छपरा। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में युवा संवाद अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अधिकारियों को अगले 2से3 दिनों का विशेष कार्य कैलेंडर तत्काल तैयार करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं से नियमित संवाद स्थापित कर उनका फीडबैक लिया जाए तथा उन्हें सकारात्मक गतिविधियों और सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव, बिहार के निर्देशानुसार जिले में शिक्षाविदों, प्रतिष्ठित नागरिकों, खिलाड़ियों, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, चिकित्सकों तथा अभिभावकों की सहभागिता से विद्यालयों, महाविद्यालयों और प्रमुख कोचिंग संस्थानों में संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में प्रेरक सत्र, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तर एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को मार्गदर्शन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह में सामूहिक संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं की जानकारी अधिकाधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाने तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स, व्यापारिक संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने 25 जुलाई को शहर में हुई उपद्रवी घटनाओं के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें

### विगत 24 घंटे में 74 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार, अवैध शराब भी किये गये जब्त

छपरा सदर। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन,बिक्री,भंडारण,बिक्री, निर्माण और परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए 26 जुलाई को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-74 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें सार्वजनिक संपत्ति की क्षति में 30, वारंट में 25, शराब सेवन में 8, शराब कारोबार में 3,हत्या के प्रयास में 3, चोरी में 1अपहरण में 3 और गृहभेदन में 1 अभियुक्त शामिल है।वही अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-42 वाहनों से 77,000 रूपए जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत कुल शराब-176.8लीटर, मोटरसाईकिल-02, मोबाईल-03, टोटो-01एवं अपहृत-01 बरामद की गई।

### कुपोषण पीड़ित एक बच्ची को एनआरसी भेजा गया

मशरक। मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से सोमवार को गंभीर तीव्र कुपोषण पीड़ित एक बच्ची को एम्बुलेंस से पोषण पुनर्वास केंद्र छपरा भेजा गया। कुपोषण पीड़ित बच्ची मशरक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कर्ण कुदरिया पंचायत के वार्ड नंबर 13 के ललन राय की पुत्री प्रिया कुमारी है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर आनंतनारायण कश्यप ने बताया कि कुपोषण पीड़ित बच्ची को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा गया है।जहां चौबीसो घंटे चिकित्सा, उपचार और संतुलित आहार की सुविधा उपलब्ध है। बच्ची के साथ रहने वाले एक अभिभावक को सरकार की तरह से मुफ्त मे रहने और खाने की व्यवस्था की जाती है। बताते चले की आंगनबाड़ी सेविका को अपने पोषण क्षेत्र मे कुपोषण पीड़ित, जन्मजात दोष, शारीरिक दोष और विकास मे देरी वाले बच्चो को चिन्हित कर एनआरसी को सुचित किया जाता है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से साइकिल सवार युवक घायल

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के तख्त गांव के पास मुख्य मार्ग एसएच 90 पर अज्ञात वाहन की ठोकर से एक साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगो ने घायल युवक को इलाज लिए मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया। घायल युवक चरिहारा गांव निवासी राजीव राम का पुत्र गोलू कुमार है। जो रविवार को देर शाम मशरक बाजार से अपने घर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी।

### जमीनी विवाद के मारपीट मे दो लोग घायल

मशरक। मशरक थाना क्षेत्र के बहरौली गांव मे पैतृक जमीन हिस्सेदारी के विवाद को लेकर हुई मारपीट मे दो लोग घायल हो गए। दोनो का उपचार मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे कराया गया। रविवार को देर शाम अस्पताल पहुंचे दोनो इलाज के दौरान आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए शोर मचाने लगे।

### पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी की मुस्तैदी एवं पैदल गश्ती जारी

छपरा सदर। 25 जुलाई को बंद के द्वारा आंदोलनकार्योकी उपद्रव,तोड़फोड़,आगजनी आदि को देखते हुए सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निदेर्शानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों, प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों एवं रेलवे जंक्शन पर विधि-व्यवस्था हेतु पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी हुई है तथा ये मुस्तैद हैं एवं लगातार पैदल गश्ती एवं सतर्क निगरानी कर रहे है। वही सारण पुलिस आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

## जिला स्कूल में निर्वाचक साक्षरता क्लब का किया गया उन्मुखीकरण

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा। शहर के मॉडल विद्यालय जिला स्कूल में सोमवार को निर्वाचक साक्षरता क्लब (इएलसी) की उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया. भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आदेश जारी किया है कि जिले के सभी कालेज, स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों में इएलसी को सक्रिय किया जाए. उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल के मार्गदर्शन और डीईओ निशांत किरण के नेतृत्व में शैक्षणिक संस्थानों में इएलसी के उनमुखीकरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है. जिला निर्वाचन शाखा के निदेश पर मास्टर प्रशिक्षक की टीम जिला स्कुल पहुंची. नदीम अहमद ने इएलसी का परिचय कराते हुए प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जागरुकता सत्र का संचालन किया. उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के गठन से लेकर उसकी भूमिका एव उतरदायित्वों से परिचित कराया. उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान प्रक्रिया एवं मतगणना प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी. स्वीप के एक्सपर्ट शिक्षक संतोष कुमार बंटी ने निर्वाचक सूची की तैयारी एवं अद्यतीकरण की बुनियादी समझ पर प्रकाश डाला. उन्होंने मतदाता सूची में निबंधन की प्रक्रिया एवं मतदाता सेवा से संबंधी जागरुकता में इएलसी की भूमिका को रेखांकित करते हुए आयोजित की जाने वाली क्विज, वाद-विवाद, छदम मतदान, निबंधन प्रतियोगिता एवं अन्य प्रकार की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट का परिचय प्रस्तुत किया. मौके पर प्रधानाध्यापक मनीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में इएलसी के नोडल शिक्षक नीतेश भारद्वाज और सहयोगी नोडल शिक्षिका नीलू कुमारी के द्वारा छात्रों की सहभागिता से निर्वाचक साक्षरता क्लब के नए एम्बेसडर का निर्वाचन आयोजित किया गया।

बच्चों ने आपसी सहमति से छात्र और छात्रा कोटि में विद्यालय एम्बेसडर का चुनाव कराया. इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी में बेहतर सक्रियता दिखाने और अन्य गतिविधियों में ऐक्टिव रहने के आधार पर छात्रा कोटि में अदिति कुमारी पांडेय व श्वेता कुमारी को तथा छात्र कोटि में निर्भय कुमार व हरिओम कुमार को ऐंबेसडर बनाया गया. वर्ग नवम, दशम और ग्यारहवीं के सभी बच्चों ने सदस्यता ग्रहण की.

### योगियां सीआरसी पर एक दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण सम्पन्न

रसूलपुर।थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत स्थित रामनंदन हाईस्कूल योगियां सीआरसी पर सोमवार को एफ एल एन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का प्रारंभ सीआरसी संचालक सह हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव व प्रशिक्षक गरिमा कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।अपने संबोधन में केंद्र संचालक यादव ने कहा कि हाईस्कूल और विश्वविद्यालयों तक जो छात्र जाते हैं उसका बुनियाद प्राथमिक विद्यालय में ही बनाया जाता है।आज के तकनीकी युग में नयी शिक्षा नीति के तहत एफ एल एन प्रशिक्षण लेकर चौथी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के छात्रों में भाषा और संख्यात्मक ज्ञान को बढ़ावा देकर उनके सीखने की बुनियाद को मजबूत बनाया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर गरिमा कुशवाहा ने एफ एल एन प्रशिक्षण में प्रशिक्षु शिक्षकों से विद्यालय में स्थानीय भाषा में छात्रों से बात चीत करने पर बल दिया। प्रशिक्षण के पूर्व संगीत शिक्षक राजेश कुमार और हाईस्कूल की छात्राओं द्वारा अतिथि शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

## छपरा का छात्र प्रोटेस्ट खत्म, उपद्रवियों पर सारण पुलिस कर रही विधि सम्मत कार्रवाई

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर। विगत 25 जुलाई को आयोजित प्रदर्शन के दौरान हुई विधि-व्यवस्था संबंधी घटनाओं के संबंध में सारण पुलिस द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में अब तक 04 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिनमें 186 नामजद एवं लगभग 2500 अज्ञात अभियुक्तों को आरोपित किया गया है। 196 व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन की कार्रवाई की गई। उपलब्ध साक्ष्यों एवं विधिक प्रक्रिया के आधार पर 56 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। शेष 140 व्यक्तियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं पाए जाने के कारण उन्हें बंधपत्र पर मुक्त कर दिया गया। वही सारण पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध केवल संदेह, अफवाह, सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री अथवा किसी के कथन मात्र के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रत्येक कार्रवाई उपलब्ध वीडियो फुटेज, डिजिटल एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा अन्य विधिसम्मत प्रमाणों के सम्यक परीक्षण के आधार पर की जा रही है। जिन व्यक्तियों की हिंसात्मक, उपद्रवी अथवा अन्य विधि-विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होंगे, उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जिन व्यक्तियों के विरुद्ध ऐसे साक्ष्य उपलब्ध नहीं होंगे, उनके विरुद्ध कोई विधिक कार्रवाई नहीं की जाएगी। वही सारण पुलिस द्वारा आम लोगों की आशंका को दूर करते हुए कहा गया है कि शांतिपूर्ण एवं कानून का पालन करने वाले छात्र-छात्राओं तथा आम नागरिकों को किसी प्रकार की आशंका अथवा भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही सारण पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा अपुष्ट सूचना पर ध्यान न दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। सारण पुलिस निष्पक्ष, पारदर्शी एवं साक्ष्य-आधारित कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

### मशरक में शुरू हुआ एफएलएन प्रशिक्षण

मशरक। जिला पदाधिकारी, सारण की महत्वाकांक्षी पहलों में शामिल एफ एल एन कार्यक्रम के तहत सोमवार को मशरक प्रखंड के आधे दर्जन से अधिक सीआरसी में एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण हुआ। राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा, सारण राजेश कुमार मांझी, पटना से पहुंचे स्टेट नोडल ट्रेनर शशि ओझा ने किया। मौके पर सीआरसी के प्रभारी संचालक संजय कुमार सिंह, समन्वयक उपेंद्र कुमार सिंह, जिला साधनसेवी क्षितिज कुमार, प्रखंड साधन सेवी प्रभात कुमार शर्मा, रहमत अली मंसूरी, मास्टर ट्रेनर चंदन कुमार, पूजा गुप्ता मौजूद रहे। समग्र शिक्षा एवं प्रथम संस्था के संयुक्त सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा 4 से 8 तक के चिन्हित कमजोर बच्चों के भाषा एवं गणितीय अधिगम स्तर में सुधार लाना है। पदाधिकारियों ने सभी प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर मौके पर कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया।

## बिहार की बेटी सबिता महतो ने रचा विश्व की बुलंदियों पर इतिहास

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। बिहार के सारण जिलांतर्गत एक छोटे से गांव से निकल कर अंतर्राष्ट्रीय एंड्योरेंस एथलीट सबिता महतो ने विश्व की सबसे कठिन चुनौतियों में शामिल एक और अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर देश का नाम रोशन किया है। सबिता ने लद्दाख के लेह से विश्व के सबसे ऊंचे मोटरेबल दर्रों में शामिल मिग ला पास (लगभग 19, 400 फीट) तक 265 किलोमीटर की अल्ट्रा रन मात्र छह दिनों में पूरी कर नया इतिहास रच दिया। उनकी यह उपलब्धि केवल खेल जगत की सफलता नहीं, बल्कि साहस, धैर्य, संकल्प और महिला सशक्तिकरण का एक प्रेरणादायी उदाहरण बन गई है। यह अभियान अत्यंत चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों में पूरा किया गया। ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी, हड्डियां जमा देने वाली ठंड, तेज बर्फीली हवाएं, लगातार बदलता मौसम, दुर्गम और निर्जन रास्ते तथा कठिन चढ़ाई जैसी परिस्थितियां किसी भी एथलीट की शारीरिक और मानसिक क्षमता की कड़ी परीक्षा लेती हैं। इन सभी चुनौतियों का सामना करते हुए सबिता महतो ने छह दिनों में अपनी मंजिल हासिल कर यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती है। सारण जिले के पानापुर प्रखंड अंतर्गत दियारा क्षेत्र की रहने वाली सबिता महतो का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। एक साधारण परिवार में जन्मी सबिता ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को कभी छोटा नहीं होने दिया। आर्थिक कठिनाइयों के बीच उन्होंने खेल को अपना जुनून बनाया और लगातार कठिन अभ्यास के दम पर खुद को देश की प्रमुख एंड्योरेंस एथलीटों की कतार में खड़ा कर दिया। आज उनकी सफलता लाखों युवाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। हालांकि सबिता महतो इससे पहले भी कई ऐतिहासिक उपलब्धियां अपने नाम कर चुकी हैं। वर्ष- 2022 में उन्होंने नई दिल्ली से विश्व के सबसे ऊंचे मोटरेबल रोड उम्लिंग ला पास तक लगभग 1, 200 किलोमीटर की सोलो साइक्लिंग पूरी कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई थी। इसके बाद उन्होंने मनाली से उम्लिंग ला पास तक लगभग 570 किलोमीटर की अल्ट्रा रन सफलतापूर्वक पूरी कर चुकी है। उन्होंने माउंट एवरेस्ट अभियान में भी हिस्सा लेकर विपरीत परिस्थितियों में अपने साहस और अदम्य इच्छाशक्ति का परिचय दिया। अब मिग ला पास तक की यह अल्ट्रा रन उनके साहसिक अभियानों में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ती है।

सबिता ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल एक कठिन अल्ट्रा रन पूरी करना नहीं था, बल्कि देश के युवाओं और विशेष रूप से बेटियों को यह संदेश देना था कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत ईमानदार हो और आत्मविश्वास अटूट हो, तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती है। उन्होंने कहा कि हर युवा को अपने सपनों के लिए लगातार संघर्ष करना चाहिए, क्योंकि सफलता उन्हीं को मिलती है जो चुनौतियों से डरने के बजाय उनका सामना करते हैं।

## उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में रामेश्वर गोप रघुवीर नारायण के बटोहिया गीत का करेंगे गायन

प्रात: किरण संवाददाता



रसूलपुर। 2 अगस्त रविवार को उड़ीसा के जगन्नाथ धाम में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री सदाशिव पुरी प्रांगण में आयोजित एक सम्मेलन में रघुवीर नारायण रचित प्रसिद्ध बटोहिया गीत गूंजेगा।बटोहिया गीत के साथ महेंद्र मिसिर व भिखारी ठाकुर की रचनाओं पर आधारित गीतों की भी प्रस्तुति होगी।उड़ीसा के बौद्ध जिले में स्थापित ज्ञान प्रकाश के दसवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित बौद्धिक सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रदेशों के लोक-संस्कृति की प्रस्तुति होगी जिसमें भोजपुरी की प्रसिद्ध देश भक्ति रचना बटोहिया का चयन किया गया है, जिसे सारण जिले के शिक्षक सह लोक गायक रामेश्वर गोप प्रस्तुत करेंगे।प्रसार भारती भारत सरकार के आकाशवाणी व दूरदर्शन के ग्रेड ए के लोक गायक गोप के अनुसार उनके और भोजपुरी के लिए यह गर्व की बात है।एक दिवसीय सम्मेलन में ओडिसी,असमिया,बंगाली,तमिल आदि लोक-संस्कृति के बीच अपने सारण जिले से जुड़े बाबू रघुवीर नारायण की चर्चित व भोजपुरी का राष्ट्रीय गीत के रूप में प्रसिद्ध रचना ह्यसुंदर सुभूमि भैया भारत के देशवा से मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहियाह्नका गायन देश के कोने-कोने से आये विद्वान सुनेंगे।

## महाराजगंज सांसद ने मांझी गढ़ एवं हरपुर गढ़ को संरक्षित करने की मांग

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा सदर । महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने लोकसभा में नियम-377 के अधीन महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के माँझी गढ़ और हरपुर गढ़ को संरक्षित कर उसका संवर्धन किया जाने से संबंधित विषय पर अपनी बात सदन के पटल पर रखी। उन्होंने अध्यक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के सारण (छपरा) जिला अंतर्गत माँझी प्रखंड के माँझी में 13 वी सदी के महान प्रतापी राजा वीर मकर माँझी ( चेरो वंश) द्वारा बनवाया गया बहुत ही प्राचीन, प्रसिद्ध और ऐतिहासिक माँझी गढ़ है। यह गढ़ सरयू नदी के किनारे लगभग 52 बीघा क्षेत्र में है। मेरे संसदीय क्षेत्र में एक दूसरा गढ़ सारण जिला के ही बनियापुर प्रखंड के हरपुर गांव में हरपुर गढ़ है। यह गढ़ भी बहुत ही ऐतिहासिक है। उपर्युक्त दोनों गढ़ों का धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत ही प्राचीन ऐतिहासिक महत्व रहा है। यह दोनों गढ़ बिहार के सांस्कृतिक विरासतों में भी बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इन दोनों जगहों पर बिहार एवं बिहार के बाहर के लोगों का पर्यटकीय और धार्मिक दृष्टि से बड़ी संख्या में आवागमन होता है। इसलिए इतने महत्वपूर्ण गढ़ों का संरक्षण और संवर्धन कर विकसित किया जाना जनहित में बहुत ही आवश्यक है।

### बनियापुर में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

बनियापुर। प्रखंड सभागार में बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एव सभी विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई,जिस कार्यक्रम की अध्यक्ष बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा ने किया,जिस कार्यक्रम में प्रखंड सदस्य सचिव सह बीडीओ रमेंद्र कुमार द्वारा समिति द्वारा पूर्व में दी गई प्रतिवेदन पर चर्चा किया गया वही सदन में समिति के प्रतिवेदन पर उसको कार्यान्वयन पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया,जहां सभी सदस्यों ने सरकार प्रायोजित योजनाओं पर जोर शोर से आवाज उठाते बिजली विभाग की अनियमितता,भूमि सुधार ,राजस्व विभाग,वृद्धावस्था पेंशन,आवास योजना ,कृषि विभाग के पदाधिकारियों पर अपनी भरास उतारी ,कहा गया कि योजनाओं का सही संचालन हो,जन जन तक योजनाओं का लाभ मिले,भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की तैयारी पूरी, सरकारी योजनाओं का लाभ और सम्मान एक ही मंच पर मिलेगा

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सारण द्वारा आगामी 29 जुलाई 2026 को भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह, छपरा में शौर्य संबंध कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम झारखंड एवं बिहार सब एरिया, बिहार रेजीमेंटल सेंटर तथा सैनिक कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सारण, सिवान एवं गोपालगंज जिले के पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं तथा सैनिक आश्रितों को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न कल्याणकारी एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस संबंध में अवकाश प्राप्त कर्नल सह जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, कर्नल मनीष कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पूर्व सैनिक परिवार इस अवसर का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सम्मान समारोह तक सीमित नहीं है, बल्कि पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पेंशन, स्वास्थ्य, पुनर्वास, रोजगार, शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराना भी है। कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना जाएगा। मनीष कुमार ने सभी पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं सैनिक आश्रितों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन सैनिक परिवारों के सम्मान, संवाद और कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभार्थी समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर उपलब्ध सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा उनका लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले प्रतिभागियों की सुविधा के लिए लगभग 10 से अधिक प्रखंडों से बसों की विशेष व्यवस्था भी की गई है। निर्धारित मार्गों से बसें प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल तक लाएंगी तथा कार्यक्रम समाप्ति के बाद वापस उनके क्षेत्र तक छोड़ने की व्यवस्था भी रहेगी। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि 29 जुलाई का शौर्य संबंध कार्यक्रम सैनिक परिवारों के सम्मान, उनके कल्याण तथा प्रशासन और पूर्व सैनिक समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

### शिक्षकों का एकदिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित

पानापुर (सारण)शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार सोमवार को पानापुर प्रखंड के पांच संकुल संसाधन केंद्रों पर वर्ग 4 से 8 तक के विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (एफएलएन) को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।पानापुर संकुल संसाधन केंद्र में प्रशिक्षण का उद्घाटन बीईओ धीरेंद्र प्रसाद, प्रधानाध्यापिका अंजना कुमारी एवं समन्वयक शिवकुमार राम ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीईओ ने कहा कि बच्चों की मजबूत बुनियाद के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण में सीखी गई नई शिक्षण विधियों का विद्यालयों में प्रभावी उपयोग करना चाहिए।प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम, खेल-खेल में गणित तथा भाषा कौशल विकास पर विशेष जानकारी दी गई। इस अवसर पर अरुण कुमार तिवारी, अनिल कुमार यादव, आमोद कुमार, अखिलेश पांडेय, नीतू कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### छात्रों के प्रदर्शन का सेल्फी युवकों को पर पड़ा महंगा, हुई कार्रवाई

दरियापुर। डेरनी पुलिस द्वारा जिला मुख्यालय में छात्रों के प्रदर्शन में शामिल दो युवकों को हिरासत में लेकर छपरा भेज दिया।हिरासत में लिए गए युवकों में फुरसतपुर निवासी मुस्लिम मियां का पुत्र अरमान आलम तथा कोठिया निवासी दुर्गा महतो का पुत्र सुधीर कुमार बताया जाता है।इस संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक शनिवार को छपरा शहर में छात्रों द्वारा किए गए हिंसक प्रदर्शन में शामिल थे।जिसका सेल्फी लेकर स्टेट्स भी लगाया गया था।जिसके उपरांत पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए हिरासत में लेकर छपरा नगर थाना भेज दिया गया। वहीं इस मामले को लेकर युवकों के परिजनों में काफी नाराजगी देखी गई।

## सांसद रूडी के प्रेस से आयुष्मान कार्ड का हुआ वितरण

प्रात: किरण संवाददाता

परसा। स्थानीय प्रखंड के अन्याय पंचायत के अन्याय पंचायत भवन पर सांसद राजीव प्रताप रूडी के सहयोग से एल. एन. जी पेट्रोनेट और रूरल युथ कोऑडिनेशन अमनौर के द्वारा 148 आयुष्मान कार्ड का किया गया वितरण ज्ञात हो की इसी स्थान पर कुछ दिन पहले सांसद रूडी के निर्देश पर ही उनके टीम द्वारा लोगो का निशुल्क पंजीकरण किया गया था वही अब कार्ड बन जाने पर लोगो को सांसद रूडी के निर्देश पर उसी स्थान पर भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी उपेंद्र शर्मा के द्वारा वितरण किया गया इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह और मंडल अध्यक्ष अजय नाथ पूरी ने कहा की सांसद रूडी हमेशा लोगो के जनहित के कार्य करते रहते है और सभी लोगो तक सरकारी लाभ पहुँचे इसके लिए गाँव गाँव कैंप लगाकर निशुल्क कार्ड बनाया जा रहा है और वितरण किया जा रहा है और सभी समाज के लोग को विपरीत परिस्थिति मे इसका लाभ मिल रहा है इस अवसर पर विकास सिंह आकाश सिंह आरायण रामझरी देवी माती देवी सुनीता देवी सोना देवी नाजिया परवीन सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे सभी लोगो ने इस कार्य के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी को धन्यवाद दिया

### 60 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार,भेजा गया जेल

बनियापुर। सहाजीतपुर थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव में बिक्री के लिए रखे देशी शराब को पुलिस ने गुप्त सूचना पर 60 लीटर देशी शराब बरामद करते,धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है।थानाध्यक्ष बिरजू कुमार ने बताया कि श्रीपुर निवासी हरेन्द्र राउत के यहां चोरी छिपे शराब बिक्री की सूचना प्राप्त हुई थी,जिस आधार पर छापामारी की गई जहां से पुलिस ने उसके घर से 60 लीटर देशी शराब बरामद किया वही पुलिस की भनक पर धंधेबाज हरेंद्र राउत को गिरफ्तार कर लिया गया,वही एसआई रंजीत कुमार के बयान पर प्राथमिकी के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

## नेत्रदान बना जनआंदोलन, हर वर्ग से मिल रहा समर्थन

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। शहर के काशी बाजार निवासी स्वर्गीय बच्ची देवी के निधन के उपरांत उनके द्वारा किए गए नेत्रदान के पुण्य कार्य के लिए उनके परिजनों को पगड़ी रस्म के अवसर पर सम्मानित किया गया। दधीचि देहदान समिति की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर परिवार के इस मानवीय एवं प्रेरणादायी निर्णय का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद, महासचिव पद्मश्री विमल जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुभाष प्रसाद, सचिव श्री आनंद प्रधान, उपाध्यक्ष अरुण सत्यमूर्ति, कार्यालय प्रभारी सूरज तथा बिहार प्रदेश से आए समिति के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। दधीचि देहदान समिति, छपरा इकाई के संरक्षक शिक्षा विद डॉ. हरेंद्र सिंह, संरक्षक इंजीनियर ललित कुमार सिंह, संरक्षक धर्मगुरु अरुण पुरोहित, पूर्व विधायक डॉ. सी.एन. गुप्ता, जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी, वरीय उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, संयुक्त सचिव शैलेंद्र पुरी, मीडिया प्रभारी शशि शेखर सिंह ह्यकौशिकह्न, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, सदस्य अमोद सहाय, मंतोष मिश्रा, प्रवीण ओबेरॉय तथा समिति के सभी सदस्यों के अथक प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संरक्षक डॉ. हरेंद्र सिंह ने कहा कि नेत्रदान, अंगदान और देहदान से बड़ा कोई दान नहीं है।ह्व उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी अपना संपूर्ण देहदान संकल्पित कर चुके हैं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति से इस पुनीत अभियान से जुड़ने की अपील की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि आने वाले समय में जिला स्तर पर एक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका स्वाति मिश्रा भी शामिल होकर लोगों को नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के प्रति जागरूक करेंगी। जिला अध्यक्ष संजीव चौधरी ने बताया कि पिछले पाँच वर्षों से समिति द्वारा लगातार जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उनकी पूरी टीम गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को नेत्रदान, अंगदान और देहदान के महत्व से अवगत करा रही है। उन्होंने कहा कि सारण जिले के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि स्वर्गीय बच्ची देवी जिले की पहली नेत्रदानी महिला बनीं। वे सामाजिक कार्यकर्ता धर्मनाथ पिंटू की माता तथा छपरा की उपमहापौर रागिनी देवी की सास थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### सहार में बढ़ रही मोबाइल चोरी की घटनाएं

सहार। सहार थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। सहार बाजार,खैरा बाजार और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर आए दिन लोगों के मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। सोमवार संध्या सहार बाजार से अनिल राय, खैरा बाजार से शिक्षक अमरेंद्र मौआर का सब्जी खरीदते मोबाइल चोरी कर लिया गया। कुछ दिन सेवा निवृत्त शिक्षक अनवर हसन जमाली, शिक्षक सुनील कुमार का मोबाइल सहार बाजार से चोरी हो गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में औसतन हर महीने 8 से 10 मोबाइल चोरी या गुम होने के मामले सामने आते हैं, लेकिन अब तक एक भी मोबाइल की बरामदगी नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश पीड़ित सहार थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराते हैं तथा मोबाइल का आईएमईआई नंबर भी उपलब्ध कराते हैं, फिर भी बरामदगी की दिशा में कोई ठोस परिणाम दिखाई नहीं देता। इसके कारण लोगों का पुलिस कार्रवाई पर भरोसा कमजोर पड़ रहा है। सहार बाजार, खैरा बाजार और भीड़ भाड इलाके में जेब कतरे सक्रिय बताए जा रहे हैं। कई लोगों ने बताया कि भीड़ का फायदा उठाकर अपराधी मोबाइल लेकर आसानी से फरार हो जाते हैं। चोरी की घटनाओं से छात्र, व्यापारी, किसान और आम उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित हैं। मोबाइल चोरी होने से आर्थिक और डिजिटल दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है।

### महुआ शराब के साथ बाइक जब्त धंधेबाज फरार

तरारी। तरारी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 50 लीटर महुआ शराब के साथ एक बाइक जब्त की है। हालांकि पुलिस की गाड़ी को देखते ही शराब का धंधेबाज बाइक छोड़कर फरार हो गया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ओरसी गांव के समीप छापेमारी अभियान चलाया। इसी दौरान पुलिस को देखकर आरोपित बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक की तलाशी ली तो उस पर लदी 50 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। इसके बाद शराब और बाइक को जब्त कर थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में दो अज्ञात आरोपितों और वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस फरार आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### प्लास्टिक मुक्त बिहार अभियान में जुटे एनएसएस स्वयंसेवक, उत्कृष्ट कार्य पर हुए सम्मानित

आरा। महाराजा बहादुर रामरण विजय प्रसाद (महाराजा) कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में ह्यअंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त बिहारह्व अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक कचरा एकत्र किया और परिसर को प्लास्टिक मुक्त रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस की ओर से मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंकिता ओझा एवं डॉ. रविकांत ने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी से सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कैंपस एंबेसडर नीतीश कुमार सिंह सहित स्वयंसेवक साक्षी, मुस्कान, अमित, बिट्टू, रूपाली, सुमंत, श्रुति, सिमरन, कल्पना, अविनाश, सुधांशु, मोहित, आकाश, सोफिया, तस्नीम, रोशनी श्रीवास्तव, सानिया प्रवीण, गौरव कुमार केसरी, राजनंदिनी समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### गो सम्मान अभियान के द्वितीय चरण में निकाली गई रैली

आरा। गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से देशव्यापी स्तर पर संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण में रेखा मनु पाठक के नेतृत्व में आरा के मौलाबाग से विशाल रैली निकाली गई। यह रैली नवादा थाना क्षेत्र के मौला बाग जिला पदाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा। आपको बता दे कि जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को जनता की ओर से करीब 65000 हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपे गई। छह माह से देशभर के संतों, गोसेवकों एवं गोभक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गोहत्या निषेध हेतु केंद्रीय कानून का निर्माण, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान प्रदान करना, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों को गो- केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी जा रही हैं।

# बखोरापुर में मां काली के दरबार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पर्यटन सूची में शामिल करने समेत कई मांगों पर मिला सकारात्मक आश्वासन

प्रात: किरण संवाददाता



बड़हरा (भोजपुर)। भोजपुर जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ जय मां काली बखोरापुर वाली मंदिर में सोमवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मां काली के दर्शन एवं विशेष पूजा-अर्चना के लिए बखोरापुर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं, स्थानीय लोगों और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे मंदिर परिसर में जय मां काली के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। पूर्व मुख्यमंत्री के मंदिर पहुंचते ही मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ मां काली की विशेष पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान उन्होंने राज्य की सुख-समृद्धि, शांति, विकास और जनकल्याण की कामना की। करीब आधे घंटे तक मंदिर परिसर में रहकर उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया और मंदिर की व्यवस्था तथा ऐतिहासिक महत्व की भी जानकारी ली। नीतीश कुमार के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। मंदिर परिसर, प्रवेश द्वार और आसपास के सभी मार्गों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। केशवपुर से लेकर बखोरापुर मंदिर तक पुलिस व्यवस्था कड़ी रही और वाहनों की आवाजाही पर भी विशेष निगरानी रखी गई। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बी.डी. सिंह तथा मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल के नेतृत्व में ट्रस्ट के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री को सम्मानित किया। ट्रस्ट की ओर से उन्हें एक मांगपत्र भी सौंपा गया, जिसमें बखोरापुर काली मंदिर को बिहार सरकार की पर्यटन सूची में शामिल करने, प्रत्येक वर्ष बखोरापुर महोत्सव आयोजित कराने तथा केशवपुर से सरैया तक सड़क के चौड़ीकरण और ऊंचाई बढ़ाने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि वे संबंधित विभागों और मंत्रियों से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई कराने का प्रयास करेंगे। उनके इस आश्वासन से मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में बखोरापुर काली मंदिर को धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिल सकेगी। पूर्व मुख्यमंत्री के इस दौरे को स्थानीय लोग बखोरापुर काली मंदिर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिलाने और आधारभूत सुविधाओं के विकास को लेकर आगे क्या पहल होती है।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



सासाराम। मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। रोहतास से जिला पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं संबंधित विभागों के अधिकारी इसमें शामिल हुए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना, विद्युत आपूर्ति, वेजफेड, टीबी मुक्त भारत अभियान, लंबित एसआईआर, राशन कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के बाद जिला पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत बैंक ऋण आवेदनों के शीघ्र निष्पादन, अनावश्यक अस्वीकृतियों में कमी तथा लाभुकों को समय पर स्वीकृति और सब्सिडी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सोलर रूफटॉप स्थापना कार्य में तेजी लाने पर जोर देते हुए इसे स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। डीएम ने ऊर्जा विभाग को किसानों के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और विद्युत उपकरणों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। वहीं, टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि आशा कार्यकर्ता, एएनएम और स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं तथा चिन्हित मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराई जा रही है। जिला पदाधिकारी ने राशन कार्ड निर्माण एवं नाम जोड़ने के विशेष अभियान में पात्र परिवारों की शीघ्र पहचान, लंबित आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शित बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने लंबित सीएमआर की आपूर्ति निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने का भी निर्देश दिया। बैठक में वेजफेड के माध्यम से सब्जी व्यवसाय को बढ़ावा देने संबंधी कार्यों की भी समीक्षा की गई। अंत में डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं की प्रतिदिन समीक्षा कर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# भोजपुर जिला पेंशनर समाज की बैठक सम्पन्न



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। शहर के रमना पकड़ी रोड स्थित आनंद हॉस्पिटल के चेंबर में भोजपुर जिला पेंशनर समाज की बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह (बिहार राज्य पेंशनर समाज के अध्यक्ष) रहें। पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के.एन. सिन्हा ने माला, बुके एवं अंगवस्त्र से उन्हें सम्मानित किया। डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पूरे पेंशन समाज के हितों की रक्षा की जाएगी और उनके समस्याओं को सुलझाया जाएगा। कोई भी समस्या होने पर वे जिला कार्यालय को सूचित करें। डॉ. के.एन. सिन्हा ने कहा कि पेंशनर समाज के हितों की रक्षा, समाज हित में है, क्योंकि ये परिवार और समाज के अनुभवी परामर्शदाता है। इनके स्वास्थ्य की भी रक्षा हम लोग करेंगे। इस अवसर पर जिला पेंशनर समाज के सचिव राजेंद्र कुमार सिंह, क्षत्रिय स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल योगेंद्र सिंह, दशरथ कुमार, धनंजय सिंह, रमेश कुमार (रिटायर डीएसपी), रंग बहादुर सिंह, बलदेव पांडेय तथा दिनेश कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# डॉ.मदन मोहन द्विवेदी अध्यक्ष और राजेश कुमार गुप्ता सचिव बने

● लायंस क्लब आरा मौर्या कपल का पदभार ग्रहण समारोह

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। स्थानीय रेड क्रॉस भवन सभागार में रविवार को लायंस क्लब आरा मौर्या के नए सत्र के पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह हुआ। समारोह के चेयरमैन जयप्रकाश नारायण थे। संचालन उमेश कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर पद्मश्री डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह (कैंसर रोग विशेषज्ञ, पटना), भोजपुर सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा तथा पूर्व एसीएमओ के. एन. सिन्हा ने संयुक्त रूप से समारोह का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार खेतान थे। समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर नंदा गर्ग, संजय अवस्थी थे। डॉ. के. एन. सिन्हा ने नए लायंस क्लब मेंबर राकेश कुमार सिंह, बबली कुमारी एवं जय प्रकाश को लायन सदस्यता की शपथ दिलाते हुए लायंस क्लब के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। कहा कि हमारा लायंस क्लब आज करीब 200 देश में है। इसके 14 लाख से भी ज्यादा सदस्य है। 47000 क्लब पूरे विश्व में है। यह विश्व में सबसे बड़ी स्वयंसेवी संस्था है।लायंस क्लब का लक्ष्य अंधापन दूर करना, पर्यावरण की रक्षा करना है। इसका स्लोगन है ह्वी सर्वह्व। क्लब के वर्तमान सत्र के अध्यक्ष डॉ.मदन मोहन द्विवेदी और सेक्रेटरी राजेश कुमार गुप्ता बने। सभी गणमान्य लोगों ने लायंस क्लब के सेवा कार्यों की प्रशंसा की एवं उन्हें हमेशा सहयोग देने का वादा किया। नए अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन द्विवेदी ने अपने सत्र में कई सेवा कार्यक्रमों को बढ़-चढ़ कर शत प्रतिशत करने का संकल्प किया।

# संगीत गुरु वेद प्रकाश सागर को मिला एशिया पैसेफिक अवॉर्ड

आरा। शहर के संगीत कला गुरु डॉ. वेद प्रकाश सागर को वर्ष 2026 के एशियन पैसेफिक एक्सीलेंस अवॉर्डह्व से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगीत व कला के क्षेत्र में लगातार तीन दशकों से विशिष्ट योगदान देने एवं कला के माध्यम से शाहाबाद क्षेत्र के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के सकारात्मक प्रयास के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह राजधानी पटना के होटल पनास के सभागार में आरएफएम प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले एक शाम बिहार के नाम कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध वालीवुड अभिनेता गुलशन ग्रोवर द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रीति झिंगियानी, शाहबाज खान, अंजली राघव, मुस्ताक खान, ऋतु शिवपुरी सहित कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रही। डॉ. वेद प्रकाश ह्यसागरह्व ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे शाहाबाद के जनपद को मिला है। मै सिर्फ मध्यम बना हूँ। सम्मान मिलने के बाद शहर के विभिन्न वर्गों के कला प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में अजय श्रीवास्तव, मंगल ओझा, दीपक जैन, राज किशोर पाठक, अशोक मानव, राकेश सिंह, आकाश मिश्रा, गौरव विशाल सिंह, पंकज पाठक, राहुल केशरी, शेषनाथ प्रसाद, राज नंदन सिंह, आलोक राज, मन्नू राज, रौशन कुमार, अभिषेक कुमार, विकाश कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, नेहा प्रवीन, अंकिता सिंह, मंटू सिंह, प्रो. के. सी. चौधरी, शशि कुमार केशरी, डॉ. कुमार जितेंद्र , डॉ. बी. के. शुक्ला, डॉ. संजीव पांडेय, डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. विकास सिंह, डॉ. अनुरंजन कुमार, डॉ. शंभू नाथ मिश्रा, डॉ. नीलिमा पाण्डेय, डॉ. वीणा सिंह, डॉ. तनिमा सिंह, डॉ. मधु सिन्हा, अपराजिता सिंह , माधुरी सिंह, रीना पांडेय, अलका मिश्रा, पूर्णिमा रॉय, रीता प्रसाद, गिन्नी सिंह, आशा सहाय, पुष्पाचंद्र सिंह, डॉ. रंजना दास, किरण शुक्ला, नीतू सिंह, रुचि ओझा सहित सैकड़ों हैं।

# बेकाबू टोटो ने सगी बहन समेत तीन को रौंदा, छोटी बहन की मौत

● आक्रोशित लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर किया रोड जाम और आगजनी

● पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

● शहर के नगर निगम के समीप सोमवार की सुबह घटी घटना

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के नगर निगम के समीप सोमवार की सुबह बेकाबू टोटो ने सगी बहन समेत तीन को रौंद दिया। हादसे में छोटी बहन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बड़ी बहन समेत दो लोग जख्मी हो गए। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घटना को लेकर आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वहीं घटना के बाद चालक टोटो लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद परिजन व स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर नगर निगम स्थित तीन मुहानी पर शव को रख रोड जाम कर दिया और टायर जलाकर आगजनी की। करीब दो घंटे जाम होने से सड़क के तीनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सूचना पाकर आरा सीओ एवं टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय पुलिस बल के साथ को घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। सीओ द्वारा बीस हजार रुपये का चेक तत्काल पारिवारिक लाभ के तहत दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची टाउन थाना क्षेत्र के नगर निगम वार्ड नंबर-10 निवासी घुरफेकन डोम की 4 वर्षीया पुत्री ममता कुमारी है। जबकि जख्मियों में मृत बच्ची की बड़ी बहन सोनी कुमारी एवं उसी मोहल्ले के निवासी साधु राम की पत्नी सह मृत बच्ची की मौसी क्रांति देवी शामिल है। इधर, क्रांति देवी ने बताया कि वह नगर निगम के समीप घर के बाहर खाना बना रही थी। वही पर सोनी कुमारी एवं उसकी छोटी बहन ममता खाना खा रही थी। इस दौरान बेकाबू टोटो ने उन्हें रौंद दिया। जिससे सभी जख्मी हो गई। गंभीर हालत में परिजन द्वारा ममता कुमारी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं जख्मी उसकी बड़ी बहन सोनी कुमारी एवं मौसी क्रांति देवी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

# सुरक्षा की मांग को लेकर तरारी विडियो ने काली पट्टी बांधकर काम किया



तरारी ( आरा )। प्रखंड विकास पदाधिकारी संघ (BRDSA) के आह्वान पर सुरक्षा और सम्मान की मांग को लेकर सोमवार को इसी क्रम में तरारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार ने भी काली पट्टी बांधकर कार्यालय में कार्य किया। संघ का कहना है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी सरकार की योजनाओं और प्रशासनिक कार्यों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद कई बार उन्हें असुरक्षित परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। संघ ने प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में बॉडी प्रोटेक्टर, दंगा नियंत्रण हेलमेट, शील्ड, लेग गार्ड, आर्म गार्ड सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा प्रत्येक बीडीओ के साथ स्थायी रूप से कम से कम दो प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति, ड्यूटी के दौरान घायल होने पर उच्चस्तरीय अस्पताल में निशुल्क और संपूर्ण इलाज की व्यवस्था तथा मृत्यु या गंभीर रूप से घायल होने की स्थिति में विशेष क्षतिपूर्ति, बीमा सुरक्षा और परिवार को समुचित सहायता की स्पष्ट नीति बनाने की मांग की गई है। संघ ने संवेदनशील और जोखिमपूर्ण कार्यक्रमों या प्रतिनियुक्तियों से पहले पर्याप्त पुलिस बल, सुरक्षा प्रबंधन और संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही कानून-व्यवस्था की स्थिति का सही आकलन नहीं करने पर संबंधित पदाधिकारियों की जवाबदेही तय करने की भी मांग उठाई है। संघ ने कहा है कि अधिकारी व्यवस्था के साथ हैं और अपना काम पूरी जिम्मेदारी से करेंगे, लेकिन अपमान और असुरक्षा के माहौल में काम करना मुश्किल है। सुरक्षित अधिकारी, सशक्त प्रशासन के नारे के साथ बीडीओ संघ ने कहा कि सुरक्षा और सम्मान की मांग को लेकर यह सांकेतिक विरोध आगे के निर्णय तक जारी रहेगा।

# सुरक्षा की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर ड्यूटी पर रहे बीडीओ

## संवेदनशील ड्यूटी में सुरक्षा की मांग, दंडाधिकारी भी बनाया जाए



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ (बीआरडीएसए) के राज्यव्यापी आह्वान पर सोमवार को भोजपुर जिले के सभी 14 प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) ने काली पट्टी बांधकर अपने-अपने कार्यालयों में नियमित सरकारी कार्य किया। अधिकारियों ने सारण जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के दौरान दो प्रखंड विकास पदाधिकारियों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना पर चिंता जताते हुए सरकार से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। कोईलवर के प्रखंड विकास पदाधिकारी वीर बहादुर पाठक ने बताया कि 25 जुलाई को सारण जिले में विधि-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान छपरा सदर की बीडीओ दृष्टि पाठक एवं रिविलगंज के बीडीओ रितेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रखंड विकास पदाधिकारियों से विधि-व्यवस्था जैसे जोखिमपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कराती है, लेकिन उन्हें दंडाधिकारी का अधिकार प्राप्त नहीं है। यदि बीडीओ को ऐसे कार्यों में लगाया जाता है तो उन्हें दंडाधिकारी का दर्जा भी दिया जाना चाहिए, ताकि वे अपने दायित्वों का प्रभावी और सुरक्षित ढंग से निर्वहन कर सकें।बड़हरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी निलेश कुमार ने कहा कि जब सरकार बीडीओ को संवेदनशील और जोखिमपूर्ण ड्यूटी में प्रतिनियुक्त करती है, तब उनकी सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ पर्याप्त सुरक्षा बल की भी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए ज्ञापन में बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ ने प्रत्येक प्रखंड विकास पदाधिकारी के लिए बॉडी प्रोटेक्टर, दंगा हेलमेट, शील्ड, लेग गार्ड, आर्म गार्ड सहित अन्य सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके अलावा प्रत्येक बीडीओ के साथ कम-से-कम दो प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की स्थायी प्रतिनियुक्ति, संवेदनशील विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) लागू करने तथा ड्यूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल होने पर उच्च स्तरीय अस्पताल में पूर्णतः सरकारी खर्च पर उपचार सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार प्रखंड विकास पदाधिकारियों की सुरक्षा और अन्य मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक राज्यभर के बीडीओ नियमित सरकारी कार्य करते हुए काली पट्टी बांधकर अपना शांतिपूर्ण विरोध जारी रखेंगे। भोजपुर जिले के सभी 14 प्रखंडों के बीडीओ ने भी इस आंदोलन में एकजुटता दिखाते हुए सरकार से शीघ्र सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई।

# वीकेएसयू के 15 नवस्थापित डिग्री कॉलेजों में छात्रों और शिक्षकों की भारी कमी, पढ़ाई पर संकट

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत हाल ही में शुरू किए गए 15 नवस्थापित डिग्री कॉलेजों में छात्र-छात्राओं के नामांकन और शिक्षकों की भारी कमी के कारण शैक्षणिक गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। सरकार की ओर से उच्च शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से इन कॉलेजों की स्थापना की गई थी, लेकिन पर्याप्त संसाधनों, नियमित शिक्षकों और आधारभूत सुविधाओं के अभाव में इनका संचालन चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। विश्वविद्यालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार कई नवस्थापित कॉलेजों में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षा से काफी कम है। कुछ कॉलेजों में एक-दो विषयों में नामांकन नगण्य है, जबकि औसतन प्रतिदिन केवल 8 से 10 छात्र ही कक्षाओं में उपस्थित हो रहे हैं। इससे नियमित शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। सबसे बड़ी समस्या नियमित शिक्षकों की कमी है। फिलहाल अस्थायी व्यवस्था के तहत छह प्रमुख विषयों के लिए विभिन्न पुराने महाविद्यालयों से एक-एक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन शिक्षकों को सप्ताह में निर्धारित दिनों पर संबंधित कॉलेजों में जाकर कक्षाएं लेने का निर्देश दिया गया है। लेकिन सीमित संख्या में शिक्षकों के कारण सभी विषयों की नियमित पढ़ाई संभव नहीं हो पा रही है। विश्वविद्यालय के कई नवस्थापित कॉलेजों में अब भी स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति नहीं हुई है। प्रशासनिक कार्य वरिष्ठ शिक्षकों या प्रतिनियुक्त प्राचार्यों के भरोसे संचालित किए जा रहे हैं। इससे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ कार्यालयीन कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेलकूद तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी कई कॉलेजों में अभाव है। महाविद्यालय के लिए भवन कमी के साथ साथ बेच -टेबल की घोर कमी है । शिक्षक और छात्रों के लिए भी शौचालय का अभाव है। कॉलेज खोल देना पर्याप्त नहीं है। यदि नियमित शिक्षकों की नियुक्ति, स्थायी प्रशासनिक व्यवस्था, पर्याप्त संसाधन और छात्र नामांकन बढ़ाने के लिए प्रभावी अभियान नहीं चलाया गया, तो इन संस्थानों का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की सरकारी योजना भी प्रभावित होगी।वीकेएसयू प्रशासन का कहना है कि नवस्थापित कॉलेजों में चरणबद्ध तरीके से शिक्षकों की नियुक्ति, आधारभूत सुविधाओं का विकास और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही नामांकन बढ़ाने के लिए भी विशेष पहल की जाएगी, ताकि इन महाविद्यालयों में नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन हो सके और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर एमबीआरआरपी कॉलेज में पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

आरा। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर महाराजा बहादुर राम रणविजय प्रसाद (एमबीआरआरपी) कॉलेज, आरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से पोस्टर सह पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या, उसके सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभावों तथा जनसंख्या नियंत्रण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कनक लता ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे जनसंख्या संतुलन, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर और पेंटिंग के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन, महिला शिक्षा तथा सतत विकास जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायकों द्वारा मूल्यांकन के बाद सोफिया तस्नीम को प्रथम, रोशनी श्रीवास्तव को द्वितीय तथा गौरव कुमार केसरी को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। विजेताओं को प्राचार्या ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकिता ओझा एवं डॉ. रविकांत ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति । उनकी संवेदनशीलता भी बढ़ाते हैं।

# ओवरलोड बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त खनन विभाग ने लगाया जुमार्ना

प्रात: किरण संवाददाता

बड़हरा (आरा)। आरा-छपरा फोरलेन पर अवैध बालू परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बबुरा थाना पुलिस एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कोल्हरामपुर गांव के समीप ओवरलोड बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया।बबुरा थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि नियमित जांच अभियान के दौरान दोनों ट्रैक्टरों को ओवरलोड बालू का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसके बाद वाहनों को जब्त कर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। इधर, खनन विभाग ने जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर दोनों ट्रैक्टरों पर निर्धारित प्रावधानों के तहत जुमार्ना भी लगाया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध बालू खनन, ओवरलोडिंग और बिना वैध कागजात के खनिज परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अंबेडकर आवासीय विद्यालय की आधा दर्जन से अधिक छात्राओं की तबियत बिगड़ी



सासाराम। प्रखंड के मोकर अंबेडकर आवासीय विद्यालय में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आधा दर्जन से अधिक छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। छात्राओं को सिरदर्द, घबराहट और बेचैनी की शिकायत होने लगी, जबकि कुछ छात्राएं बेहोश भी हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्राओं को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेजा। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों की टीम ने सभी छात्राओं का उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार जांच में सभी छात्राओं का ब्लड प्रेशर यानी बीपी लो पाया गया। प्राथमिक उपचार और आवश्यक दवाएं देने के बाद सभी छात्राओं की हालत अब सामान्य बताई जा रही है। फिलहाल किसी भी छात्रा की स्थिति गंभीर नहीं है। घटना के बाद विद्यालय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। आखिर एक साथ इतनी छात्राओं की तबीयत क्यों बिगड़ी, इसकी भी जांच की जा रही है। फिलहाल राहत की बात यह है कि सभी छात्राएं सुरक्षित हैं और उनकी स्वास्थ्य स्थिति सामान्य बनी हुई है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, मंगलवार,28 जुलाई 2026



# लोकभवन के निर्देश पर मगध विवि में विशेष शिकायत शिविर शुरू: पहले दिन आए 334 मामले

## 14 अगस्त तक होगा निष्पादन

■ मन्नूलाल केंद्रीय पुस्तकालय में कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने किया उद्घाटन; वेतन बकाया व पेंशन समस्याओं पर आज भी जमा होंगे आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता



बोधगया। राज्यपाल सचिवालय (बिहार लोक भवन, पटना) के निदेशांनुसार मगध विश्वविद्यालय के मन्नूलाल केंद्रीय पुस्तकालय में दो दिवसीय विशेष शिकायत निवारण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह भी मौजूद रहे हैं।

शिविर के पहले दिन कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों की ओर से कुल 340 मामले दर्ज किए गए, जिन्हें श्रेणीबद्ध किया गया है। बकाया वेतन अंतर (कुल 223 मामले) जिनमें शिक्षक वर्ग से 126 मामले और शिक्षकेतर कर्मचारी वर्ग से 97 मामले प्राप्त हुए। पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभ के कुल 117 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें सामान्य पेंशन मामले 33, चौथे फेज के 14 और एस बी सिंह समिति से संबंधित पेंशनधारियों के 70 मामले हैं।

बिहार लोक भवन द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के वेतन और पेंशन मामलों को 20 जुलाई तक ह्यमिशन मोडह्ल में निपटाने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी जिन कर्मियों के मामले लंबित रह गए हैं, उनके त्वरित समाधान के लिए राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के निर्देश पर 27 एवं 28 जुलाई को विश्वविद्यालय मुख्यालयों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि यह शिकायत निवारण शिविर मंगलवार (28 जुलाई) को भी जारी रहेगा, जहाँ शेष बचे कर्मचारी अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त सभी आवेदनों को श्रेणीबद्ध कर संबंधित विभागों को भेजा जा रहा है। लोकभवन के स्पष्ट निदेशांनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन 14 अगस्त 2026 तक इन सभी प्राप्त मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करेगा।

# कारगिल विजय दिवस पर मगध विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

बोधगया। कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर देश के वीर शहीदों एवं अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) एवं स्वास्थ्य सेवा संकुल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर, निःशुल्क चिकित्सीय जांच एवं निःशुल्क नेत्र जांच कार्यक्रम का सफल आयोजन स्वास्थ्य सेवा संकुल, मगध विश्वविद्यालय परिसर, बोधगया में किया गया है।इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो० दिलीप कुमार केसरी, माननीय कुलपति, मगध विश्वविद्यालय के कर-कमलों द्वारा किया गया है। इस अवसर पर प्रो प्रमोद कुमार चौधरी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, डॉ० बिनोद कुमार मंगलम, कुलसचिव, प्रो० कृष्ण प्रसाद वर्मा, कुलानुशासक, मगध विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन तथा सफल बनाने में डॉ० पिन्टू कुमार, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया तथा डॉ० बी० पी० नलिन, चिकित्सा पदाधिकारी, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।इस अवसर पर विश्वविद्यालय रा०से०यो० स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य मानवता प्रेमी लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने अपने रक्त की अमूल्य बूंदें दान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कारगिल के अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए उनके उत्साहवर्धन एवं सुविधा के लिए शिविर स्थल पर फलाहार, जूस, चाय, बिस्किट एवं ग्लूकोज की समुचित व्यवस्था की गई थी। रक्तदाताओं को प्रमाण स्वरूप ब्लड डोनेशन सर्टिफिकेट एवं ब्लड रिसीवर कार्ड की सुविधा भी दिया जा रहा हैं ताकि भविष्य में किसी जरुरतमन्द लोगों को ब्लड दिलवाया जा सके। रक्तदान शिविर के साथ आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने नेत्र जांच, डायबिटीज एवं ब्लड शुगर जांच तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर भी लोगों को जानकारी दी गई है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय कुलपति प्रो० दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान देने का महान कार्य है। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रक्तदान के माध्यम से देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना युवाओं और समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वास्थ्य सेवा संकुल द्वारा आयोजित इस मानवीय पहल की सराहना की।

कुलसचिव डॉ० बिनोद कुमार मंगलम ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालय को समाज से जोड़ने और विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं एवं कार्यक्रम में सहयोगकर्ता को धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 2 अगस्त को पटना में होगा कानू हलवाई समाज का भव्य आभार सह अभिनंदन समारोह

गयाजी। अखिल भारतीय कानू हलवाई विचार मंच के तत्वावधान में आगामी 2 अगस्त 2026 को पटना स्थित श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में भव्य आभार सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में बिहार के विभिन्न जिलों से समाज के बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, संगठन और सामाजिक सहभागिता को और अधिक मजबूत बनाना है।इस संबंध में बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज को संगठित करने तथा आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि समारोह में पूरे बिहार से समाज के प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग भाग लेंगे।पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह आयोजन समाज के लोगों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां सामाजिक विकास, संगठन की मजबूती और समाजहित के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श भी किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यक्रम ऐतिहासिक और सफल होगा। गुप्ता ने समाज के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में पटना पहुंचकर इस भव्य आयोजन में भाग लें तथा यशस्वी मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह को सफल बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है और इस प्रकार के आयोजन सामाजिक सौहार्द एवं संगठन को नई दिशा प्रदान करते हैं।

### सरस्वती ज्ञान एजुकेशनल फाऊंडेशन के द्वारा मेधा सम्मान कार्यक्रम 2 अगस्त को

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था सरस्वती ज्ञान एजुकेशनल फाउंडेशन के तत्वावधान में 2 अगस्त को मेधा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि उक्त तिथि को नीट,जीमैंस, बीपीएससी, मैट्रिक,इंटर के टॉपर सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। समान स्वरूप उन्हें संस्था का प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान किया जाएगा। यह भी बताया कि जो भी प्रतिभागी इसमें भाग लेना चाहते हैं वे 2 अगस्त के पूर्व पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय में अपना आवेदन दे सकते हैं। विदित हो कि संस्था द्वारा लगातार कई वर्षों से मेधा सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है साथ ही साथ इस संस्था के द्वारा साल भर में अन्य क्षेत्रों में भी जो युवा प्रतिभाशाली छात्र बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं उन्हें यह संस्था उनके घर पर जाकर सम्मानित करने का कार्य करती है। जरूरतमंद छात्रों को आर्थिक मदद भी करती हैं इस तरह के आयोजन से युवाओं में नव चेतना का संचार होता है और वे जीवन में कुछ करन

### खाते में आती रही सब्सिडी, लेकिन 5 साल में नहीं मिला एक भी गैस सिलेंडर

■ उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कारवाई की मांग

औरंगाबाद। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री उज्वला योजना का उद्देश्य गरीब महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना है, लेकिन औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत बौर पंचायत के बहादुरपुर गांव में इस योजना में बड़े फजीवाड़े का मामला सामने आया है. गांव की दो महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उनके नाम पर उज्वला योजना का गैस कनेक्शन सक्रिय है और बैंक खाते में सब्सिडी भी आ रही है, लेकिन उन्हें आज तक न सिलेंडर मिला और न ही कोई दस्तावेज. बहादुरपुर गांव (वार्ड संख्या-5) निवासी बंधु यादव की पत्नी शांति देवी और अमित कुमार की पत्नी पूनम देवी ने बताया कि लगभग पांच वर्ष पूर्व उन्होंने योजना के तहत आवेदन किया था. वर्षों बीत जाने के बाद भी उन्हें गैस सिलेंडर नहीं दिया गया. चौंकाने वाली बात यह है कि उनके बैंक खातों में नियमित रूप से सब्सिडी की राशि आती रही.

इससे साफ जाहिर होता है कि सरकारी रिकॉर्ड में उनके नाम से सिलेंडर की बुकिंग और वितरण दिखाया जा रहा है, जो एक बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है. पीड़ित महिलाओं ने जब इस संबंध में जानकारी लेने के लिए भदवा स्थित इंडियन गैस एजेंसी से संपर्क किया, तो उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी देने के बजाय टालमटोल कर वापस भेज दिया गया. एजेंसी यह बताने को तैयार नहीं है कि उनके नाम पर कुल कितने सिलेंडरों की डिलीवरी दिखाई गई है. इस रवैये से फजीवाड़े की आशंका और अधिक गहरा गई है कि आखिर लाभुक के बिना सिलेंडर किसे और किस आधार पर बेचा जा रहा था.

# सशक्त स्थायी समिति सदस्य एवं समाजसेवी मनोज कुमार ने अपने भारी संख्या में समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी।भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में गया नगर निगम के वार्ड पार्षद, सशक्त स्थायी समिति सदस्य एवं समाजसेवी मनोज कुमार ने अपने भारी संख्या में समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने उन्हें पार्टी का पट्टा एवं सदस्यता पर्ची पहनाकर भव्य स्वागत किया है।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा निरंतर समाज के समर्पित, कर्मठ और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध लोगों को अपने साथ जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मनोज कुमार और उनके समर्थकों के पार्टी से जुड़ने से संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा जनहित और राष्ट्रहित के कार्यों को और गति मिलेगी।

स्टेडिंग कमेटी सदस्य मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा और विकासोन्मुख नीतियों से प्रेरित होकर उन्होंने अपने भारी संख्या में समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने, क्षेत्र के विकास तथा आम जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए सम्मान और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया है।

# इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज के सत्र 2026-27 का भव्य इंस्टॉलेशन समारोह सम्पन्न,डॉ मधु प्रिया बनी अध्यक्ष

● क्लब स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जनहितकारी परियोजनाओं का प्रभावी संचालन करेगा:डॉ मधु प्रिया

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल, गया के सभागार में इनर व्हील क्लब ऑफ गया सनराइज के सत्र 2026-27 का भव्य इंस्टॉलेशन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ है।

इस अवसर पर क्लब की नई अध्यक्ष मधु प्रिया, जो ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्या हैं, ने विधिवत अध्यक्ष पद का दायित्व ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. निभा जयन ने अपने सफल कार्यकाल का समापन करते हुए अध्यक्षीय कॉलर एवं दायित्व मधु प्रिया को सौंपा गया है। इसी अवसर पर श्रीमती स्नेहा शाही ने क्लब के सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया तथा अन्य पदाधिकारियों का भी विधिवत इंस्टॉलेशन सम्पन्न हुआ है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ है। दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि एवं पीडीसी रितु डालमिया, पीडीसी अंजना पोद्दार, पीडीसी श किरण प्रकाश, पीडीसी गीता अग्रवाल, सीजीआर रूबी सिन्हा, इनर व्हील क्लब ऑफ गया की अध्यक्ष आभा सिंह, शुभ्रा गुप्ता, आईपीपी डॉ. निभा जयन, अध्यक्ष मधु प्रिया एवं स्नेहा शाही द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

इस समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में मुख्य अतिथि रितु डालमिया, अंजना पोद्दार, किरण प्रकाश, गीता अग्रवाल, रूबी सिन्हा, आभा सिंह एवं शुभ्रा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे हैं। सभी अतिथियों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए सेवा, मित्रता एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा दी है।इसके उपरांत सत्र 2026झ27 के पदाधिकारियों का विधिवत इंस्टॉलेशन सम्पन्न कराया गया है।

**सत्र 2026-27 के पदाधिकारी इस प्रकार हैं**

अध्यक्षः मधु प्रिया।
आईपीपी : डॉ. निभा जयन
उपाध्यक्षः सादिया सूरी
सचिवः स्नेहा शाही
कोषाध्यक्षः स्वाति जैन
संपादिकाः शाज़िया हबीब
आईएसओः संजन गंगवाल

समारोह के दौरान क्लब में पाँच नए सदस्यों का भी स्वागत करते हुए उन्हें विधिवत सदस्यता प्रदान की गई है। सभी नए सदस्यों ने इनर व्हील के सेवा, मित्रता एवं अंतरराष्ट्रीय सद्भाव के उद्देश्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया है।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मधु प्रिया ने कहा कि क्लब स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जनहितकारी परियोजनाओं का प्रभावी संचालन करेगा।

उन्होंने सभी सदस्यों से सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। सचिव श्रीमती स्नेहा शाही ने भावी परियोजनाओं की जानकारी दी एवं क्लब का महिलाओं, एवं बच्चों के विकास की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।

समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ है।

# जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सेवा संवाद एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित

■ डीएम ने संबंधित विभागों को समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस की अध्यक्षता में 27 जुलाई, 2026 को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में सेवा संवाद एवं समाधानह्न कार्यक्रम के अंतर्गत जनता से साक्षात्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सीधे सुनकर उनका त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों को जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा सभी मामलों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयोजित सेवा संवाद एवं समाधान कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें- ग्रामीण कार्य विभाग मनरेगा- जिला पशुपालन कार्यालय ,रजिस्ट्री कार्यालय से संबंधित शिकायतें एवं आवेदन शामिल रहे। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक आवेदक को उसकी शिकायत के निराकरण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान ही सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है और जिला प्रशासन नागरिकों को सरल, सुलभ एवं उत्तरदायी प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनावश्यक विलंब न हो तथा शिकायतों के निष्पादन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखी जाए। जिला प्रशासन, अरवल का यह प्रयास है कि प्रत्येक नागरिक की बात सुनी जाए, उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान हो तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुँच सके।

# अमूल आइस पार्लर का पूर्व डिप्टी मेयर ने फीता काटकर किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



गयाजी शहर के लोगों के लिए स्वाद और मिठास से जुड़ी एक नई सौगात मिली है। हनुमान नगर स्थित चंदौती ब्लॉक समीप अमूल आइस पार्लर का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे हैं।

गया के हनुमान नगर में अमूल आइस पार्लर का उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गया नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर पार्लर का शुभारंभ किया तथा संचालक शेख साहब (बंटी शेख) को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठानों से शहरवासियों को बेहतर सुविधाएँ मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

इस अवसर पर प्रोपराइटर शेख साहब (बंटी शेख) ने बताया कि उनका उद्देश्य गयावासियों को अमूल के शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। यहां ग्राहकों को विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम, हॉट एंड कोल्ड कॉफी, केक और अन्य डेयरी उत्पाद मिलेंगे।

इस उद्घाटन के दौरान बंटी शेख, अमरनाथ राय, गौतम कुमार मोहम्मद साजिद, सैयद आरफी, माविया खान सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और पहले ही दिन लोगों ने अमूल के स्वादिष्ट उत्पादों का आनंद लिया है।

हनुमान नगर, गया में शुरू हुआ यह नया अमूल आइस पार्लर स्वाद प्रेमियों के लिए एक नया आकर्षण बनकर उभरा है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यह शहरवासियों की पहली पसंद बनेगा।

### शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल शिक्षा मंत्री से मिला

औरंगाबाद। एन आई ऐ एस डीएलएड डिप्लोमाधारी की आर ई दो एवं वन सप्लीमेंट्री शिक्षकों के अभिभावकों का एक शिष्टमंडल छठू सिंह सेवानिवृत शिक्षक सह जिलाध्यक्ष सेवा पूर्व प्रशिक्षित नियोजित शिक्षक संघ,औरंगाबाद की अगुवाई में शिक्षामंत्री माननीय मिथिलेश तिवारी से विकाश भवन में मिलकर इन सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं को ट्रांसफर के लिए निर्गत एस ओ पी में परिवीक्षा अवधि की बाध्यता के शर्त को शिथिल करते हुए ट्रांसफर प्रक्रिया में शामिल करने का आग्रह किया।

जिसे स्वीकार करते हुए माननीय शिक्षामंत्री ने सभी प्रकार के शिक्षकों को जिनकी नियुक्ति एक दिन भी पूर्व हुई है उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने का आश्वासन देते हुए शीघ्र पत्र निकालने की बात कही है।उम्मीद करते है कि आज से कल तक इस आशय का विभागीय पत्र जारी हो

### लायंस क्लब, गया में वर्ष 26-27 के लिए नए पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित

गया जी।झारखंड से पधारे पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब, गया की स्थापना 1961 में हुई थी। 66 वर्षों से निरंतर विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। जिस समय क्लब की स्थापना हुई थी उस समय पूरे बिहार में केवल तीन या चार क्लब ही थे जबकि झारखंड भी बिहार का ही हिस्सा था। यह अत्यंत गौरव का विषय है।

समारोह में उपस्थित पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. श्री प्रकाश सिंह एवं लायंस क्लब मगध के अध्यक्ष लायन सुबोध प्रकाश ने अपने संबोधन में सभी पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए नए क्षेत्र में सेवा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया है।

नए पदाधिकारी : अध्यक्ष : लायन विनय वर्मा , उपाध्यक्ष : लायन संदीप कुमार एवं लायन अभिषेक मृणाल, सचिव : लायन डॉ. तनवीर उस्मानी ,संयुक्त सचिवः लायन राजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष : लायन नीरज कुमार, क्लब प्रशासक : लायन डॉ. नन्द किशोर गुप्ता, सर्विस चेयरपर्सनः लायन राजन सिजुआर , क्लब डायरेक्टरः लायन डॉ. विनय कुमार, लायन मनोज कुमार, लायन विनय सिन्हा,सभी उपस्थित सदस्य एवं अतिथियों का स्वागत लायन मनोरंजन द्वारा किया गया।

# अनियमित विद्युत आपूर्ति से मानपुर का बुनकर उद्योग संकट में, पलायन रोकने के लिए शीघ्र हो सुधार: प्रकाश राम पटवा

प्रात : किरण संवाददाता

गया, मानपुर। जिला अध्यक्ष, मगध बुनकर कल्याण सेवा समिति एवं जदयू व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ सह जिला नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने कहा है कि मानपुर पटवा टोली सहित आसपास के बुनकर क्षेत्रों में लगातार हो रही अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण वस्त्र उद्योग गंभीर संकट से गुजर रहा है। बिजली की बार-बार कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से पावरलूम, बुनाई एवं वस्त्र निर्माण से जुड़ी मशीनें सुचारु रूप से नहीं चल पा रही हैं, जिससे उत्पादन लगातार प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के वरीय अधिकारियों को कई बार इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका। परिणामस्वरूप बुनकरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है तथा मशीनों पर कार्य करने वाले कुशल मजदूरों को पर्याप्त काम और उचित मजदूरी नहीं मिल पा रही है। मजबूरी में बड़ी संख्या में कामगार रोजगार की तलाश में गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं।प्रकाश राम पटवा ने कहा कि मानपुर का बुनकर उद्योग वर्षों से जिले की पहचान रहा है। यदि समय पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो यह पारंपरिक उद्योग और अधिक कमजोर होगा, जिससे स्थानीय रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### महान तबला वादक राम प्रवेश ठाकुर की चौदहवीं पुण्यतिथि पर तबला वादन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद में दानी विगहा स्थित दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में महान तबला वादक राम प्रवेश ठाकुर की चौदहवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं तबला वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों सत्र में आयोजित कार्यक्रम के प्रथम सत्र में दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार के अध्यक्षता में एवं प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी के संचालन में सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने रामप्रवेश ठाकुर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संगीतज्ञ मथुरा रंजन, संगीतसेवी नीरज कुमार, पत्रकार ओम प्रकाश शर्मा,गायक अमित कुमार सिंह,मीडियाकर्मी रमाकांत सिंह सहित अन्य लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम प्रवेश ठाकुर एक ऐसे तबला वादक रूप में जाने जाते थे जिन्होंने तबला वादन सीखने की प्रक्रिया को सरल सहज बनाकर विद्यार्थियों के लिए सुलभ बनाया। सैकड़ो जरूरतमंद छात्रों को तबला सीखाकर रोजगार भी दिलाया औरंगाबाद के बाहर के जिलों में भी वे तबला वादन में प्रसिद्धि हासिल की थी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में तबला वादन प्रतियोगिता में दर्जनों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और तबला वादन की बेजोड़ प्रस्तुति देकर रामप्रवेश ठाकुर को श्रद्धांजलि दी।सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। डॉ रविंद्र कुमार ने कहा कि रामप्रवेश ठाकुर औरंगाबाद के शान थे।मौके पर बीरबल कुमार,साकेत कुमार सिंह,मोहित, किशन,आयुष,धीरज, विवेक, सोनू,उत्कर्ष वैभव,अजीत कुमार,सुनेश कुमार,धनंजय, पियूष,हंसराज,अस्मित कुमार, यश,अनुराग ,छोटू राज,राजू,सरोज,नीतीश, अनुज, प्रियांशु,धर्मेंद्र,जयकांत, सूरज, राहुल,अमन राज,जय किशन,सोनू कुमार,शिवांगी अंजली,जूही,अंजली यादव, दिव्या,अमीषा,प्रेरणा प्रकाश, मिताली,कोमल मिश्रा,पल्लवी सिंह,सोनाली,अंशु,गुड़िया, सविता सिंहा, रवि कुमार,रवि शंकर,वेद प्रकाश,वेदांश,प्रिंस पवन सहित अन्य उपस्थित थे।

# सीबीएससी क्लस्टर 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता अपने सबसे रोमांचक और निर्णायक दौर में पहुँचा

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। नारायण वर्ल्ड स्कूल के तत्वावधान में चल रही पांच दिवसीय सी बी एस सी क्लस्टर 3 बास्केटबॉल प्रतियोगिता अपने सबसे रोमांचक और निर्णायक दौर में पहुँच गई है। बिहार और झारखंड की बेहतरीन टीमें, जो क्वार्टर-फाइनल और सेमी-फाइनल में पहुँची हैं, फाइनल में जगह बनाने के लिए एक-दूसरे से भिड़ेंगी। महीनों की तैयारी, कड़ी मेहनत और पक्के इरादे की परीक्षा अब कोर्ट पर होगी। खेल प्रेमियों की नजरें इन बहुप्रतीक्षित मैचों पर टिकी हैं, जहाँ हर पल इतिहास रचने की संभावना होगी। सी बी एस सी बास्केटबॉल क्लस्टर गेम्स में अंडर-19 लड़कों की कैटेगरी के क्वार्टर-फाइनल में, धनबाद पब्लिक स्कूल (धनबाद) ने शानदार खेल दिखाते हुए विद्या भारती चिन्मय (जमशेदपुर) को 30-17 से हराया। मजबूत डिफेंस, बेहतरीन टीमवर्क और सटीक फिनिशिंग की बदौलत धनबाद पब्लिक स्कूल ने शुरू से आखिर तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और शानदार जीत के साथ सेमी-फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सी बी एस सी बास्केटबॉल क्लस्टर गेम्स में अंडर-19 लड़कों के एक अन्य रोमांचक क्वार्टर-फाइनल में, डी पी एस रांची ने डी पी एस बोकारो को 42-32 से हराकर सेमी-फाइनल में जगह बनाई। मैच बहुत ही कड़ा था, लेकिन टीम के उदयीमान खिलाड़ी यश कल शाम में स्टार बनकर उभरे और उन्होंने पाँच बास्केट किए और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। डी पी एस बोकारो की जबरदस्त टक्कर के बावजूद, इस रोमांचक नॉकआउट मैच में डी पी एस रांची का मजबूत जज्बा और आक्रामक खेल निर्णायक साबित हुआ। बास्केटबॉल क्लस्टर गेम्स के अंडर-19 गर्ल्स क्वार्टर-फाइनल में, के पी एस बुरहामाइन्स (जमशेदपुर) ने शानदार खेल दिखाते हुए सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल (जमशेदपुर) को 16-7 से हराया।

के पी एस की ओर से सुलगना ने बेहतरीन खेल दिखाया। उन्होंने चार बास्केट किए और आत्मविश्वास व संयम के साथ अपनी टीम को आगे बढ़ाया। सेंट मैरीज ने बहादुरी से मुकाबला किया, लेकिन वे के पी एस के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। इस तरह के पी एस बुरहामाइन्स ने शानदार जीत हासिल कर सेमी-फाइनल में जगह बना ली।

# डेंगू की रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाएं, पूर्व में प्रभावित क्षेत्रों पर रखें विशेष निगरानी: जिला पदाधिकारी

- फॉगिंग एवं जनजागरूकता अभियान को प्रभावी बनाएं
- सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करें

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण तरनजीत सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में सोमवारीय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों के निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने लंबित आवेदनों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने तथा आवेदनों के निष्पादन की नियमित रूप से समीक्षा करने का निर्देश दिया। जीवन प्रमाणीकरण कार्य की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को जीवन प्रमाणीकरण कराने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। जीवन प्रमाणीकरण कार्य की नियमित समीक्षा उप विकास आयुक्त द्वारा की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समारोह से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने आयोजन को सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करने को कहा। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिया कि संबंधित बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर नीलाम पत्र वादों के निष्पादन में अपेक्षित सहयोग प्राप्त करें तथा लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष जिले में डेंगू के कुछ मामले सामने आए थे, जिनका सफलतापूर्वक उपचार किया गया। इस वर्ष अब तक जिले में डेंगू का एक भी मामला सामने नहीं आया है। डेंगू की संभावित रोकथाम एवं उपचार को लेकर डेंगू वार्ड, एंबुलेंस, डेंगू जांच किट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नगर निगम एवं सभी नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से फॉगिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही, जिन स्थानों पर पूर्व के वर्षों में डेंगू के मामले सामने आए थे, उन क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने को कहा। उन्होंने डेंगू की रोकथाम के लिए रोस्टर तैयार कर नियमित रूप से अभियान संचालित करने तथा आमजन को डेंगू से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही, जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डेंगू की जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा अन्य विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की भी समीक्षा की गयी तथा संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक एवं सहायक अभियंता उपस्थित थे।

## जंतर-मंतर से 19 दिन बाद पटना पहुंची छात्र नेत्री नेहा बोरा, कही कि अपनी वादे पूरी करे सरकार



प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। छात्र आंदोलन के सवाल पर जंतर-मंतर की आंदोलनकारी छात्र नेत्री नेहा बोरा आज पटना पहुंचीं। पटना पहुंचकर उन्होंने बिहार बहुजन छात्र युवा मोर्चा के संयोजक मनोज सिंह यादव से मुलाकात की और पूरे आंदोलन की घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की।नेहा बोरा ने ऐतिहासिक नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर 19 दिन तक लगातार आमरण अनशन पर बैठी थीं। पटना पहुंचने के बाद उन्होंने पहले बेउर जेल जाकर बंद छात्रों से मुलाकात की। इसके बाद राज्य के डीजीपी एवं अन्य अधिकारियों से मिलकर केंद्र सरकार द्वारा छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने के फैसले से अवगत कराया।इस अवसर पर बिहार बहुजन छात्र युवा मोर्चा के संयोजक:मनोज सिंह यादव ने कहा कि नई दिल्ली जंतर-मंतर पर चल रहे इस आंदोलन में अरवल जिले के लोग भी समर्थन में लगातार शामिल रहे और आगे भी छात्रहित में चलने वाले जन आंदोलन में भाग लेते रहेंगे।उन्होंने कहा कि सरकार ने आंदोलन के दौरान तीन मांगों पर सहमति जताई थी: 1.केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा।2. ठएएळ पेपर लीक के कारण सुसाइड करने वाले छात्र-छात्राओं को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा।3.छात्र आंदोलन में छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेना और आंदोलन से जुड़े किसी भी छात्र को जेल न भेजना।मनोज सिंह यादव ने आरोप लगाया कि फिर भी बिहार सरकार लगातार छात्रों पर केस कर उन्हें जेल भेज रही है,जो कहीं से भी उचित नहीं है।

## नेपाल का पहला नागढुंगा सुरंग मार्ग शुरू, काठमांडू आने-जाने में बड़ी राहत

बगहा। नेपाल के बहुप्रतीक्षित नागढुंगासिस्नेखोला सुरंग मार्ग का संचालन सोमवार से शुरू हो गया। यह नेपाल का पहला सड़क सुरंग मार्ग है, जिसके चालू होने से काठमांडू घाटी में प्रवेश और निकास करने वाले यात्रियों को वर्षों पुराने ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत मिलेगी। सुरंग के औपचारिक उद्घाटन के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई। करीब 2.68 किलोमीटर लंबी इस सुरंग का निर्माण जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी के सहयोग से किया गया है। यह सुरंग काठमांडू के नागढुंगा और धादिङ जिले के सिस्नेखोला को जोड़ती है। इसके शुरू होने से पहले जिस दूरी को तय करने में 30 से 45 मिनट तक लग जाते थे, अब वही सफर लगभग 7 मिनट में पूरा हो सकेगा। सुरंग मार्ग में आधुनिक वेंटिलेशन सिस्टम, अग्निशमन व्यवस्था,सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन निकास, संचार प्रणाली और नियंत्रण कक्ष जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सुरक्षा के लिहाज से पूरे मार्ग की 24 घंटे निगरानी की जाएगी। नेपाल सरकार का मानना है कि इस परियोजना से काठमांडू और पश्चिमी नेपाल के बीच यातायात सुगम होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बेतिया,बस स्टैंड रोड पर हाइवा, ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत

बेतिया। शहर के बस स्टैंड रोड पर हाइवा, ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच अचानक भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग एकत्र हो गए। फिलहाल टक्कर किस वजह से हुई है, इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है। इसके अलावा हादसे में कितने लोग घायल हुए हैं और किसी को कितनी चोट आई है, इसकी भी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।

### सात लीटर चुलाई शराब बरामद, महिला धंधेबाज फरार

चनपटिया। सिरसिया थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बिजवनिया मुसहर टोली में छापेमारी कर सात लीटर चुलाई शराब बरामद की। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले महिला धंधेबाज मौके से फरार हो गई। थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया कि फरार महिला की पहचान रीमा देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है तथा गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा इस तरह के धंधे में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### चनपटिया में बिजली चोरों पर विभाग का शिकंजा, आधा दर्जन लोगों पर एफआईआर

चनपटिया। बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में कुमारबाग के कनीय विद्युत अभियंता (जेई) राकेश कुमार के नेतृत्व में एकरहिया गांव में छापेमारी की गई, जहां आधा दर्जन लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया कि जेई की लिखित शिकायत पर मुन्ना यादव, दुर्योधन राम, सुकई यादव, वीरेंद्र पासवान, सूरज यादव तथा नारायण पासवान** के विरुद्ध बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है। जेई राकेश कुमार के अनुसार, सभी आरोपियों द्वारा मिलकर लगभग एक लाख रुपये से अधिक की बिजली चोरी। की गई है, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के विरुद्ध आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण के लिए बैठक का आयोजन

बेतिया। पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण के लिए सोमवार को उप आयुक्त पश्चिम चंपारण की अध्यक्षता में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कार्यपालक सहायक के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग विकास कुमार द्वारा बताया गया कि समाज कल्याण विभाग, बिहार के अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के सभी पात्र पेंशनधारियों को नियमित रूप से पेंशन राशि का भुगतान के उद्देश्य से ससमय जीवन प्रमाणीकरण कराना आवश्यक है। जीवन प्रमाणीकरण यह प्रमाणित करता है कि संबंधित पेंशनधारी जीवित हैं, जिससे उनकी पेंशन का भुगतान निर्बाध रूप से जारी रखा जा सके।

## मीना बाजार में चला प्रशासन का बुलडोजर,अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराई गई सड़क, लेकिन कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। सोमवार को मीना बाजार क्षेत्र में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सड़क किनारे अवैध रूप से लगाई गई दुकानों एवं भवनो को हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इस मुख्य सड़क पर आए दिन भारी अतिक्रमण के कारण एंबुलेंस और आपातकालीन वाहन फंस जाते थे, जिससे कई बार मरीजों की रास्ते में ही जान चली जाती थी। स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही शिकायत और इस गंभीर समस्या की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला प्रशासन ने आखिरकार यह कदम उठाया। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। जिला प्रशासन का दावा है कि पहले ही सभी अतिक्रमणकारियों को स्वयं से कब्जा हटाने के लिए पर्याप्त समय और चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद जब नियमों का पालन नहीं किया गया, तब प्रशासनिक दल-बल को मैदान में उतरना पड़ा और सड़क के दोनों तरफ जमाए गए अवैध कब्जों को हटाकर यातायात को सुगम बनाया गया। हालांकि, इस पूरी कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। इस अभियान पर कानूनी अवहेलना के भी गंभीर बादल मंडरा रहे हैं। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों का सीधा आरोप है कि जिला प्रशासन ने इस कार्रवाई के दौरान माननीय अदालत के निदेर्शों की सरेआम धज्जियां उड़ाई हैं। कई दुकानदारों का कहना है कि उनकी दुकानों पर कोर्ट का स्टे ऑर्डर (स्थगन आदेश) प्रभावी था, इसके बावजूद प्रशासन ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए उन पर बुलडोजर चला दिया। अब सबसे बड़ी चुनौती इस कार्रवाई के स्थायी समाधान को लेकर है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन अक्सर ऐसी कार्रवाई करके चला जाता है और उसके हटते ही अतिक्रमणकारी दोबारा अपनी दुकानें सजा लेते हैं। ऐसे में अब यह देखना बाकी है कि क्या जिला प्रशासन केवल खानापूर्ति करके शांत बैठ जाएगा, या फिर कोर्ट के आदेशों का सम्मान करते हुए क्षेत्र को हमेशा के लिए पारदर्शी और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगा।

### आंगनबाड़ी सेविका रंजना देवी का हृदय गति रुकने से निधन, गांव में शोक

रामगढ़वा। प्रखंड क्षेत्र के धनहर देहुली टोला बौधा, वार्ड संख्या 11 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 150 की सेविका रंजना देवी (43) का सोमवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों सहित गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रंजना देवी अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। ग्रामीणों के अनुसार, रंजना देवी मिलनसार एवं सरल स्वभाव की महिला थीं। आंगनबाड़ी सेविका के रूप में वे क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करती थीं। उनके निधन से परिजनों के साथ स्थानीय लोगों में भी गहरा दुःख है। अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों एवं ग्रामीणों की आंखें नम रहीं। उनके प्रथम पुत्र रवि कुशवाहा ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष ध्रुव कुशवाहा, आमोद कुशवाहा एवं सुरेश कुशवाहा लाल बाबू कुमार बबलू कुमार नूर नूर अख्तर समेत अन्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत रंजना देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रेलवे गुमटी पर ही खड़ी कर दी जाती है रेलगाड़ी राहगीर होते हैं परेशान, लग जाता है जाम

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। रक्सौल में आईसीपी और परेऊवा से एयरपोर्ट को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क पर स्थित रेलवे गुमटी (लेवल क्रॉसिंग) इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग से गुजरने वाली मालगाड़ियों या पैसेंजर ट्रेन को अक्सर इसी गुमटी पर ही रोक दिया जाता है, जिससे सड़क यातायात पूरी तरह ठप्प हो जाता है।

एक स्थानीय नागरिक द्वारा उपलब्ध कराई गई तस्वीर में स्पष्ट देखा जा सकता है कि एक मालगाड़ी रेलवे फाटक के ठीक सामने रुकी हुई है। ट्रेन के डब्बे ट्रैक पर खड़े हैं और फाटक बंद है। इस स्थिति के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। स्थानीय निवासियों और राहगीरों के अनुसार, यह समस्या आम हो गई है। ट्रेन के काफी देर खड़े रहने के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुँचने में काफी देरी होती है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस जाम में एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी फंस जाते हैं, जिससे मरीजों की जान पर बन आती है। स्कूली बच्चे और दफ्तर जाने वाले लोग भी समय पर नहीं पहुँच पाते। लोगों ने रेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि यह परेशानी बेवजह पैदा की जा रही है। उनका तर्क है कि यदि रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली नहीं होता है, तो मालगाड़ी को इस व्यस्त गुमटी से कुछ पहले या इसके पूरी तरह पार होने के बाद रोका जा सकता है। लेकिन ऐसा करने के बजाय, ट्रेन को गुमटी के ठीक ऊपर खड़ा कर दिया जाता है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने कहा कि या तो ट्रेन का इंजन गुमटी से काफी पहले रुकना चाहिए, या फिर अंतिम बोगी गुमटी पार कर जानी चाहिए।

स्थानीय लोगों ने रेल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से इस समस्या का जल्द से जल्द स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। ट्रेन को रोकने के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जाए जिससे यातायात बाधित न हो। आपातकालीन वाहनों के लिए रास्ता सुनिश्चित किया जाए। हालांकि रेल प्रशासन से इसकी प्रतिक्रिया मिलने के बाद आगे का निष्कर्ष निकाला जा सकता है, लेकिन यह एक गंभीर समस्या प्रतीत होती है।

## नीट पेपर लीक से मृत छात्रों को श्रद्धांजलि, लोकतंत्र की जीत का जश्न: भाकपा ने पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और शिक्षा नीति में बदलाव की उठाई मांग

प्रात: किरण संवाददाता




बेतिया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर पश्चिम चम्पारण जिला इकाई द्वारा जिला पार्टी कार्यालय में जीबी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ठएएळ पेपर लीक प्रकरण से सदमे में जान गंवाने वाले छात्र-छात्राओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा घायल छात्रों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। साथ ही मृत छात्रों के परिजनों को उचित मुआवजा देने, गिरफ्तार छात्रों को बिना शर्त रिहा करने, छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने तथा वर्ष 2025 की शिक्षा नीति वापस लेने की मांग उठाई गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देशभर में छात्र-नौजवानों के संघर्ष की सफलता लोकतंत्र की बड़ी जीत है। इस आंदोलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश की युवा पीढ़ी नफरत की राजनीति नहीं, बल्कि सुरक्षित भविष्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था चाहती है। नेताओं ने कहा कि देश की लगभग 30 प्रतिशत आबादी 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की है, जो समान अवसर, रोजगार और बेहतर भविष्य के लिए संगठित होकर संघर्ष कर रही है। भाकपा नेताओं ने इस संघर्ष की सफलता को ऐतिहासिक और अप्रत्याशित जीत बताते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती का प्रतीक बताया। बैठक के बाद पार्टी कार्यालय से विजय जुलूस निकाला गया, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शहीद पार्क पहुंचा। वहां स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर लोकतंत्र की जीत का जश्न मनाया गया और छात्र-युवा आंदोलन की सफलता का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाकपा जिला सचिव ओम प्रकाश क्रांति, वरिष्ठ नेता अहमद अली, राज्य परिषद सदस्य केदार चौधरी, किसान नेता राधामोहन यादव, अशोक मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष बब्लू दूबे, चन्द्रिका प्रसाद, बाबूलाल चौरसिया, महिला नेत्री आरती, अली अहमद, मदन शर्मा, संजय सिंह, हरेन्द्र दूबे, साधु सिंह, चन्द्र भूषण सिंह, कृष्ण नन्दन सिंह, ध्रुव नाथ तिवारी, मोहन यादव तथा मुन्नू दूबे सहित पार्टी के अनेक नेताओं एवं कार्यकताओं ने किया।

## एक लाख क्युसेक्के आसपास डिस्चार्ज निचले इलाकों में लोगों ने ली राहत की सांस

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। गंडक बराज से एक राहत भरी खबर सामने आई है। शनिवार दोपहर 2 बजे जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार गंडक बराज के अपस्ट्रीम (व/र) पर नदी का डिस्चार्ज घटकर 1,000,10 क्यूसेक रह गया है, जो एक लाख ,10 हजार क्यूसेक के आसपास पहुंच गया है। लगातार कम हो रहे डिस्चार्ज से गंडक नदी के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कुछ दिनों से बढ़ते जलस्तर को लेकर ग्रामीणों में चिंता बनी हुई थी, लेकिन अब नदी का जलस्तर घटने से बाढ़ की आशंका फिलहाल कम होती दिख रही है। जानकारी के अनुसार, नारायणी गंडक नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले 24 घंटे के दौरान केवल हल्की बारिश हुई है, जिसके कारण नदी के जलस्तर में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। इसी का असर वाल्मीकिनगर गंडक बराज पर भी देखने को मिल रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार बराज की निगरानी कर रहे हैं। हालांकि प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि नदी के किनारे रहने वाले लोग सतर्क रहें और किसी भी स्थिति में अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि जलग्रहण क्षेत्रों में दोबारा भारी बारिश होती है तो डिस्चार्ज में फिर वृद्धि हो सकती है।

### भपसा नाला में अज्ञात शव मिलने से सनसनी, क्षत-विक्षत हालत में मिला शव

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नौरंगिया थाना क्षेत्र के बेलहवा गांव स्थित भपसा नाला में सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष आंकी जा रही है। शव की हालत अत्यंत क्षत-विक्षत और अर्धनग्न अवस्था में मिलने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने नौरंगिया थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थानाध्यक्ष राज रोशन कुमार के नेतृत्व में एसआई धर्मेंद्र कुमार एवं पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नाला से बाहर निकलवाया और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, बगहा भेज दिया गया।

## संतपुर पंचायत भवन में एसएसबी ने लगाई चौपाल, ग्राम विकास व पर्यावरण संरक्षण पर ग्रामीणों को किया जागरूक



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत संतपुर सोहरिया पंचायत के संतपुर पंचायत भवन में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा ग्रामीणों के साथ जन-जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसएसबी अधिकारी लोकेश बनिया ने की। इस दौरान ग्राम विकास, युवाओं के कौशल विकास, शिक्षा, नशा मुक्ति, मानव तस्करी की रोकथाम तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारी ने ग्रामीणों से युवाओं और युवतियों को कौशल प्रशिक्षण (स्किल डेवलपमेंट) से जोड़ने तथा प्रशिक्षण के बाद उसका लाभ उठाकर रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए अभिभावकों से अपने बच्चों पर विशेष निगरानी रखने और गलत संगति से बचाने की अपील की गई। साथ ही बच्चों को बेहतर एवं उच्च शिक्षा दिलाने के लिए भी अभिभावकों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया गया तथा ग्रामीणों के बीच पौधों का वितरण भी किया गया। एसएसबी अधिकारियों ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभावों को कम किया जा सकता है। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों की तस्करी की रोकथाम को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या प्रलोभन देकर लोगों को बहलाने-फुसलाने का प्रयास करे तो इसकी सूचना तत्काल एसएसबी या स्थानीय पुलिस को दें। इस मौके पर समवाय प्रभारी गंडक बराज निरीक्षक लोकेश बनिया,समाजसेवी शंभु काजी,राजकुमार काजी,नंद किशोर परदेसी,संतोष कुमार, शुभम मअलिक, मुहम्मद कैफ समेत बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## नेपाल में लघुवित्त पीड़ितों का 'राजधानी मार्च' काठमांडू में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल में लघुवित्त संस्थाओं और वित्तीय शोषण से पीड़ित हजारों लोगों ने रविवार को राजधानी काठमांडू में ह्यराजधानी मार्चह्न निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसान मजदूर आन्दोलन नेपाल के बैनर तले आयोजित इस मार्च में देश के विभिन्न जिलों से पहुंचे पीड़ितों ने लघुवित्त संस्थाओं पर अत्यधिक ब्याज, जबरन वसूली और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी बाल्खु क्षेत्र से मार्च करते हुए शान्तिबाटिका पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार तथा नेपाल राष्ट्र बैंक के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लघुवित्त संस्थाओं की नीतियों के कारण हजारों परिवार कर्ज के बोझ तले दब गए हैं और कई लोगों की जमीन-जायदाद तक नीलाम होने की नौबत आ गई है। मार्च में शामिल लोगों ने सरकार से पीड़ितों को राहत देने, विवादित ऋणों की निष्पक्ष जांच के लिए अधिकार सम्पन्न न्यायिक आयोग गठित करने, कर्जदारों को काली सूची से हटाने, संपत्तियों की नीलामी प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने तथा जनहितैषी मौद्रिक नीति लागू करने की मांग की। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान काठमांडू में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस की मौजूदगी में मार्च शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आंदोलनकारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो देशव्यापी आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने फंदे से लटककर दी जान, चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहवा मदनपुर पंचायत के अमहट गांव में सोमवार की सुबह एक युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान अमहट गांव निवासी प्रकाश राम (34), पिता स्व. पारस राम, के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रकाश राम रविवार देर शाम अपने ससुराल गनौली के मलकौली गांव से घर लौटे थे। बताया जाता है कि उस समय वह नशे की हालत में थे। उनकी पत्नी मायके में रह रही थी, जबकि घर पर वह अपनी विधवा मां उर्मिला देवी के साथ रहते थे। सोमवार की सुबह जब उनकी मां कमरे में पहुंचीं तो बेटे का शव फंदे से लटका देख स्तब्ध रह गईं। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नौरंगिया थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, बगहा भेज दिया। नौरंगिया थानाध्यक्ष राज रौशन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है।

## अधिनायक अनुदेशक के पद पर बुधवार को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा स्वच्छ वातावरण में कदाचार मुक्त कराई जाएगी

प्रात: किरण संवाददाता

मोतिहारी। अध्यक्ष, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में विज्ञापन संख्या-05/2026 अंतर्गत बिहार गृह रक्षा वाहिनी सेवा सम्बर्ग में अधिनायक अनुदेशक के पद पर चयन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 29.07.2026 (बुधवार) को पूर्वी चंपारण जिला के कुल 12परीक्षा केंद्र निर्धारित है। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी श्री सौरभ सुमन यादव के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग संपन्न हुई जिसमें बताया गया कि प्रचालक के पद पर चयन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा के लिए जिला में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उक्त परिक्षा में परीक्षा में 7464 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा एक सीटिंग में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00बजे अपराह्न तक चलेगी। इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षकों को सभी जरूरी निर्देश दिया गया। केंद्राधीक्षकों से कहा गया कि सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर की व्यवस्था करा लें। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि 09:00 बजे पूर्वाह्न में अपने एलॉटेड परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश 09:30 बजे पूर्वाह्न से कराया जाएगा और 10:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों का तीन लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया।पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। तीसरे चरण की फ्रीस्किन परीक्षा कक्ष में कराई जाएगी। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र और एक फोटो पहचान पत्र के साथ परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करेंगे। संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, घड़ी, इरेजर,शार्पनर एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/ गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा। परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में प्रतिनियुक्त कर्मी/पदाधिकारी/दंडाधिकारी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर 200 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-163 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी।

# श्रावणी मेला की तैयारियों का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

## मंगलवार तक सभी कार्य पूरे करने का निर्देश



प्रातः किरण संवाददाता

सीवान/सिसवन श्रावणी मेला को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय एवं पुलिस अधीक्षक पुरण कुमार झा ने सिसवन प्रखंड स्थित ऐतिहासिक बाबा महेंद्रानाथ मंदिर पहुंचकर मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए लाइटिंग, सड़क, शौचालय, पेयजल, बैरिकेडिंग तथा अतिक्रमण हटाने के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी होनी चाहिए।वहीं पुलिस अधीक्षक पुरण कुमार झा ने सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा पुलिस बल की तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए जाएं और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।डीएम और एसपी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंगलवार तक सभी तैयारियां हर हाल में पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## जलवायु समर्थ पंचायत अभियान के तहत श्रावणी मेला में प्लास्टिक मुक्त अभियान की हुई शुरूआत

भागलपुर सुल्तानगंज। सोमवार को जलवायु समर्थ पंचायत अभियान के तहत सुल्तानगंज में ह्लप्लास्टिक मुक्त हरित श्रावणी मेला2026 के लिए प्लास्टिक मुक्त गंगाघाट अभियान आयोजन की शुरूआत किया गया।सुबह 8:00 बजे से मुरारका कॉलेज, सुल्तानगंज के प्रांगण से गंगा घाट, सुल्तानगंज तक प्रभात फेरी और सफाई अभियान का आयोजन किया गया।इस अभियान में वन प्रमंडल भागलपुर, 23 बिहार बटालियन, (ठउउ) - भागलपुर के कैडेट, रीजेनेरेटिव बिहार के नेतृत्व में असर, माटी मंत्रा, अलक फाउंडेशन, हरित अंग प्रदेश अभियान, भागलपुर जन संसद, सैनिक संगठन, सुल्तानगंज सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता तख्तियाँ लेकर श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों से गंगा में प्लास्टिक, शैम्पू पाउच, अगरबत्ती पाउच, पूजा सामग्री के प्लास्टिक पैकेट, अन्य प्लास्टिक एवं कचरा नहीं फेंकने की अपील की।अभियान का उद्देश्य श्रावणी मेले को पर्यावरण अनुकूल और प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाना, गंगा की स्वच्छता बनाए रखना तथा गंगा की जैव विविधता, विशेषकर मछलियों, कछुओं एवं अन्य जलीय जीवों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों ने बताया कि यह जन जागरूकता अभियान प्रत्येक सप्ताह आयोजित किया जाएगा।अभियान के बारे में बताते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी, भागलपुर ने कहा कि ह्लगंगा और उसके तटीय क्षेत्रों की जैव विविधता का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्लास्टिक मुक्त श्रावणी मेला इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वन विभाग इस अभियान में पूर्ण सहयोग देगा।

## मुंगेर में आईडीए बिहार स्टेट की तृतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं सीडीई कार्यक्रम का सफल आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



मुंगेर। इंडियन डेंटल एसोसिएशन बिहार स्टेट की तृतीय कार्यकारिणी समिति बैठक एवं सतत दंत चिकित्सा शिक्षा (सीडीई) कार्यक्रम का सफल आयोजन आईडीए मुंगेर की मेजबानी में शगुन गार्डन, मुंगेर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईडीए मुंगेर के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार एवं सचिव डॉ. उदय शंकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय था कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीजों को बेहतर डेंचर एवं कृत्रिम दांत किस प्रकार उपलब्ध कराए जाएं। इस विषय पर विस्तृत चर्चा एवं मंथन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. संतोष आनंद (पटना डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, पटना) ने अपने व्याख्यान के माध्यम से बिहार के विभिन्न जिलों से आए दंत चिकित्सकों को आधुनिक डेंटल प्रोस्थोडॉन्टिक तकनीकों एवं उपचार पद्धतियों की जानकारी दी। इस अवसर पर आईडीए बिहार स्टेट के सचिव डॉ. कुमार मानवेंद्र, अध्यक्ष डॉ. मेजर पुलिन वर्मा, वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. बी.बी. वर्मा तथा मुंगेर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. श्रीवास्तव सहित राज्यभर से आए अनेक दंत चिकित्सक उपस्थित रहे।आईडीए मुंगेर के सचिव डॉ. उदय शंकर ने कहा कि बिहार स्तरीय डेंटल कार्यक्रम का मुंगेर में आयोजन करना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन आईडीए मुंगेर के सभी सदस्यों के सहयोग से इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे कार्यक्रमों से स्थानीय दंत चिकित्सकों का ज्ञान एवं कौशल बढ़ेगा तथा आने वाले समय में शहरवासियों को और बेहतर दंत चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

आईडीए मुंगेर के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार ने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं गुणवत्तापूर्ण बताते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों के प्रसार और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुक्त के सचिव ने आवेदकों के आवेदन पत्र की सुनवाई की

मुंगेर। आयुक्त के सचिव सुधीर कुमार के द्वारा सोमवार को जनता दरबार में आए हुए आवेदकों के आवेदन पर सुनवाई की। इसमें कुल चार आवेदन मुंगेर जिला से प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदन में भूमि विवाद एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल थे। जिन पर आयुक्त के सचिव के द्वारा गंभीरता एवं विस्तार से सुनवाई के उपरांत सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन पत्रो पर त्वरित कारवाई करते हुए, विभागीय नियमो का अनुपालन सहित, निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन देने को कहा गया।

### साइकिल से घर लौट रहे युवक से मोबाइल झपटा, तीन बदमाशों पर प्राथमिकी

सीवान/ दारौंदा थाना क्षेत्र में साइकिल से घर लौट रहे एक युवक से बाइक सवार तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के रामसापुर गांव निवासी रविशंकर कुमार यादव ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 25 जुलाई की रात करीब आठ बजे वह अपनी कमल फार्मा दुकान बंद कर साइकिल से घर लौट रहे थे। जीन बाबा से करीब 100 गज आगे मोहानी के पास उनके मोबाइल पर कॉल आया। वह मोबाइल पर बात करते हुए आगे बढ़ रहे थे, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन बदमाश पहुंचे और झपट्टा मारकर उनका मोबाइल फोन छीन लिया।घटना के बाद पीड़ित ने बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वे तेज गति से फरार हो गए। रविशंकर ने बताया कि भागते समय वह बदमाशों की बाइक का नंबर इफ23इउ-3970 देख सके। छीने गए मोबाइल में एयरटेल और वोडाफोन के दो सिम कार्ड लगे थे।दारौंदा थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर दारौंदा थाना कांड संख्या 310/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 304 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आरोपितों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा

## डीबी गांव के बगीचे से 250 लीटर विदेशी शराब बरामदगी मामले में चार नामजद

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान/दरौंदा/थाना क्षेत्र के डीबी गांव स्थित महेश तिवारी के जंगलनुमा बगीचे से करीब 250 लीटर विदेशी शराब बरामदगी मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

यह कार्रवाई अपर थानाध्यक्ष मोहन कुमार निराला के लिखित बयान पर की गई है।पुलिस ने सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के चांचौरा निवासी रोहित यादव तथा दरौंदा थाना क्षेत्र के नंदा टोला निवासी प्रमोद चौधरी, राजू चौधरी और पिंटू चौधरी को नामजद अभियुक्त बनाया है। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी के दौरान सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। भागने की जल्दबाजी में वे घटनास्थल पर एक मोबाइल फोन और भारी मात्रा में विदेशी शराब छोड़ गए।पुलिस ने बताया कि बरामद शराब में तीन बोरों में रखी बंटी बबली ब्रांड की 762 पीस (करीब 152 लीटर), ऑफिसर्स चॉइस की 138 टेट्रा पैक (करीब 25 लीटर), किंगफिशर ब्रांड की करीब 33 लीटर, रॉयल स्टैग की करीब 47 लीटर तथा रॉयल स्टैग सुपीरियर की करीब 47 लीटर विदेशी शराब शामिल है। कुल मिलाकर लगभग 250 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई।दरौंदा पुलिस ने बताया कि नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले की जांच जारी है तथा शराब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

## सुल्तानगंज की बेटी नीट परीक्षा पास कर बनीं एमबीबीएस डॉक्टर

**गांव व शहर में खुशी की लहर**

भागलपुर सुल्तानगंज तीसरे प्रयास में नीट क्वालीफाई कर सुल्तानगंज की बेटी बनी डॉक्टर /बताते चले कि सुल्तानगंज के दिलगौरी मुरारका कॉलेज रोड निवासी इंजीनियर रफी आलम उर्फ चुन्नू की सबसे छोटी पुत्री सारमिण प्रवीण ने तीसरे प्रयास में नीट क्वालीफाई कर सुल्तानगंज का मान बढ़ाया है। सारमिण प्रवीण ने ऑल इंडिया रैंक में 25 हजार वां रैंक हासिल कर पुरे परिवार सहित सुल्तानगंज वासियों को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि इनके बड़े भाई डॉ मोहम्मद समी और बड़ी बहन डॉ फरहा प्रवीण जीजा भी चिकित्सक है। माता-पिता के देखरेख में सारमीण प्रवीण ने अपने बड़े भाई और बहन के मार्ग दर्शन पर कड़ी मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया है।सारमिण ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा सुल्तानगंज के पारामाउंट स्कूल से की जिसके बाद बिहार बोर्ड से दसवीं और बारहवीं की परीक्षा पास कर राजस्थान के कोटा शहर में रहकर पढ़ाई करते हुए तीसरे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल किया

## सरस्वती विद्या निकेतन में 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का 2 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




● जिले के 155 विद्यालयों के शिक्षक हुए शामिल, बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना उद्देश्य

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला शिक्षा पदाधिकारी के पत्रांक 1293 दिनांक 24-7-26 के आलोक में सोमवार को सरस्वती विद्या निकेतन नौवागढ़ी +2 उच्च विद्यालय में 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत जिला स्तरीय 2 दिवसीय शिक्षक निर्देशन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**155 विद्यालयों के शिक्षकों ने लिया भाग**

कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपीईपी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. प्रमोद कुमार सिन्हा अवकाश प्राप्त, आरडी कॉलेज बेगूसराय उपस्थित रहे। वहीं डॉ. विजय भारद्वाज, लीना तिवारी और रचना हलवाई विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. कृष्ण कुमार, जिला समन्वयक सह प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण में मुंगेर जिले के 155 विद्यालयों के शिक्षक सहभागी बने हैं।

**निरंतरता के लिए विज्ञान एवं नवाचार है मुख्य विषय :**

प्रशिक्षण का उद्देश्य 14 वर्ष तक के बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि और वैज्ञानिक सोच विकसित कर उन्हें विज्ञान प्रदर्शनी के लिए तैयार करना है।

इस वर्ष का मुख्य विषय निरंतरता के लिए विज्ञान एवं नवाचार रखा गया है। इसके अंतर्गत 5 उपविषयों पर शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया जाएगाः 1आहार, प्रबंधन एवं स्वास्थ्यः कचरा प्रबंधन पुनःउपयोग, पुनर्चक्रण एवं पुनःआहारण 2.जैव विविधता - अनुप्रयोग, उपयोग, संरक्षण एवं सतत विकास 3 जल - अपशिष्ट जल प्रबंधन, जल संरक्षण एवं उपयोग 4.मौसम, जलवायु एवं ऊर्जा 5 डिजिटल क्रांति एवं भारतीय ज्ञान प्रणालीआयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों को इन विषयों पर परियोजना तैयार कराएंगे।

## पहलः प्रगतिशील पत्रकार संघ ने विद्यालय में नियमित उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रम। नियमित रूप से स्कूल आने वाले विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए प्रगतिशील पत्रकार संघ ने सोमवार को स्थानीय पार्वती उच्च विद्यालय परिसर में समारोह आयोजित कर विद्यालय में रोजाना उपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था. समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं पटना जिला प्रभारी ज्ञान शंकर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है. उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आते हैं, वे न केवल पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करते हैं बल्कि जीवन में भी सफलता प्राप्त करते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, समयपालन और निरंतर अध्ययन को अपनी आदत बनाने का आह्वान किया. पत्रकार शैलेश कुमार ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हैं और अन्य बच्चों को भी नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करते हैं. उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की. विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी अतिथियों एवं पत्रकार संघ का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अमित्रजीत उर्फ बाउल जी व धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार अजय कुमार ने किया.

मौके पर नियमित उपस्थिति एवं अनुशासित शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अदिति कुमारी, शोभा कुमारी, काजल कुमारी, नंदनी कुमारी, कशिश परवीन, लोकेश कुमार, चन्द्रवेव भगत, संजीत शर्मा, रमेश राम तथा मो. अनवर को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर उत्साहवर्धन किया गया.

समारोह में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. वहीं स्थानीय लोगों ने पत्रकारों के इस सामुहिक पहल को शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक पहल बताया.

## छात्र नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में माले का मार्च, फर्जी मुकदमे वापस लेने की मांग



सीवान/दारौंदा भाकपा (माले) के कार्यकताओं ने रविवार को छात्र नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में दारौंदा के जिलेबिया गली से रेलवे स्टेशन तक विरोध मार्च निकाला। मार्च के दौरान नेताओं ने छात्र संगठनों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने और गिरफ्तार कार्यकताओं की रिहाई की मांग की।

मार्च को संबोधित करते हुए भाकपा (माले) के जिला कमेटी सदस्य रामायण यादव ने कहा कि 25 जुलाई को आइसा और इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के आह्वान पर बिहार बंद के दौरान सिवान में शांतिपूर्ण आंदोलन किया गया था। उनका दावा था कि आइसा और आरवाईए ने दोपहर 12:45 बजे कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा कर दी थी। इसके बाद छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई, जिसमें ईंट-पत्थर चलने और गोलीबारी की घटना हुई।

रामायण यादव ने आरोप लगाया कि घटना से आइसा, आरवाईए और माले नेताओं का कोई संबंध नहीं होने के बावजूद जिला प्रशासन ने जीरादेई में अमरजीत कुशवाह के घर जाकर तोड़फोड़ की तथा उनके सहयोगी अरुण राम, विश्वकर्मा कुशवाहा, प्रखंड कमेटी सदस्य पवन कुशवाहा और विशाल यादव को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाकपा (माले) के राज्य कमेटी सदस्य जयशंकर पंडित, विकास यादव, सोहिल गुप्ता, अमित साह, जीरादेई के पूर्व विधायक अमरजीत कुशवाह समेत कई नेताओं और युवाओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

उन्होंने मांग की कि सभी नेताओं और कार्यकताओं पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 30 जुलाई को आइसा और आरवाईए के नेतृत्व में सिवान में आंदोलन किया जाएगा।

मार्च में अरविंद प्रसाद, विनोद शर्मा, हामिद अंसारी, कैलाश राम, राजेंद्र यादव, चंदेश्वर महतो, इजरायल हक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।


बिहार सरकार

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग




पशुपालकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

पशुओं की बेहतर सेहत—पशुपालकों की खुशहाली

बिहार के समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, पटना की आधुनिक प्रयोगशालाओं में आपके पशुओं के स्वास्थ्य की जाँच हेतु निम्नलिखित सुविधाएँ नियमित रूप से नि :शुल्क उपलब्ध हैं–



उपलब्ध नि :शुल्क जाँच सुविधाएँ :

| जाँच का प्रकार | प्रमुख परीक्षण |
|---|---|
| खून की जाँच | ब्लड प्रोटोजोआ, T.C., D.C., ESR, हीमोग्लोबिन |
| संक्रामक रोग | जोन्स डिजीज, T.B., ब्रुसेलोसिस, ग्लैंडर्स टेस्ट |
| दूध एवं मूत्र | मिल्क कल्चर सेंसिटिविटी, यूरिन रूटीन एवं यूरिन कल्चर |
| पोल्ट्री (मुर्गी पालन) | P.M., पैरासिटोलॉजिकल, पैथोलॉजिकल बैक्टीरियोलॉजिकल एवं जल जाँच |
| अन्य महत्वपूर्ण जाँच | गोबर (Fecal) जाँच, स्किन स्क्रेपिंग, लिम्फ नोड बायोप्सी<br>पशु आहार टेस्ट (सशुल्क) |

अपने बीमार पशुओं के सटीक उपचार और बेहतर उत्पादन के लिए आज ही संस्थान की सेवाओं का लाभ उठाएं। निःशुल्क जाँच हेतु सैंपल के साथ पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना से संपर्क करें।




स्थानः पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के समीप, पटना।

PR No.- 008819 (Animal)D. 2026-27

पशुपालन निदेशालय

डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

@BiharDFARD



बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०—25 वर्ष 2026—27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।
2. परिमाण—विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक—03.08.2026 को 12.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति कि तिथि एवं समय : दिनांक—05.08.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक—05.08.2026 का 3.30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, भ0नि0वि0, पटना। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित भवन अवर प्रमंडल का कार्यालय, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) पर वर्णित स्थान पर।
7. कार्य का विवरणी

| क्रम स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (ओ0ग्रास) | कार्य समप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Repair and Painting work of J.P Golumbar (Incometax Golumber) Patna on the occarion of 15th August-2026 for the year 2026-27. | 1,00,000.00 | 2000.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 2 | E/R to statue of Dr B.R Ambedkar sahab on the eve of occasion of 15th Aug.2026 Independence day west Patna High court gate Bailey Road Patna, for the year 2026-27. | 1,00,000.00 | 2000.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 3 | E/R to National Flag Hosting (Construction Division, Rajya Alpsankhyak Aayog, Electric Division, Mahila Aayog, Residence no.-04 etc) under south Bailey Road Section, Patna on the eve of Independence day (15th Aug.2026) for the year 2026-27. | 2,50,000.00 | 5000.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 4 | E/R to Flag Hosting in the Campus of Patliputra Division office at Rajbanshi Nagar, Patna on the eve of Independence day (15th Aug.2026) Patna for the year 2026-27. | 1,75,000.00 | 3500.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 5 | S/R to flag Hosting on the eve of 15th Aug. 2026 at 40 set (IBC) officer's flat at Punaichak, Patna for the year 2026 -27. | 1,50,000.00 | 3000.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 6 | A/R to Res. No.-5 (Special Vigliance office) on the eve of the flag hosting 15th Aug. 2026 at D.P. Rai P ath Patna for the year 2026-27. | 1,00,000.00 | 2000.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 7 | E/R to Flag Hosting at New Advocate General Office in the East Side Hon'ble High Court Patna on eve of Independence day (15th Aug. 2026) Patna for the year 2026-27. | 1,50,000.00 | 3000.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 8 | E/R to National flag Hosting in different Residence MLA, MLC and officer's Residence under Patliputra division, Patna on the eve of Independence day (15th Aug. 2026) at Patna for the year 2026-27. | 3,50,000.00 | 7000.00 | 750.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 9 | E/R to flag Hosting in compus of South Bihar Circle at Punaichak Patna on the eve of Independence day (15th Aug. 2026) at Patna for the year 2026-27. | 1,00,000.00 | 2000.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 10 | S/R to flag Hosting on the eve of Independence day (15th Aug. 2026) in the campus of 40 set officer's flat at Nehru Path, Patna for the year 2026-27. | 1,00,000.00 | 2000.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |
| 11 | E/R to Painting, flag Podium in Police Barrack on the Eve of Independence day dated 15 Aug. 2026 at Nehru Path, Patna for the year 2026-27. | 75,000.00 | 1500.00 | 500.00 | Up to 14 Aug.2026 |

कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

PR. No. 008685 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

# बांकीपुर उपचुनाव : भव्य रोड शो में नितिन नवीन और सीएम सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए का शक्ति प्रदर्शन

## भट्टाचार्य रोड से मोना सिनेमा तक गूंजा भाजपा का विजय संकल्प, नितीन नवीन के रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के अंतिम दौर के प्रचार में भाजपा एवं एनडीए ने अपनी पूरी ताकत का प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक एवं भव्य रोड शो का आयोजन किया। इस विशाल रोड शो का नेतृत्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीन नवीन ने किया। उनके साथ बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, मंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रवि शंकर प्रसाद, मंत्री श्रवण कुमार, संतोष कुमार सुमन, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी तथा एनडीए के अनेक वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि एक विशेष रूप से सुसज्जित रथ पर सवार होकर जनता का अभिवादन करते रहे। भाजपा-एनडीए के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा भी पूरे रोड शो के दौरान नेताओं के साथ मौजूद रहे।

भट्टाचार्य मोड़ से प्रारंभ हुआ यह भव्य रोड शो धीरे-धीरे जनसैलाब में तब्दील हो गया। पूरा मार्ग भाजपा के झंडों, बैनरों और स्वागत द्वारों से सजा हुआ था। सड़क के दोनों ओर हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने फूलों की वर्षा कर नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और व्यापारियों ने पुष्पमालाएं, गुलदस्ते और जयघोष के साथ नेताओं का अभिनंदन किया। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नितीन नवीन लगातार हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते रहे। उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। रथ जिस-जिस मार्ग से गुजरा, वहां लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। घरों की बालकनियों, छतों और झरोखों से लोगों ने पुष्पवर्षा कर नेताओं का स्वागत किया। अनेक स्थानों पर महिलाओं ने अपने घरों की छतों से आरती उतारकर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नितीन नवीन और एनडीए नेताओं का अभिनंदन किया।

पूरा वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय श्रीराम तथा भाजपा के समर्थन में गूंजते नारों से उत्साहपूर्ण बना रहा। रोड शो का निर्धारित मार्ग भट्टाचार्य मोड़ से प्रारंभ होकर उमा सिनेमा, बुद्ध मूर्ति चौराहा, कदमकुआं वेडिंग जोन, नाला रोड चौराहा, ठाकुरबाड़ी रोड, रूपक सिनेमा, उद्योग भवन होते हुए मोना सिनेमा के समीप पहुंचा, जहां यह एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गया। पूरे मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, स्थानीय नागरिकों तथा भाजपा एवं एनडीए कार्यकर्ताओं ने दर्जनों स्वागत मंच बनाकर नेताओं का अभिनंदन किया। बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड से बड़ी संख्या में भाजपा एवं एनडीए कार्यकर्ता अपने-अपने झंडों और बैनरों के साथ रोड शो में शामिल हुए। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

महिलाएं भी बड़ी संख्या में सड़क किनारे खड़ी होकर नेताओं का स्वागत करती रहीं। कई स्थानों पर पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के बीच नेताओं का अभिनंदन किया गया। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनता का यह अपार जनसमर्थन मतदान के दिन रिकॉर्ड मतों में परिवर्तित होगा और भाजपा-एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेंगे। पार्टी ने इसे केवल एक चुनावी रोड शो नहीं, बल्कि बांकीपुर की जनता द्वारा विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने विश्वास का विराट जनप्रदर्शन बताया।

## बांकीपुर उपचुनाव में राजद ने झोंकी पूरी ताकत
## रेखा गुप्ता के समर्थन में तेजस्वी का रोड शो

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार अंतिम चरण में पहुंच गया है। 30 जुलाई को होने वाले मतदान से पहले सोमवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में भव्य रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से महागठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। तेजस्वी यादव का रोड शो मीठापुर स्थित चुनाव कार्यालय से शुरू हुआ। इसके बाद उनका काफिला चांदपुर बेला, सिपारा, पोस्टल पार्क, चिरैयाटांड़, गोरियाटोली, पीरमुहानी और लोहानीपुर समेत कई इलाकों से होकर गुजरा। रास्ते में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। तेजस्वी ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और रेखा गुप्ता के लिए समर्थन मांगा। रोड शो आगे बढ़ते हुए साहित्य सम्मेलन, दरियापुर, खेतान मार्केट और बिरला मंदिर के आसपास के क्षेत्रों से भी गुजरा। इस दौरान आरजेडी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पार्टी नेताओं और समर्थकों ने चुनाव प्रचार को धार देने के लिए व्यापक जनसंपर्क किया। शाम को सब्जीबाग चौराहे पर पहुंचकर रोड शो का समापन हुआ। वार्ड नंबर 16 के पुरंदरपुर वार्ड नंबर 17 के चांदपुर बेला एवं जयप्रकाश नगर पहुंचने पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार के अलावा बृजेश निषाद प्रदीप गुप्ता अभिषेक पासवान विकास पासवान ने माला देकर स्वागत किया। वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा की बांकीपुर की जनता बदलाव के मूड में है और देश एवं बिहार की जनता भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार से मोह भंग हो गई है। जिस प्रकार दिल्ली से लेकर पटना में युवाओं पर दमन हुआ है, उसका परिणाम बाकि पुर की जनता भारतीय जनता पार्टी को देगी। आप लोग रेखा गुप्ता को जिताइए और रेखा गुप्ता एक बेहतर बांकीपुर का निर्माण के तहत अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था होगी

## छात्रों पर गोली चलाना लोकतंत्र पर हमला, घायलों से मिलने मेदांता अस्पताल पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

पटना।हाल ही में हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान सिवान में पुलिस फायरिंग में घायल छात्रों का हाल-चाल जानने के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम आज मेदांता अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायल छात्रों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को उठा रहे छात्रों पर गोली चलाना लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के लिए बल प्रयोग किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए उचित नहीं ठहराया जा सकता।

राजेश राम ने घायलों और उनके परिजनों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी इस कठिन समय में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ हुई इस घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

उन्होंने राज्य सरकार से सभी घायल छात्रों के समुचित एवं निःशुल्क इलाज की व्यवस्था करने, उनके परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने तथा छात्र आंदोलन के दौरान दर्ज सभी मुकदमों को वापस लेने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में छात्रों की आवाज को सुनना सरकार का दायित्व है, न कि दमन और हिंसा के माध्यम से उसे दबाना। कांग्रेस पार्टी छात्रों के अधिकारों, लोकतांत्रिक मूल्यों और न्याय की लड़ाई को हर स्तर पर मजबूती से उठाती रहेगी।

## एनडीए की जीत, बांकीपुर की जनता की जीत : सम्राट

- **बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा के पक्ष में मतदान की अपील**

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में आज पटना के विभिन्न क्षेत्रों में एक विशाल एवं रोड शो का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने बांकीपुर उपचुनाव के लिये भाजपा प्रत्याशी श्री नीरज सिन्हा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर सहित भाजपा एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। रोड शो भट्टाचार्य रोड, पीरमुहानी, कदमकुआँ, नाला रोड सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आगे बढ़ा। पूरे मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर रोड शो का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा के पक्ष में लगाए जा रहे नारों और उत्साहपूर्ण जनसहभागिता से पूरा क्षेत्र चुनावी रंग में सराबोर दिखाई दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन और जनसेवा की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है। यह जनता का सैलाब है। जनता का एक-एक वोट 30 तारीख को भाजपा के प्रत्याशी श्री नीरज सिन्हा को मिलेगा। बिहार की जनता और बांकीपुर की जनता लगातार भाजपा और एनडीए के साथ खड़ी है। एनडीए की जीत, बांकीपुर की जनता की जीत होगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक विधानसभा क्षेत्र का चुनाव नहीं, बल्कि विकास, सुशासन और जनविश्वास को आगे बढ़ाने का संकल्प है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा बिहार सरकार के विकास कार्यों पर भरोसा जताते हुए भाजपा प्रत्याशी श्री नीरज सिन्हा को अपना आशीर्वाद देगी। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से 30 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर भाजपा प्रत्याशी श्री नीरज सिन्हा को विजयी बनाने की अपील की। इस प्रतिवाद के माध्यम से छात्र, युवा, शिक्षक और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी नागरिक सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

## बिहार के 266 एपीएचसी अब बनेंगे लेवल-1 डिलीवरी पॉइंट, शुरू हुआ गैप असेसमेंट

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटनाः बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। इस व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य के चयनित 266 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को लेवल-1 (डिलीवरी पॉइंट) के रूप में पूरी तरह विकसित किया जाना है ताकि प्रसव सेवाओं का दायरा बढ़ाया जा सके। योजना के सफल कार्यान्वयन और प्रभावी योजना के लिए अभी सभी चयनित एपीएचसी का गैप असेसमेंट किया जा रहा है, जिससे वहां मौजूद बुनियादी संसाधनों और कमियों का सटीक आंकलन किया जा सके। मालूम हो कि राज्य में संस्थागत प्रसव के लिए पहले से 1016 डिलीवरी प्वाइंट बने हैं। इनमें से 434 डिलीवरी प्वाइंट्स एल–1 के पहले से मौजूद हैं।

इस पूरी पहल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एम्स पटना में एडिशनल प्रोफेसर डॉ इंदिरा प्रसाद कहती हैं कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को तेजी से कम करने के लिए एपीएचसी को लेवल-1 डिलीवरी पॉइंट के रूप में विकसित करना एक बेहद सराहनीय और क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने आगे बताया कि अक्सर ग्रामीण इलाकों के लोगों को सामान्य प्रसव के लिए भी शहरी क्षेत्रों या सदर अस्पतालों तक लंबी दौड़ लगानी पड़ती है, लेकिन जब इन 266 केंद्रों पर एमबीबीएस डॉक्टर, एसबीए ट्रेन्ड एएनएम और पैथोलॉजिकल जांच जैसी तमाम सुविधाएं धरातल पर उतरेंगी, तो ग्रामीण महिलाओं को समय पर और सही उपचार मिल सकेगा।266 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (ए.पी.एच.सी.) के सुदृढ़ीकरण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को सुरक्षित प्रसव, प्रसवपूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उनके अपने नजदीकी क्षेत्र में ही उपलब्ध करवाना है। राज्य स्वास्थ्य समिति के निदेर्शानुसार, प्रत्येक चयनित ए.पी.एच.सी. के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सिविल सर्जन स्तर से हस्ताक्षरित भौतिक सत्यापन कराया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके अंतर्गत प्रसव कक्ष के लिए उपलब्ध स्थान, एमबीबीएस और आयुष चिकित्सा अधिकारियों की कुल उपलब्धता, प्रसवपूर्व एवं प्रसवोत्तर वार्ड के लिए उपलब्ध स्थान, एएनएम की कुल संख्या के साथ-साथ एसबीए (दक्ष जन्म परिचारक) आदि हैं।

## संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प
## प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने भाग लिया और संगठन को गांव, पंचायत तथा बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता और प्रखंड अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य संगठनात्मक दक्षता बढ़ाना, कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा से और अधिक सशक्त बनाना तथा जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं। उनकी सक्रियता और समर्पण से ही कांग्रेस गांव-गांव और हर बूथ तक अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को नई ऊर्जा देने, कार्यकताओं के कौशल को विकसित करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों से आह्वान किया कि वे आम जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करें तथा कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन पूर्व डीजीपी एवं कांग्रेस नेता करुणा सागर ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायक मनोज विश्वास, ब्रजेश प्रसाद मुनन , पंकज यादव , असित नाथ तिवारी, प्रेमचंद सिंह एवं प्रखंड अध्यक्ष मौजूद थे।

## बांकीपुर में तेजस्वी यादव के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, बदलाव का दिया स्पष्ट संदेश : ई राघवेंद्र

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना :- राजद के प्रदेश स्तरीय नेता बिक्रम विधानसभा के सेलगढ़ निवासी समाजसेवी ई राघवेंद्र ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा आज बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी रेखा गुप्ता के पक्ष में निकाले गए विशाल जनसंपर्क सह रोड शो को जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिला। पूरे मार्ग में हजारों की संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महागठबंधन के प्रति अपना विश्वास और समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रोड शो के दौरान पूरे मार्ग में लोगों ने फूल-मालाओं एवं पुष्पवर्षा के साथ तेजस्वी प्रसाद यादव का भव्य स्वागत किया।युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों एवं आम नागरिकों का उत्साह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बांकीपुर की जनता बदलाव चाहती है और महागठबंधन की नीतियों तथा तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व पर अपना विश्वास जता रही है। राजद नेता ने कहा कि जिस प्रकार का अभूतपूर्व जनसमर्थन आज रोड शो में देखने को मिला, वह मतदान के दिन ऐतिहासिक जनादेश में परिवर्तित होगा और बांकीपुर की जनता महागठबंधन प्रत्याशी रेखा गुप्ता को भारी मतों से विजयी बनाकर जनविरोधी राजनीति को करारा जवाब देगी।

## बिहार में छात्र आंदोलन पर कार्रवाई तेज, सीपीआई (एमएल) का सरकार पर आरोप

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार बिहार में छात्र-युवा आंदोलन के खिलाफकार्रवाई तेज कर रही है। पार्टी का कहना है कि 22 और 25 जुलाई को हुए विरोध प्रदर्शनों में शामिल छात्रों और कार्यकताओं की राज्यभर में गिरफ्तारी की जा रही है और पुलिस बड़े पैमाने पर धरपकड़ अभियान चला रही है। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सरकार जंतर-मंतर समझौते का उल्लंघन कर आंदोलन से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। सीपीआई(एमएल) लिबरेशन के मुताबिक ताजा कार्रवाई में सिवान में रिवोल्यूशनरी यूथ एसोसिएशन (आरवाईए) के चार नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नेताओं में संगठन के सिवान जिला उपाध्यक्ष विशाल यादव के अलावा अरुण कुमार, विश्वकर्मा कुशवाहा और पवन कुशवाहा शामिल हैं। पार्टी ने यह भी दावा किया कि कई छात्र नेता और राजनीतिक कार्यकर्ता अब भी जेल में हैं। इनमें सीपीआई(एमएल) के विधायक संदीप सौरव, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष धनंजय, पार्टी नेता दिव्यम, एआईएसए के बिहार सचिव दीपांकर मिश्रा और एआईएसए की पटना विश्वविद्यालय इकाई की अध्यक्ष सबा आफरीन सहित कई अन्य छात्र कार्यकर्ता और विपक्षी नेता शामिल हैं। सीपीआई (एमएल) लिबरेशन ने बताया कि एआईएसए की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा बिहार पहुंच गई हैं। पार्टी के अनुसार, वह गिरफ्तार किए गए छात्रों और अन्य प्रदर्शनकारियों से मुलाकात करेंगी। इसके साथ ही उनके खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी लेंगी और राज्य सरकार से युवाओं के खिलाफ कथित दमनात्मक कार्रवाई रोकने की मांग करेंगी। पार्टी ने कहा कि जब तक गिरफ्तार किए गए सभी नेताओं, कार्यकताओं और छात्रों को रिहा नहीं किया जाता और उनके खिलाफ दर्ज सभी मामले वापस नहीं लिए जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही इसे पूरे बिहार में और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।




मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496